हिंदी दैनिक

# कोयलांचल संवाद

YouTube Subscribe Koylanchal sambad news

रांची, मंगलवार, 24 सितंबर, 2024 | वर्ष : 12 अंक : 132 | www.koylanchalsamvad.com | रांची व धनबाद से एक साथ प्रकाशित



## पेट्रोल पंप के नाम पर 34 लाख की ठगी...2 गिरफ्तार

नवादा. नवादा के पकरीबरावां थाना प्रभारी अजय कुमार ने पेट्रोल पंप के नाम पर 34 लाख रुपया की ठगी करने वाले दो आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान किशु कुमार और सिंटू कुमार के रूप में की गई है। दोनों युवक ने उत्तर प्रदेश के एक बिजनेसमैन से पेट्रोल पंप खुलवाने के नाम पर 34 लाख रुपए की ऑनलाइन ठगी की थी। ठगी के बाद दोनों युवक के खिलाफ साइबर क्राइम का मामला उत्तर प्रदेश पुलिस ने दर्ज किया था। घटना के बाद उत्तर प्रदेश पुलिस ने नवादा के एसपी अभिनव धीमन से संपर्क किया। मामले को जानकारी दी और दोनों आरोपित की पहचान बताई। इसके बाद एसपी के आदेश पर थाना प्रभारी अजय कुमार ने उत्तर प्रदेश पुलिस के साथ मिलकर थालपोश गांव में छापेमारी कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार दोनों आरोपित को न्यायालय के आदेश पर उत्तर प्रदेश की पुलिस अपने साथ लेकर चली गई।

## विश्वविद्यालय में लगभग 12 सालों बाद होगा सीनेट का चुनावः25 सितंबर को मतगणना होगी, गया और दरभंगा में 100% मतदान हुआ

मुजफ्फरपुर. बिहार विश्वविद्यालय में सीनेट का चुनाव सोमवार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। लगभग 12 सालों के बाद हो रहे सीनेट के चुनाव को लेकर मतदाताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा था। लोगों ने बढ़ चढ़कर इसमें मतदान किया। सीनेट के चुनाव को लेकर 14 जिलों में मतदान केंद्र बनाए गए थे। श्याम नंदन सहाय कॉलेज और राम श्रेष्ठ सिंह शिक्षा कॉलेज का मतदान केंद्र लंगट सिंह कॉलेज परिसर में बनाया गया था। सभी जगह वोटरों में इस चुनाव को लेकर जबरदस्त उत्साह दिखा। लोगों ने इसमें सत प्रतिशत मतदान किया। उन्होंने कहा कि कैंडिडेट में यह दिख रहा है कि हमलोगों का प्रमोशन समय पर करें। समय पर सैलरी मिल जाए। हमारे हक में काम करें। ऐसे कैंडिडेट को हमलोग चुन रहे हैं। महिलाएं वोटर को भी शामिल किया गया है। दोपहर ढाई बजे तक सभी जिलों में शांतिपूर्ण माहौल में चुनाव संपन्न करा लिया गया। रजिस्ट्रार अपराजिता कुमारी ने बताया कि सभी जगहों पर लगभग 58% मतदान हुआ है। वहीं गया और दरभंगा में 100% मतदान हुआ है। कहीं से भी कोई भी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। ज्ञात हो की बिहार विश्वविद्यालय में लगभग 12 सालों के बाद सीनेट का चुनाव कराया जा रहा है। जिसमें तीन ग्रुप ए, बी और सी में चुनाव कराया गया है। 25 सितंबर को सीनेट चुनाव की मतगणना होनी है। फर्स्ट टाइम वाटर अंजू सिंह ने बताया कि पहली बार सीनेट में वोट देने का मौका मिला है काफी खुश हूं। हमलोग ऐसे कैंडिडेट को चुन रहे हैं, जो हमारे कामों में सहयोग करें।

## पति के बाहर जाने से नाराज पत्नी ने की आत्महत्या

बेतिया. बेतिया में पति के बाहर कमाने जाने से नाराज पत्नी ने जहर खाकर जान दे दी। इलाज के दौरान सोमवार को गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उसकी मौत हो गई है। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को जीएमसीएच में पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों के हवाले किया। मामले की छानबीन में जुटी हुई है। मृतक की पहचान नवलपुर थाना क्षेत्र के रमना निवासी संतोष कुमार के 22 वर्षीय पत्नी ललिता देवी के रूप में हुई है। वहीं जीएमसीएच में पोस्टमार्टम कराने आए महिला ससुर ललन यादव ने बताया कि उनका पुत्र संतोष 19 सितंबर को अंबाला कमाने जा रहा था। हालांकि उसकी पत्नी ने उसे रोका। लेकिन आर्थिक स्थिति का हवाला देकर वह कमाने चला गया। शाम में बहु को बच्चे को दूध पिलाने को कहा,तो वह नाराज होकर बोली कि वह दूध नहीं पिलायेगी। उसे आपका बेटा दूध पिलाए। उसके बाद गन्ना के खेत में छिड़काव करने वाली कीटनाशक दवा पी ली। जिसके बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी। परिजनों ने आनन फानन में उसे इलाज के लिए बेतिया के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। हालांकि बाद में उसे जीएमसीएच में परिजन ले गए। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। ससुर ने बताया कि उनका बेटा घर वापस आ रहा है। गोरखपुर पहुंच गया है। मृतका को दो पुत्री व एक पुत्र भी है। वह पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में परिजनों के आवेदन पर एफआईआर दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## गांव से 3 किलोमीटर दूर मिला वृद्ध महिला का शव

कैमूर. कैमूर के भगवानपुर थाना क्षेत्र के मडियारी गांव से 3 किलोमीटर दूर एक वृद्ध महिला का शव बरामद किया गया है। शव मिलने की खबर सुनकर कुछ लोग वहां पहुंचे। महिला की पहचान भगवानपुर थाना क्षेत्र के मोहनपुर गांव के वशिष्ठ पासवान की 55 साल की पत्नी बुटना देवी के रूप में की गई है। शव को नहर से बाहर निकालते हुए इसकी जानकारी भगवानपुर पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार करते हुए पोस्टमॉर्टम कराने के लिए सदर अस्पताल भभुआ भेज दिया। महिला पिछले तीन दिनों से लापता थी। जानकारी देते हुए मृतका के पति वशिष्ठ पासवान ने बताया कि उनकी पत्नी खेत की ओर गई थी। इसके बाद वह लापता हो गई थी। हम लोगों ने काफी खोजबीन किया लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चला।

## जदयू के राष्ट्रीय महासचिव बने लालू के खास श्याम रजकःपार्टी जॉइन करने के 22वें दिन मिली जिम्मेदारी

पटना. 22 दिन पहले ही राजद छोड़कर जदयू में शामिल हुए श्याम रजक को पार्टी में बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार के निर्देश पर श्याम रजक को राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया है। इनके अलावा विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अरुण कुमार को झारखंड का सह प्रभारी नियुक्त किया गया है। साथ ही पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा की तरफ से मनीष कुमार को मीडिया सेल का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। श्याम रजक महादलित हैं। कभी इनकी गिनती लालू प्रसाद यादव के करीबियों में होती थी। राज्य में दलितों की कुल आबादी लगभग 19 प्रतिशत है। ऐसे में नीतीश कुमार ने श्याम रजक पर दांव लगाकर एक साथ दो निशाने साधने की कोशिश की है।

## रात 3 बजे लड़की के घर में पकड़ा गया लड़का

औरंगाबाद. औरंगाबाद में शनिवार रात प्रेमी-प्रेमिका को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। दोनों को खंभे से तब तक बांधकर रखा जब तक पुलिस नहीं आई। पुलिस के आने के बाद आपसी सहमति से रविवार को मंदिर में दोनों की शादी करा दी गई। बताया जा रहा कि दोनों का डेढ़ साल से अफेयर चल रहा। दोनों एक ही कोचिंग में पढ़ते हैं, साथ में कॉम्पिटिशन की तैयारी करते हैं। लड़का अपने खर्चे के लिए बच्चों को पढ़ाता भी है। दोनों के घर की दूरी 500 मीटर है। लड़का, लड़की के घर में रात साढ़े दस बजे आया था और रात करीब 3 बजे पकड़ा गया। मामला नवीनगर प्रखंड का है। शादी के बाद प्रेमिका अपने ससुराल चली गई। प्रेमिका ने बड़ेम थाने में लिखित आवेदन दिया है। जिसमें उसने कुछ ग्रामीणों को आरोपी बनाया है। आवेदन में बताया है कि 'हम दोनों की आपसी सहमति से शादी हुई है। मुझे और मेरे पति को बिजली पोल से बांधा गया।' बड़ेम थाना अध्यक्ष सिमरन कुमारी ने बताया कि आवेदन मिला है। पुलिस कार्रवाई कर रही है।

## उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा एक दिवसीय दौरे पर लखीसराय पहुंचेःबाढ़ को लेकर की बड़ी बैठक

लखीसराय. डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा एक दिवसीय दौरे पर लखीसराय पहुंचे। उन्होंने समाहरणालय स्थित मंत्रणा कक्ष में बाढ़ को लेकर बड़ी बैठक की। बैठक में डीएम मिथिलेश मिश्र, प्रभारी एसपी बलिराम चौधरी, एसडीएम चंदन कुमार, एसडीपीओ शिवम कुमार समेत सभी प्रखंड के सीओ और बीडीओ मौजूद रहे। विजय कुमार सिन्हा के समाहरणालय पहुंचते ही गार्ड ऑफ ऑनर दी गई। बैठक में डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने बाढ़ प्रभावित पिपरिया, बड़हिया और सूर्यगढ़ा प्रखंड के कुल 15 पंचायतों में बाढ़ पीड़ितों को कोई परेशानी ना हो इसका निर्देश दिया है।

इस मौके पर विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि जिले के कुल 15 पंचायत बाढ़ प्रभावित हैं, जिसमें अधिकांश टाल और दियारा का इलाका शामिल हैं। जहां जिला प्रशासन के द्वारा सूखा राशन, सामुदायिक किचेन, मेडिकल कैंप, पशु चारा, दवा की समुचित व्यवस्था की गई है। बाढ़ पीड़ितों को परेशानी ना हो इसको लेकर संबंधित सभी अधिकारियों को निर्देश दिया गया है।

# पटना में प्रेमिका के सामने प्रेमी ने की आत्महत्याः6 महीने से लिव इन रिलेशनशिप में रह रहे थे

पटना. पटना में प्रेमिका के सामने प्रेमी ने आत्महत्या कर ली है। बताया जा रहा है कि प्रेमी को नशा करने से प्रेमिका रोकती थी। इसको लेकर विवाद होता था। सोमवार को किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ, जिसके बाद पंखा से लटकर प्रेमी ने जान दे दी। प्रेमिका ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद अगमकुआं थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज भेज दिया। घटना गांधीनगर की है।



### भाई-बहन बताकर लिया था कमरा

मकान मालिक उमेश पंडित ने बताया कि दोनों भागलपुर के रहने वाले थे। 10 अगस्त को रेंट पर कमरा लिया था। दोनों ने भाई-बहन बताकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने की बात कही थी।

प्रेमिका अंजलि कुमारी(28) ने बताया कि प्रदुमन कुमार(32) के साथ 6 महीने से लिव इन रिलेशनशिप में रह रही थी। हम लोग एक प्राइवेट कंपनी में जॉब करते थे। कुछ दिनों बाद शादी होने वाली थी। प्रदुमन काफी नशा करता था। इस बात को लेकर कई बार झगड़ा भी हुआ था।

### खिड़की से देखा तो पंखा से लटक रहा था

प्रेमिका ने बताया कि आज भी विवाद हुआ। इसके बाद प्रदुमन कमरा में गया और अंदर से बंद कर लिया। कुछ देर बाद दरवाजा नहीं खोला तो खिड़की से देखा। वो पंखा से लटक रहा था। जिसके बाद घटना की सूचना पुलिस की दी।

### मामले की जांच चल रही है

अगमकुआं थाने के दरोगा रामायण राम ने बताया कि मामला प्रेम-प्रसंग का है। दोनों अलग-अलग कास्ट के हैं। दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद युवक ने जान दे दी। मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# दुकान में आग लगने से 5 करोड़ रूपए का नुकसानः औरंगाबाद में 13 घंटे बाद पाया आग पर काबू, लोन लेकर शुरू किया था बिजनेस

औरंगाबाद. औरंगाबाद जिला के ओबरा में सोमवार को एक किराना दुकान और कॉस्मेटिक होलसेलर दुकान में आग लग गई। घटना की जानकारी मिलते ही दुकानदार विक्की गुप्ता उर्फ सिद्धि गुप्ता अपने परिजनों के साथ मौके पर पहुंचे। स्थानीय थाना को आग लगने की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने अग्निशमन वाहन को जानकारी दी। मौके पर पहुंची अग्निशमन की चार बड़ी गाड़ियां लगभग 13 घंटा तक कड़ी मेहनत करने के बाद आग पर काबू पाई। अहले सुबह लगी इस आग पर दोपहर करीब 3:30 बजे काबू पाया गया। जिसमें 5 करोड रुपए का नुकसान हुआ है।



### 3.30 करोड़ रुपए का लोन लेकर शुरू किया था बिजनेस

दुकानदार विक्की गुप्ता ने बताया कि विक्की गुप्ता साल 2007 से उज्जवल किराना स्टोर दुकान चला रहे हैं। लगभग 2 साल पहले पावर हाउस दीपू नगर में किराना दुकान के साथ हिमालया, पतंजलि , कांबी क्लास कंपनी सहित अन्य कंपनियों का सुपर स्टॉक लिया था। जो करीब चार-पांच जिलों में यहां से थोक विक्रेता लेकर जाते थे। इसके लिए उन्होंने एक्सिस बैंक सहित अन्य बैंकों से करीब 3 करोड़ 30 लाख लोन लिया था। आग लगने की वजह को लेकर कहा कि वॉल्टेज कम ज्यादा होने के कारण शॉर्ट सर्किट हुई है। जिससे आगलगी की घटना हुई।

### दुकान में तेल घी रहने के कारण आग बुझाने में दिक्कत

दुकान में तेल घी तथा अन्य सामान रहने के कारण आग की लपेट इतनी तेज थी की देखते हैं देखते हैं सबकुछ जलकर राख हो गया। बता दें कि आग बुझाने के दौरान कई बार अग्निशमन वाहन में आग बुझाने के लिए पानी कम पड़ जा रहा था। मोटर पंप और अन्य चीजों के सहारे अग्निशमन में पानी भरा जा रहा था। ओबरा थाना अध्यक्ष अजय कुमार ने घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति से अवगत होते हुए बताया कि इसकी गंभीरतापूर्वक जांच की जा रही है। हर बिंदु पर पुलिस जांच करेगी। प्रोपराइटर द्वारा आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन प्राप्त होने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। ऑफिशियल और फॉरेंसिक टीम द्वारा भी घटनास्थल का जायजा लिया जाएगा।

## बाढ़ के पानी में डूबने से छात्र की मौतःमवेशी के लिए चारा लाने जा रहा था युवक, गहरे पानी में जाने से हुआ हादसा

आरा(भोजपुर). भोजपुर जिले के बड़हरा थाना क्षेत्र के एकौना गांव में रविवार को बाढ़ के पानी में डूबने से एक छात्र की मौत हो गई। युवक पशुओं के लिए चारा लाने बाजार जा रहा था। इस दौरान पैर फिसलने की वजह से गहरे पानी में चला गया। जानकारी के अनुसार मृतक छात्र बड़हरा थाना क्षेत्र के एकौना गांव घाट वार्ड नंबर 7 निवासी मिथिलेश सिंह का 14 वर्षीय पुत्र कृष कुमार है। वह सातवीं कक्षा का छात्र था।

मृतक छात्र के चचेरे भाई आदित्य राज ने बताया कि गंगा का जलस्तर बढ़ जाने के कारण हमारे गांव सहित बड़हरा सभी क्षेत्र में बाढ़ का पानी फैला हुआ है। वह मवेशी के लिए चारा लाने के लिए बाढ़ के पानी में प्रवेश कर बाजार जा रहा था। उसी दौरान उसका पैर फिसल गया। गहरे पानी में जाने की वजह से वह डूब गया। जिससे उसकी मौत हो गई।



घटना के दौरान वहां मौजूद लड़कों ने इसकी सूचना परिजनों को दी। सूचना मिलते ही परिजन फौरन वहां पहुंचे और स्थानीय लोगों द्वारा काफी मशक्कत करने के बाद उसके शव को पानी से बाहर निकल गया। लोगों ने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। सूचना पाकर स्थानीय थाना मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाया। बताया जाता है कि मृत छात्र अपने दो भाई व दो बहन में तीसरे स्थान पर था। उसके परिवार में मां सोनी देवी व दो बहन सलोनी,शालिनी एवं एक भाई आरुष है।

## गंगा की तेज धार में बहा मुंगेर का बिचवा पूलः80 हजार आबादी प्रभावित, खगड़िया जाने वाले लोगों को होगी परेशानी



मुंगेर. बिहार में इन दोनों पुल गिरने का मामला लगातार सामने आ रहा हैं। इसी क्रम में रविवार को मुंगेर के बरियारपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत गंगा पार दियारा क्षेत्र स्थित बिचवा पूल गंगा की तेज धार में बह गया। अब इस मार्ग से आगमन पूरी तरीके से ठप हो गया है। वहीं पुल टूट जाने के कारण बरियारपुर प्रखंड क्षेत्र के दो पंचायत हरिनमार और झौवा बहियार से संपर्क टुट गया है। लोग इस मार्ग से होकर खगड़िया के गोगरी और जमालपुर के लिए आते जाते थे। पूल के बहने के बाद लोगों को आवागमन करने के लिए अब एकमात्र सहारा नाव ही है। लोगों को अगर बाइक या वाहन लेकर अगर मुख्य सड़क पर आना होगा तो सबसे पहले यह दो पंचायत से लोगों को नाव पर वाहन को रखकर मुख्य सड़क पर आना जाना होगा। इसके बाद ही वह अपने गंतव्य स्थान को जा सकते हैं।

अब लोग सोशल मीडिया पर सरकार पर तरह-तरह के तंज कस रहे है। एनडीए सरकार पर तंज करते हुए छात्र राजद के प्रदेश महासचिव ईशु यादव ने कहां है कि बिहार में पुल गिरना कोई नई बात नहीं है, यह सब सरकार जिला प्रवाही और संवेदक की लूट उगाही को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि तत्काल प्रशासन और सरकार को त्वरित संज्ञान लेते हुए इसकी जांच करानी चाहिए और वहां यह दो पंचायत में जो लोग फंसे हुए हैं, उसकी आवागमन करने के लिए तात्कालिक व्यवस्था की जाना चाहिए।

# बिहार में पुलिस वालों पर तीर से हमलाः महिला एसआई के चेहरे पर लगा तीर

अररिया. अररिया में जमीन से अवैध कब्जा हटाने गई पुलिस टीम पर तीर और लाठी से हमला हुआ है। इसमें जोकीहाट थाने के 2 पुलिस वाले घायल हुए हैं। सब इंस्पेक्टर नुसरत जहां की आंख के पास तीर लगा है। असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर वीरेंद्र कुमार नट को भी चोट आई है। दोनों को इलाज के लिए पूर्णिया भेज गया है। घटनास्थल पर फिलहाल पुलिस की टीम कैंप कर रही है।

ये हमला महलगांव थाना क्षेत्र के बागनगर पंचायत के पोखरिया गांव में हुआ है। यहां करीब अठारह एकड़ जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर विवाद था। पुलिस इसी मामले में कार्रवाई करने गई थी। पुलिस की कार्रवाई से नाराज लोगों ने टीम पर हमला कर दिया। इस जमीन पर महादलित समुदाय के लोग रहते हैं।

एसपी ऑफिस से बताया गया कि 'महलगांव थाना क्षेत्र के पोखरिया गांव में सोमवार की सुबह 3 बजे दो पक्षों में जमीनी विवाद की शिकायत



आई थी। इसमें एक पक्ष की ओर से लगभग 200 लोगों ने संबंधित जमीन पर बांस लगाने का काम शुरू कर दिया था। इसी को सुलझाने के लिए महलगांव थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ स्थल पर पहुंचे थे।'

घायल महिला दरोगा खतरे से बाहर पूर्णिया के कसबा थानाध्यक्ष अजय कुमार घायल महिला दरोगा का हाल जानने अस्पताल पहुंचे। उन्होंने बताया कि जानकारी लेने गए थे। महिला दरोगा का ऑपरेशन हो गया है। वो खतरे से बाहर हैं। फिलहाल डॉक्टरों ने उन्हें 48 घंटे के ऑब्जर्वेशन में रखा है।

वहीं, मैक्स में महिला दरोगा का इलाज करनेवाले डॉ. अमित झा ने कहा कि 'आंख के नीचे लगा तीर चेहरे के अंदर फंस गया था। उसे निकालने में बहुत सावधानी बरतनी पड़ी। हालांकि, हम लोगों ने तीर को सफलतापूर्वक निकाल लिया है। महिला दरोगा की हालत खतरे से बाहर है।'

### 6 महीने में बिहार के 3 दरोगा का मर्डर

15 अगस्त 2023 को समस्तीपुर में बदमाशों ने एक दरोगा को गोलियों से भून डाला। फिर 20 दिसंबर 2023 को बेगूसराय में शराब तस्करों ने एक दरोगा को कार से कुचलकर मार डाला। घटना के 3 दिन बाद बदमाशों ने राजधानी पटना में एक दरोगा पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। जमुई में एक दरोगा को ट्रैक्टर से कुचलकर मार डाला गया। एक-दो नहीं 365 दिन में 100 बार बिहार पुलिस को मुंह की खानी पड़ी। अफसर सोशल मीडिया पर फॉलोअर्स बढ़ाने में लगे रहे और ग्राउंड पर पुलिस अपनी इज्जत बचाती रही।

## आंख में एसिड डालकर बुजुर्ग को मार डालाःघर से 5 सौ मीटर दूर नदी किनारे मिली लाश, डेड बॉडी पर मिले जले के निशान

बेगूसराय. बेगूसराय में बुजुर्ग की हत्या कर घर से 5 सौ मीटर दूर चंद्रभागा नदी किनारे शव फेंक दिया। आशंका जताई जा रही कि पहले उसके साथ मारपीट की गई, फिर एसिड से जला दिया गया। मृतक की पहचान स्व. रायबहादुर महतो के पुत्र फूलो महतो (60) के रूप में की गई है। परिजनों ने कहा सुबह तीन-चार लोग बुलाने आए थे। जिसके बाद फूलो महतो दिन भर गायब रहे। शाम में एक महिला ने कहा कि उनकी लाश नदी किनारे पड़ी है। लाश काफी बुरी स्थिति में पड़ी थी। जगह-जगह जले के निशान थे। आंख में एसिड डाला गया है। घटना बखरी थाना क्षेत्र के सुग्गा गांव की है। मृतका के बहू ने कहा कि छह महीने से पांच कट्ठा जमीन के लिए विवाद चल रहा है। मामला कोर्ट में चल रहा है। इसी को लेकर हत्या हुई है। जिससे जमीन विवाद है। वो भी बुलाने आया था, पर वो दरवाजे तक नहीं आया। वो मंदिर के पास खड़ा था। बड़े ही बेरहमी से उनकी हत्या की गई है। आंख को भी पूरी तरह से जलाकर डैमेज कर दिया है।

### स्थानीय स्तर पर मामले को सुलझाने का प्रयास

ग्रामीणों ने कहा कि परिजनों ने पहले लाश को घर लाया, फिर स्थानीय स्तर पर मामले को सुलझाने का प्रयास किया गया। जब समझौता नहीं हुआ तब देर रात पुलिस को सूचना दी गई। बखरी थाना की पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। बखरी थानाध्यक्ष विकास कुमार राय ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। सभी पहलुओं पर अनुसंधान चल रहा है।

## मुजफ्फरपुर में खेत में मिला युवक का शवःपरिजन बोले-पैसे के लेनदेन में हत्या, गांव के व्यक्ति से ब्याज पर लिया था पैसा

मुजफ्फरपुर. मुजफ्फरपुर में एक युवक का शव कद्दू के खेत मिला है। इससे इलाके के लोगों में सनसनी फैल गई। लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना के आलोक में पुलिस टीम और FSL टीम मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुटी है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। परिजन ने रुपए के लेन देने में हत्या की आशंका जताई है। घटना जिले के मीनापुर थाना के अली नेउरा पंचायत वार्ड संख्या एक का है। सोमवार की सुबह स्थानीय लोगों ने शव को कद्दू के खेत में देखा। इसके बाद लोगों की भारी भीड़ मौके पर जुट गई।शव की पहचान राघोपुर पंचायत के अर्जुन पासवान के रूप में हुई है। उसके 3 बच्चे हैं। गांव में किसानी का काम करता था। लोगों ने घटना की सूचना मीनापुर थाना को दी है। सूचना के आलोक में पुलिस टीम आनन-फानन में घटनास्थल पर पहुंची। इसके बाद FSL की टीम को भी बुलाया गया है। FSL की टीम पूरे घटनास्थल की जांच की। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए SKMCH अस्पताल भेज दिया है। घटना के बाद परिजन में चीत्कार मचा हुआ है। मृतक के भाई ने बताया कि आज सुबह सूचना प्राप्त हुई थी। बीते शाम से लापता था। काफी खोजबीन किए, लेकिन नहीं मिला। गांव के व्यक्ति से ब्याज पर रुपए लिया था। जिसका 40 प्रतिशत ब्याज लेता था। कुछ रुपए चुका दिया था। 60 हजार रुपए बाकी था। इसको पहले भी धमकी दिया हुआ था।

मीनापुर थाना प्रभारी ने बताया कि युवक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजन ने अभी तक कोई लिखित आवेदन नहीं सौंपा है। आवेदन मिलने के बाद FIR दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# एक्सीडेंट में दोस्त को खोया, अब बांट रहे हेलमेटः11 सालों में 10 हजार लोगों को दिया

गोपालगंज. साल 2012 में मेरे दोस्त राहुल की बाइक दुर्घटना में मौत हो गई। पोस्टमॉर्टम के दौरान रिपोर्ट आई कि सिर में गहरी चोट थी। तब डॉक्टरों ने बताया कि हेलमेट होती तो जान बच सकती थी। यह हादसा मेरे लिए किसी सदमे के जैसा था। इसके बाद मैंने लोगों को सड़क हादसे और हेलमेट के लिए जागरूक करने का सोचा और आज मेरे लिए ये एक मुहिम बन चुका है। ये कहना है गोपालगंज के शाहीद इमाम का, जिसे लोग हेलमेट मैन के नाम से जानने लगे हैं।



सदर प्रखंड के सरेया वार्ड नंबर 4 के निवासी शाहीद इमाम पिछले 11 साल से हेलमेट के प्रति लोगों को जागरूक कर रहे है। इस अभियान में हर साल डेढ़ लाख रुपए बिना किसी के सहयोग के खर्च करते हैं। वो एनएच पर बिना हेलमेट बाइक चलाने वालों को फ्री में हेलमेट देकर जागरूक करते हैं। इसी कारण लोग इन्हें हेलमेट मैन के नाम से जानते हैं। शाहीद अब तक 10 हजार से ज्यादा हेलमेट बांट चुके हैं। शाहीद कंप्यूटर इंजीनियर थे, उसे छोड़ कर अब वो खुद की कंप्यूटर कोचिंग चलाते हैं। बच्चो को इसकी शिक्षा देते है। साथ ही इनका कंप्यूटर और उसके पार्ट्स की दुकान है। शाहीद तीन भाईयो में मंझले हैं। तीनो भाइयों की शादी हो चुकी है। इनके काम से परिवार के सभी लोग खुश रहते है। साथ ही इनके भाई भी इस अभियान में शाहीद का साथ देते है। परिवार से कोई आपत्ति नहीं होती है।

दोस्त की मौत के बाद लिया संकल्प दरअसल शाहीद इमाम के करीबी दोस्त राहुल जो कंप्यूटर के डिस्ट्रब्यूटर थे, उनकी 2013 में सड़क हादसे में मौत हो गई थी। इस दर्दनाक घटना ने शाहीद को अंदर से झकझोर कर रख दिया। दोस्त के जाने का गम उनके दिल में हमेशा के लिए बस गया। दोस्त की मौत के कुछ दिन बाद एक दंपती की मौत देखी। जिसमें बाइक सवार दंपती ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गई। इन घटनाओं ने शाहीद को झकझोर दिया और तभी इन्होंने अभियान चलाना शुरू कर दिया।

### हेलमेट पुलिस से बचने के लिए नहीं, परिवार से दोबारा मिलने के लिए पहने

उन्होंने हेलमेट के प्रति जागरूकता अभियान शुरू किया। शाहीद ने अपने इस अभियान में कोई कसर नहीं छोड़ी है। उन्होंने लोगों को हेलमेट पहनने के फायदे बताए। उन्होंने बताया कि कैसे हेलमेट सिर को गंभीर चोटों से बचा सकता है। साथ ही लोगों से अपील करते है की वे खुद हेलमेट पहने और दूसरों को भी पहनने के लिए प्रेरित करें। उनका स्लोगन है- 'हेलमेट पुलिस से बचने के लिए नहीं, परिवार से दोबारा मिलने के लिए पहने।'

सोशल मीडिया में भी करते जागरूक शाहीद अपने अभियान को और मजबूत बनाने के लिए कई तरह के कार्यक्रम भी आयोजित करते है। स्कूलों,कॉलेजों और सार्वजनिक स्थानों पर जाकर लोगों को हेलमेट के महत्व के बारे में बताते है। वो सोशल मीडिया का भी भरपूर इस्तेमाल करते है और लोगों को हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करने वाले पोस्ट और वीडियो खूब शेयर करते है। इसके अलावा शाहीद सामाजिक कार्य में भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते है। पिछले 11 सालों से इस अभियान को लगातार जारी रखे हुए है। इनका आभियान सिर्फ गोपालगंज ही नहीं, बल्कि बिहार के सीवान, छपरा समेत अलग-अलग शहरों में हेलमेट के प्रति अपनी पूरी टीम के साथ जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को दुर्घटना से बचने के लिए प्रेरित करते हैं।

हिंदी दैनिक

# कोयलांचल संवाद

रांची व धनबाद से एक साथ प्रकाशित

YouTube Subscribe

Koylanchal samvad news

www.koylanchalsamvad.com

रांची, मंगलवार, 24 सितंबर, 2024 वर्ष : 12 अंक : 132

तिरुपति लड्डू विवाद- मंदिर का शुद्धिकरण हुआ:परिसर में 4 घंटे... संविदा और दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों का सरकारी शोषण? पर्व एवं स्वास्थ्य...आयुर्वेद मतानुसार

मूल्य : 2 रुपए

# विधानसभा चुनाव की तैयारियों के क्रम में भारत निर्वाचन आयोग का दो दिवसीय झारखंड दौरा

## मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक सहित राज्य के संबंधित पदाधिकारियों के साथ आयोग ने की समीक्षा, दिये आवश्यक निर्देश

**रांची:** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत भारत निर्वाचन आयोग की टीम सोमवार पूर्वाह्न रांची पहुंची। मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री राजीव कुमार के नेतृत्व में पहुंची आयोग की इस टीम में निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार तथा डॉ सुखबीर सिंह संधू भी शामिल हैं।

आज सुबह पूर्वाह्न लगभग 9:00 बजे बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचे आयोग के सदस्यों का झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री के. रवि कुमार की अगुवाई में राज्य के वरीय पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया।







### राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ आयोग ने की बैठक

रांची पहुंचने पर आयोग ने बैठकों के क्रम में सर्वप्रथम झारखंड अंतर्गत राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय मान्यता प्राप्त दलों के प्रतिनिधियों के साथ विधानसभा चुनाव के परिप्रेक्ष्य में बैठक कर उनसे विस्तार से संवाद किया। इस दौरान मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने आगामी विधानसभा चुनाव को निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने तथा बेहतर मतदान प्रतिशत के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में सभी राजनीतिक दलों से सहयोग की अपील भी की।

### विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों ने आयोग के समक्ष प्रस्तुत की कार्ययोजना

राजनीतिक दलों के साथ हुई बैठक के उपरांत आयोग ने चुनाव कार्य से प्रत्यक्षतः संलग्न विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों जैसे आयकर विभाग, उत्पाद विभाग,जीएसटी, रिजर्व बैंक, वन, परिवहन, नागरिक उड्डयन, नारकोटिक्स आदि के राज्य स्तरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक कर उनकी कार्य योजनाओं की समीक्षा की। सभी से अपील की गयी कि सभी एजेंसियां स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने हेतु कमर कस लें।

### सीईओ तथा एसपीएनओ को मिले निर्देश

आयोग की समीक्षा के क्रम में उपरोक्त दो समीक्षा बैठकों के बाद राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री के रवि कुमार, राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी श्री ए.वी. होमकर तथा सीएपीएफ के नोडल पदाधिकारी के साथ आयोग ने संबंधित निर्वाचन विषयों पर बिंदुवार समीक्षा की। तीनों पदाधिकारियों की ओर से अपनी-अपनी कार्य योजना को प्रेजेंटेशन के माध्यम से रखा गया। समीक्षा के उपरांत आयोग की ओर से सभी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

### राज्य के मुख्य सचिव एवं पुलिस महानिदेशक के साथ आयोग ने की बैठक

दिन भर चली समीक्षा बैठकों की कड़ी में सबसे अंत में आयोग ने झारखंड के मुख्य सचिव श्री एल खियांग्ते तथा पुलिस महानिदेशक श्री अनुराग गुप्ता के साथ बैठक की। राजनीतिक दलों, प्रवर्तन एजेंसियों तथा राज्य के पदाधिकारियों से मिले इनपुट, सुझावों, प्रतिवेदनों आदि से अवगत कराते हुए आयोग ने संबंधित विषयों पर ससमय पहल करते हुए आवश्यक समन्वयात्मक कदम उठाने का उन्हें निर्देश दिया।

इस दौरान आयोग के वरीय उप निर्वाचन आयुक्त, उप निर्वाचन आयुक्त एवं अन्य पदाधिकारी भी मौजूद थे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की ओर से जानकारी दी गई कि कल अर्थात मंगलवार को सभी प्रमंडलों के आयुक्त, जोनल आईजी, सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों, सभी डीआईजी, सभी पुलिस अधीक्षकों के साथ समीक्षा की जाएगी।

# संक्षिप्त खबरें

## विमानन मनोविज्ञान के लिए औपचारिक कार्यक्रमों का अभाव हैः नायडू

**नई दिल्ली (ईएमएस)**। नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने विमान परिचालन की सुरक्षा के लिए विमानन मनोविज्ञान क्षेत्र के साथ-साथ तनाव तथा थकान से निपटने के लिए मजबूत प्रणालियों की आवश्यकता पर सोमवार को जोर दिया। उन्होंने पायलट सहित अन्य के लिए तनाव तथा थकान से निपटने के लिए मजबूत कार्यक्रमों की भी वकालत की। नायडू ने कहा कि विमानन मनोविज्ञान के लिए औपचारिक कार्यक्रमों का अभाव है। उन्नत मनोवैज्ञानिक पहलुओं को प्रशिक्षण कार्यक्रमों में शामिल किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि निरंतर सुरक्षा सुनिश्चित करना सामूहिक जिम्मेदारी है, क्योंकि मानवीय कारक भी विमान दुर्घटनाओं के लिए जिम्मेदार होते हैं। मंत्री ने राष्ट्रीय राजधानी में विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) द्वारा विमान दुर्घटनाओं में मानवीय कारक पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में यह टिप्पणी की। नायडू ने कहा कि सुरक्षा उपायों को भारतीय विमानन क्षेत्र की तीव्र वृद्धि के साथ तालमेल बनाए रखना होगा। उन्होंने लोगों को निरंतर कौशल प्रदान करने तथा उनका कौशल बढ़ाने का आह्वान किया।

## मेगास्टार चिरंजीवी गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स से सम्मानित



**मुंबई (ईएमएस)**। मेगास्टार चिरंजीवी का नाम दक्षिण और बॉलीवुड के जाने-माने अभिनेताओं में शामिल हैं। उन्होंने अपने 45 साल के फिल्मी करियर में शानदार सुपरहिट फिल्में देकर फैंस का दिल जीता है। अब हाल ही में मेगास्टार ने एक बड़ी अचीवमेंट हासिल की है। चिरंजीवी कोनिडेला का नाम गिनीज बुक में दर्ज हो चुका है। 22 सितंबर को अभिनेता को सम्मान 45 साल में अपनी 156 फिल्मों के 537 गानों में 24000 डांस मूव करने के लिए मिला। चिरंजीवी को यह सम्मान बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान के हाथों दिया गया। चिरंजीवी को मिले गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के सर्टिफिकेट पर लिखा है, इंडियन फिल्म इंडस्ट्री में सबसे सक्सेसफुल अभिनेता /डांसर चिरंजीवी उर्फ मेगा स्टार। इस सम्मान पर प्रतिक्रिया देकर चिरंजीवी ने कहा कि उन्होंने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स से इस तरह की मान्यता की कभी उम्मीद नहीं की थी। उन्होंने कहा कि जिस तरह से लोग उनके डांस के दीवाने हैं, ये उनके फिल्मी करियर और जिंदगी का एक अभिन्न अंग बन गया है। वहीं, आमिर खान ने कहा कि ये मंच शेयर करना उनके लिए सम्मान की बात है और वे खुद को चिरंजीवी का बहुत बड़ा फैन मानते हैं, उन्हें अपने बड़े भाई के रूप में सम्मान देता हैं। चिरंजीवी का डांस दिखाता है कि वे दिल खोलकर डांस करते हैं और जी-जान लगा देते हैं।

## ईवी उपकरणों की मैन्युफैक्चरिंग बढ़ाने की तैयारी...पीएम ई-ड्राइव योजना लागू

नई दिल्ली (ईएमएस)। केंद्रीय कैबिनेट की ओर से देश में इलेक्ट्रिक वाहनों का चलन बढ़ाने के लिए मंजूर की गई पीएम इलेक्ट्रिक ड्राइव रिवोल्यूशन इन इनोवेटिव व्हीकल एन्हांसमेंट (पीएम ई-ड्राइव) योजना में लोकल स्तर पर ईवी उपकरणों की मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ाने का प्रोग्राम होगा। पीएम ई-ड्राइव योजना फेम स्कीम की जगह लेगी। इस योजना के लिए मोदी सरकार ने 10,900 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि पीएम ई-ड्राइव योजना के तहत देश में ईवी उपकरणों की मैन्युफैक्चरिंग बढ़ाने के लिए चरणबद्ध मैन्युफैक्चरिंग कार्यक्रम (पीएमपी) लागू होगा। योजना के तहत, ईवी निर्माता, जो स्थानीय स्तर पर उपकरणों को सोर्स करते हैं, उन्हें घरेलू मूल्य संवर्धन आवश्यकता के बिना वित्तीय सहायता प्राप्त होगी। सब्सिडी पाने के लिए लोकल स्तर पर ईवी उपकरणों के पार्ट्स की असेंबली करनी होगी। हालांकि, आपूर्तिकर्ता पार्ट्स का आयात कर सकते हैं। इसके तहत सब्सिडी पाने के लिए कंपनियों को योजना की अधिसूचना जारी होने के छह माह के अंदर पीएमपी के नियमों का अनुपालन करना होगा।

हाईकोर्ट ने सुनाया फैसला

## झारखंड विधानसभा नियुक्ति घोटाला की जांच करेगी सीबीआई

**रांची:** झारखंड विधानसभा नियुक्ति गड़बड़ी मामले में दायर जनहित याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट ने फैसला सुना दिया है. कोर्ट ने इस केस को सीबीआई को देने का आदेश दिया है. कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि यह सीबीआई को देने को लेकर उचित केस है. पूर्व में कोर्ट ने सभी पक्षों को सुनवाई पूरी होने के बाद मामलों में सुरक्षित रखा था. राज्य सरकार द्वारा मामले में शपथ पत्र के माध्यम से दायर किए गए जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट की कई बिंदुओं पर प्रार्थी ने कोर्ट का ध्यान आकृष्ट कराया था. महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कोर्ट को बताया था कि जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट कानूनी रूप से रिपोर्ट नहीं मानी जाएगी. रिपोर्ट को सरकार के समक्ष पेश किया जाना चाहिए था, लेकिन इसे सीधे राज्यपाल को दे दिया गया. राज्यपाल ने जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट सरकार को नहीं दी. जिससे विधानसभा के सदन के पटल 6 माह के भीतर एक्शन रिपोर्ट के बाद इसे नहीं रखा जा सका. जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट मैं कई त्रुटियां भी थी एवं उस कमीशन की कई अनुशंसा भी अस्पष्ट थी. इन त्रुटियों को देखने के लिए जस्टिस एसजे मुखोपाध्याय की एक कमीशन बनानी पड़ी. जस्टिस एसजे मुखोपाध्याय की रिपोर्ट को राज्य सरकार ने स्वीकार कर लिया है और उसे विधानसभा के सदन पटेल पर रखा जा चुका है. जस्टिस एसजे मुखोपाध्याय की रिपोर्ट ही फाइनल रिपोर्ट है. वहीं प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार ने कोर्ट को बताया था कि झारखंड विधानसभा के वर्तमान स्पीकर विधानसभा कमेटी के सदस्य थे, इस कमेटी ने विधानसभा नियुक्ति गड़बड़ी मामले की जांच का रिपोर्ट दिया था की कार्रवाई होनी चाहिए थी. उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया था कि जस्टिस एसजे मुखोपाध्याय




की रिपोर्ट में कहा गया है कि उन्हें केवल जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट ही दी गई थी, रिपोर्ट के साथ कोई दस्तावेज (एनेक्सचर) नहीं दी गई थी.

बता दें कि पूर्व में ही सरकार की ओर से एसजे मुखोपाध्याय आयोग की रिपोर्ट शपथ पत्र के माध्यम से कोर्ट में प्रस्तुत की जा चुकी थी .झारखंड विधानसभा में नियुक्ति गड़बड़ी मामले में शिव शंकर शर्मा ने जनहित याचिका दाखिल की है. पिछली सुनवाई में कोर्ट ने राज्य सरकार और झारखंड विधानसभा से पूछा था कि जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट में क्या त्रुटियां थी जिसके कारण दूसरी आयोग बनानी पड़ी थी.

### क्या है मामला

प्रार्थी के अधिवक्ता की ओर से पूर्व की सुनवाई में कोर्ट को बताया गया था कि मामले की जांच को लेकर पहले जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की अध्यक्षता वाली वन मैन कमिशन बनी थी. जिसने मामले की जांच कर राज्यपाल को वर्ष 2018 में रिपोर्ट सौंपी थी. जिसके आधार पर राज्यपाल ने विधानसभा अध्यक्ष को एक्शन लेने का निर्देश दिया था. लेकिन वर्ष 2021 के बाद से अब तक कोई एक्शन नहीं लिया गया है. राज्यपाल के दिशा निर्देश के बावजूद भी विधानसभा अध्यक्ष द्वारा इस मामले को लंबा खींचा जा रहा है. मामले में देरी होने से गलत तरीके से चयनित होने वाले अधिकारी सेवानिवृत हो जाएंगे.

## खूंटी में झारखंड सरकार पर जमकर बरसे जेपी नड्डा, कहा- झामुमो, कांग्रेस, राजद ने राज्य के विकास में लगाया ग्रहण

खूंटी : जेपी नड्डा ने सोमवार को खूंटी में बीजेपी की परिवर्तन रैली को संबोधित किया. इस दौरान उन्होंने झारखंड सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि झामुमो, कांग्रेस और राजद ने झारखंड के विकास में ग्रहण लगाने का काम किया. बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि हेमंत सोरेन ने भी कांग्रेस से सीखने में कोई कसर नहीं छोड़ी. जेएमएम भी भ्रष्टाचारी पार्टी बन गई. उन्होंने परिवारवाद को बढ़ावा दिया, भाई भतीजावाद को पनाह दी, युवाओं के साथ छल किया और अपने ही परिवार में जो पराये दिखे उन्हें दरकिनार किया. झारखंड को कांग्रेस, जेएमएम और आरजेडी से मुक्ति दिलाने का काम करना होगा. उन्होंने कहा कि यह परिवर्तन यात्रा मां, बेटी-रोटी और आदिवासी अस्मिता की रक्षा की



यात्रा है. ये यात्रा आदिवासी की जमीन को हड़पने से बचाने की यात्रा है. इससे पहले जेपी नड्डा ने लोकसभा चुनाव में बीजेपी को जीत दिलाने के लिए धन्यवाद देता हूं।

**कांग्रेस को बताया महाभ्रष्ट पार्टी**

जेपी नड्डा ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए उसे महाभ्रष्ट पार्टी बतायी है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस राष्ट्र विरोधी तत्वों व अलगाववादी तत्वों की पोषक है. उन्होंने प्रदेश और देश को भाई भतीजावाद, तुष्टीकरण की राजनीति, भ्रष्टाचार, परिवारवाद से ग्रसित किया. ये कहते थे कि हम हर परिवार को एक-एक लाख रुपया देंगे. क्या आपको मिल गया? इन्होंने अपने घोषणा पत्र में कहा था कि हम चूल्हा भत्ता देंगे. पीएम मोदी ने घर-घर में गैस सिलेंडर पहुंचा दिया, लेकिन इनका चूल्हा भत्ता नहीं मिला. जेपी नड्डा ने आगे कहा कि आज झारखंड में आदिवासियों की संख्या 44 प्रतिशत से घटकर 28 प्रतिशत रह गई है. उन्होंने पूछा कि ये कैसी सरकार है और प्रदेश का प्रशासन किस प्रकार से काम कर रहा है? रोहिंग्याओं को यहां बसाया जा रहा है, लोग गलत तरीके से शादियां कर रहे हैं, आदिवासियों की जमीनों को हड़पा जा रहा है. ये सब काम सुनियोजित तरीके से हो रहा है और यहां की सरकार ये होने दे रही है. रोहिंग्याओं को यहां बसा रही है, उनका आधार कार्ड बना रही है.

## युवाओं से शिवराज सिंह चौहान का वादा- बीजेपी सरकार बनते ही युवाओं को देंगे 2.87 लाख नौकरी

**रांची:** झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी नेता शिवराज सिंह चौहान ने झारखंड की जनता से बड़ा वादा कर दिया है. कहा है कि बीजेपी की सरकार बनते ही 2 लाख 87 हजार युवाओं को नौकरी देंगे. भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के विधानसभा चुनाव के लिए प्रभारी बनाए गए शिवराज सिंह चौहान ने पूर्वी सिंहभूम के बहरागोड़ा में सोमवार को परिवर्तन सभा में यह वादा किया. उन्होंने परिवर्तन रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. बहरागोड़ा में भारी बारिश के बीच शिवराज सिंह चौहान कोल्हान प्रमंडल



स्तरीय परिवर्तन रथ को हरी झंडी दिखाने के बाद हेमंत सोरेन सरकार पर खूब बरसे. मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हेमंत सोरेन की वादाखिलाफी और उनकी नाकामियों को गिनाते हुए कहा कि जो मुख्यमंत्री परीक्षा नहीं करा सकता, वो सरकार क्या चलाएगा. उन्होंने कहा कि मैं चार बार मुख्यमंत्री रहा हूं. लाखों लोगों भर्तियां कीं हैं. शिवराज सिंह चौहान ने जोर देकर कहा कि झारखंड में आपलोग भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाईए. सरकार बनते ही पहली कैबिनेट में 2.87 लाख युवाओं को नौकरी देने का प्रस्ताव पास किया जाएगा. उन्होंने कहा कि झारखंड में 2.87 लाख पद रिक्त हैं. साढ़े 4 साल तक इस सरकार ने कुछ नहीं किया. अब जाने की बारी आई, तो बहाली करने का दिखावा शुरू कर दिया. शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि अगर नौकरी देनी थी, तो 4 साल 10 महीने तक क्या कर रहे थे.

## सीएम हेमंत सोरेन ने खूंटी व सिमडेगा में 734 करोड़ 55 लाख रु. की योजनाओं की दी सौगात

**खूंटी** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन खूंटी जिला के तोरपा प्रखंड अंतर्गत एन.एच.पी.सी मैदान में आयोजित "आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार" कार्यक्रम में सम्मिलित हुए । इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने खूंटी एवं सिमडेगा जिले को लगभग 734 करोड़ 55 लाख रूपए की योजनाओं की दी सौगात। मौके पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास एवं लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया । मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि वर्ष 2021 में खूंटी की वीर भूमि उलिहातु से हमने "आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार" कार्यक्रम का शुरुआत की थी। आज हमसभी लोग इस कार्यक्रम के चौथे चरण में हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप



लोगों ने साल 2019 में हमें जो जिम्मेवारी दी है, उसका निर्वहन हम कर रहे हैं। आपसभी ने मुझे राज्य का मुख्य सेवक बनाया। वर्ष 2019 से लेकर अब तक कई चुनौतियां हमारी सरकार ने देखी है। सरकार गठन के कुछ ही दिनों बाद देश और दुनिया में वैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण ने सबकुछ बंद करने पर मजबूर कर दिया। दो वर्ष हमसभी लोग राज्य के भीतर जीवन और जीविका बचाने में लगे रहे। राज्य सरकार के बेहतर प्रयास से कोरोना संक्रमण काल में राज्य में किसी भी व्यक्ति की मृत्यु भूख से नहीं हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे याद है आज भी वह दिन जब गांव की दीदियों ने संक्रमण काल में लोगों को खाना बनाकर मुफ्त में भोजन कराने का काम किया। उसी समय मैंने संकल्प लिया था कि मैं राज्य की महिलाओं को हर हाल में सशक्त करूंगा। राज्य की नारी शक्ति को सामाजिक और आर्थिक रूप से मजबूती प्रदान करेंगे। उक्त बातें मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने आज खूंटी जिला के तोरपा प्रखंड अंतर्गत एन.एच.पी.सी मैदान में आयोजित "आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार" कार्यक्रम में अपने सम्बोधन में कही।

**शेष पेज 2 पर...**

## गढ़वा से मंईयां सम्मान यात्रा शुरूः जिन्हें राज्य का विकास नहीं सुहाता, उन्हें उखाड़ फेंकना हैः कल्पना

**गढ़वा:** वे कौन लोग हैं जिन्हें झारखंड का विकास सुहाता नहीं है, ऐसे लोगों को उखाड़ कर फेंक देना है. ये बातें झामुमो विधायक कल्पना सोरेन ने गढ़वा के श्रीबंशीधर नगर में मंईयां सम्मान यात्रा को संबोधित करते हुए कहीं.

मंईयां सम्मान यात्रा का नेतृत्व मंत्री बेबी देवी, दीपिका पांडेय सिंह और कल्पना सोरेन कर रही हैं. इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक कल्पना सोरेन के कहा कि योजना किसी धर्म, जाति, व्यक्ति विशेष नहीं होता है. मंईयां सम्मान योजना ने महिलाओं को मजबूत बनाया है. वे अपील सभी से अपील करते हैं कि वे अपना समर्थन आदिवासी लड़ाकू सीएम को दें. उनकी सरकार ऐसी अनवरत योजना चलाएगी जिससे झारखंड



में खुशहाली आएगी. झारखंड की जनता इस बार तैयार है राज्य को आगे बढ़ाना है. मंईयां योजना के खिलाफ पीआईएल दायर हुआ है. पीआईएल दायर करने वालों को मुहतोड़ जवाब देना है. पीआईएल करवाने वाले दीदियों के विरोध में कार्य कर रहे है. इस दौरान मंत्री दीपिका पांडेय सिंह और बेबी देवी ने भी विपक्ष को घेरा और कहा कि मंइयां सम्मान योजना ने महिलाओं का सम्मान बढ़ाया है.

### गढ़वा से शुरू हुई मंईयां सम्मान यात्रा

गढ़वा के श्रीबंशीधर नगर से मंईयां सम्मान यात्रा की शुरुआत हुई है. ऐतिहासिक श्रीबंशीधर नगर मंदिर में मंत्री बेबी देवी, दीपिका पांडेय सिंह, मिथिलेश ठाकुर और झामुमो विधायक कल्पना सोरेन ने पूजा अर्चना की और यात्रा की शुरुआत की. मंईयां सम्मान यात्रा का नेतृत्व मंत्री बेबी देवी, दीपिका पांडेय सिंह, विधायक कल्पना सोरेन कर रही हैं. ये यात्रा सोमवार को भवनाथपुर विधानसभा से शुरू हुई है, सोमवार को ही यह यात्रा गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में रुकेगी. मंगलवार को यात्रा बिश्रामपुर, हुसैनाबाद, छतरपुर विधानसभा क्षेत्र में रहेगी. मंगलवार को ही यह यात्रा मेदिनीनगर में रात्रि चौपाल लगाएगी और बुधवार को मानिका, लातेहार एवं पांकी विधानसभा क्षेत्र के रहेगी.

पेज 1 का शेष ...

## आपका स्नेह एवं आशीर्वाद हमें कार्य करने की शक्ति देता है

मुख्यमंत्री ने कहा कि मैंने पहले भी कहा है और आज भी यह बात कह रहा हूं। वर्तमान राज्य सरकार गांव से चलने वाली सरकार है। आज राज्य सरकार के अधिकारी आपके द्वार पहुंचकर आपकी समस्याओं का समाधान कर रहें हैं। आपको सरकार की योजनाओं से जोड़ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार राज्य के सभी वर्ग-समुदाय को उनका हक-अधिकार देने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने उपस्थित लोगों से अपील किया कि आपसभी अपना हौसला बुलंद रखिए। आप मजबूती के साथ खड़े रहिए। आपका यह बेटा आपके सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। आप सिर्फ अपना आशीर्वाद हमें देते रहे ताकि हम दिन रात जनहित का काम करते रहें। आपका स्नेह और आशीर्वाद हमें कार्य करने की शक्ति और सकारात्मक ऊर्जा देता है।

### राज्य की नारी शक्ति को मिल रहा सम्मान

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के लोग स्वाभिमानी होते है। यहां के लोगों ने हमेशा एकजुट रहकर राज्य के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने राज्य की महिलाओं को सम्मान, वृद्धजनों को बुढ़ापे की लाठी दी है। हमारी सरकार ने राज्य की नारी शक्ति को सम्मान के साथ-साथ आर्थिक रूप से समृद्ध करने के लिए "झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना" की शुरुआत की है। सभी वर्ग-समुदाय की महिलाओं को हमारी सरकार उनका हक-अधिकार दे रही है।

### केंद्र से 1 लाख 36 हजार करोड़ रुपए बकाया राशि मिले तो विकास कार्यों में और तेजी आएगी

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि आज फिर एक बार राज्य सरकार द्वारा केंद्र सरकार को पत्र लिखकर 1 लाख 36 हजार करोड़ रुपए बकाया राशि की मांग की गई है। अगर केंद्र सरकार यह बकाया राशि नही देता हैं तो उसका ब्याज ही दे ताकि राज्य सरकार द्वारा यहां की महिलाओं को सम्मान राशि के रूप में प्रतिमाह 2 हजार रुपए यानी कि सालाना 24 हजार रुपए भुगतान किया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि याद कीजिए आज से चार वर्ष पहले पेंशन लेने के लिए लोगों को कितनी परेशानियों का सामना कर पड़ता था, लेकिन आज घर-घर जाकर लोगों को पेंशन और महिलाओं को सम्मान राशि से जोड़ने का कागज बनता है। अब हर घर में सम्मान और पेंशन राशि आती है। केंद्र सरकार राज्य को बकाया राशि उपलब्ध करा दे तो विकास के कार्यों को और गति मिलेगी।

### सरकारी पदाधिकारी घरों में पहुंचकर समस्याओं का कर रहे हैं समाधान

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार जनता के लिए है। यहां के पदाधिकारी, कर्मचारी को जो तनख्वाह मिलती है वह आपकी सेवा के लिए मिलता है। राज्य सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि अब सरकारी पदाधिकारी गांव जाएंगे और आपकी समस्या का समाधान करेंगे। कुछ वर्ष पहले तक आपने कभी सुना था कि कोई पदाधिकारी आपके गांव पहुंचते थे। आज परिस्थियां बदली है। आज सरकारी पदाधिकारियों द्वारा समस्याओं का समाधान आपके द्वार पहुंचकर किया जा रहा है। यह कार्य अनवरत चलने वाला है। आज हर पदाधिकारी "जोहार" बोलकर आपको सम्मान देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैंने सुनिश्चित किया है कि झारखंडियों का अभिवादन "जोहार" से होगा।

### राज्य के भीतर बड़े पैमाने पर राइस प्रोसेसिंग उद्योग को दी है स्वीकृति

मुख्यमंत्री ने कहा कि काफी जद्दोजहद के बाद सरना धर्म कोड विधेयक विधानसभा से पारित कर केंद्र सरकार को भेजा लेकिन दुर्भाग्य है कि केंद्र सरकार की उदासीनता की वजह से यहां के आदिवासी समुदाय को सरना धर्म कोड की मान्यता अभी तक नही मिल पाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार राज्य के भीतर बड़े पैमाने पर चावल बनाने के उद्योग को स्वीकृति दी है। बहुत जल्द धान खरीद की व्यवस्था को तेज करेंगे और जो हमारा फैक्ट्री बन रहा है, इस फैक्ट्री से चावल बनाकर राज्य के गरीबों के बीच वितरित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार यहां के लोगों को रोटी, कपड़ा, मकान उपलब्ध कराने के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी बेहतर कार्य कर रही है। झारखंड देश का इकलौता राज्य है जो यहां की युवाओं को उच्च शिक्षा के लिए विदेश भेजता है।

### आधी आबादी को मजबूत करने का संकल्प

मुख्यमंत्री ने उपस्थित महिलाओं से कहा कि आप आधी आबादी हैं। आप लोगों को मजबूत करने का संकल्प हमने लिया है। "झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना" की दूसरी किस्त की राशि भी आपके खाते में पहुंच चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जितने भी पुराना बैंक खाता है और जो कार्य नहीं कर रहा है ऐसे सभी खातों को चिन्हित कर जिलों के उपायुक्त इसे पुनः शुरू करवाएं ताकि माता -बहनों के बैंक खाता में सम्मान राशि भेजी जा सके।

### मुख्यमंत्री ने खूंटी एवं सिमडेगा जिले को दी ये सौगातें..


मुख्यमंत्री ने "आपकी योजना-आपकी सरकार- आपके द्वार" " कार्यक्रम में खूंटी एवं सिमडेगा जिले को कुल 73,454.146 लाख रूपए की सौगात दी। विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास एवं दोनों जिलों के 133,881 लाभुकों के बीच लगभग 148 करोड़ रुपए की परिसंपत्तियों का वितरण किया। जिसमें खूंटी जिला अंतर्गत 31,360.918 लाख रूपए की 154 योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास शामिल है, जबकि सिमडेगा जिला अंतर्गत 42,093.228 लाख रूपए की 143 योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास संपन्न हुआ।

## बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने अपना 90 वां स्थापना दिवस मनाया



रांची : बैंक ऑफ महाराष्ट्र राँची अंचल कार्यलय में बैंक ऑफ महाराष्ट्र का 90 वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस गौरवपूर्ण मौके पर राँची अंचल कार्यालय से श्रीमती शिखा कुमारी चौधरी, अंचल प्रबंधक, श्री रोहित रमण, उप अंचल प्रबंधक, वरिष्ठ अधिकारी एवं मुख्य अतिथि के रूप में सरला बिरला विश्वविद्यालय के डीन, श्री हरि बाबु शुक्ला और बैंक के विभिन्न शाखाओ से जुड़े ग्राहक मुख्यत उपस्थित थे। इस अवसर पर ग्राहकों को सम्मानित किया गया तथा साथ ही साथ व्यापार वृद्धि पर विस्तृत चर्चा की गयी।

## सैकड़ों समर्थकों के साथ हम में शामिल हुए सुशील कुमार



रांचीः रिपब्लिकन पार्टी आठवले के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार उर्फ डब्लू महतो सैकड़ों समर्थकों के साथ आज झारखंड विधान सभा के विधायक क्लब में हम पार्टी की ओर से आयोजित मिलन समारोह में हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा झारखंड में शामिल हो गये। मिलन समारोह के मौके पर हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार सरकार के मंत्री डा0 संतोष कुमार सुमन ने डब्लू महतो के पार्टी में शामिल होने पर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि झारखंड में पार्टी मजबूत हुई है। हम पार्टी में शामिल होने पर डब्लू महतो ने कहा कि केन्द्रीय मंत्री श्री जीतनराम मांझी और हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ संतोष कुमार सुमन के राजनीति में हमेशा गरीबों,दबे कुचले, दलितों पिछड़ों की चिंता रही है, हाशिये पर खड़े लोगों की पीड़ा का दर्द हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा समझती है। इसलिए ही उन्होंने हम पार्टी में शामिल होने का फैसला किया है। मिलन समारोह के मौके पर डब्लू महतो के सैकड़ों समर्थक भी उपस्थित थे।

# झारखंड में जनकल्याण की नहीं बल्कि जेहाद की सरकार, उखाड़ फेंके : अनुराग ठाकुर

## परिवर्तन संकल्प रैली में राज्य सरकार पर जमकर बरसे पूर्व केंद्रीय मंत्री,सभा में उमड़ी भीड़

संवाददाता विश्रामपुर



पलामू : भाजपा के फायर ब्रांड नेता सह पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि झारखंड में जनकल्याण की नही बल्कि जेहाद की सरकार है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के संरक्षण में लव जेहाद से लेकर लैंड जेहाद तक चल रहा है। मासूम आदिवासी बच्चियों को लव जिहाद मे फंसाने हेतु बांग्लादेशी और रोहांगियां घुसपैठियों द्वारा रैकेट चलाया जा रहा है। मूलवासियों का जमीन लूटा जा रहा है। जिससे राज्य की डेमोग्राफी बदलते जा रही है। प्रदेश का अस्तित्व खतरे में पड़ते जा रहा है। श्री ठाकुर सोमवार को विश्रामपुर विस क्षेत्र के उंटारी प्रखंड मुख्यालय में भाजपा द्वारा आयोजित परिवर्तन संकल्प रैली के सभा में उमड़ी महती भिड़ को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने झारखंड सरकार पर चुनचुन कर हमाल बोला। कहा कि झामुमो - कांग्रेस की सरकार ने प्रदेश में लूट की छूट दे रखी है। प्रदेश के खनिज संपदाओं को लुटा जा रहा है। जल जंगल जमीन को बेचा जा रहा है। यह सरकार केंद्र प्रायोजित योजनाओं की भी राशि का बंदरबांट कर रही है। कांग्रेस के एक सांसद के पास से साढ़े तीन करोड़ रुपया बरामद हुआ। राज्य के एक मंत्री के पीए के नौकर के पास से करोड़ों रुपए मिले। श्री ठाकुर ने उत्पाद सिपाही भर्ती के अभियार्थियो की मौत पर भी राज्य सरकार को घेरा। कहा कि इनकी गलत नीतियों के कारण 17 घरों का चिराग बुझ गया। प्रदेश में कानून व्यवस्था चौपट हो गई है। इसलिए झारखंड में परिवर्तन जरूरी है। यह परिवर्तन सत्ता के लिय नही बल्कि जनसेवा और विकास के लिए होगा। भाजपा ने अलग झारखंड बनाया है और भाजपा ही राज्य का विकास करेगी। पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि इस सभा के माध्यम से आप सभी संकल्प लीजिए की राज्य की खुशहाली के लिए सत्ता का परिवर्तन करेंगे। और यह परिवर्तन सत्ता से ज्यादा व्यवस्था के लिए होगा। पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि जैसे हमने विश्रामपुर विस क्षेत्र का विकास किया है,वैसे ही भाजपा प्रदेश की सत्ता में आई तो झारखंड का भी पूर्ण विकास होगा। उन्होंने केंद्र के मोदी सरकार की उपलब्धियां भी गिनाई.सभा को कार्यक्रम प्रभारी सह चतरा के पूर्व सांसद सुनील सिंह,भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी,भाजपा नेत्री संध्या सिंह,भाजपा गढ़वा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद मेहता,टिकैत चौबे,निभाकर नारायण पांडेय आदि ने भी संबोधित किया। सभा की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अमित तिवारी व संचालन जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव ने किया। मौके पर प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह,विपिन बिहारी सिंह,रामाशीष यादव,जवाहर पासवान,रूपा सिंह,नरेंद्र कुमार पांडेय,विजेंद्र पाठक,धर्मदेव सिंह यादव,इदरीश हवारी,मनोज सिंह,रघुवीर सिंह चंद्रवंशी,सुरेंद्र नाथ तिवारी,नीरज तिवारी,अमित प्रजापति सहित कई लोग मौजूद थे।

### संकल्प सभा में कई लोग हुए भाजपा मे शामिल

संकल्प महासभा के दौरान कई लोग आज भाजपा में शामिल हुए। जिसमे खैरा विकास मंच के अध्यक्ष ललन प्रसाद पांडेय,कांग्रेस के पूर्व जिला सचिव मनोज शुक्ला,पूर्व पार्षद भारदूल चौधरी,रामप्यारे विश्वकर्मा,दिनेश विश्वकर्मा व चतुरी राम का नाम प्रमुख है। सभी को पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने माला पहनाकर पार्टी में स्वागत किया।

### परिवर्तन संकल्प रैली का जगह जगह हुआ स्वागत

परिवर्तन संकल्प रैली का विश्रामपुर विस क्षेत्र मे घुसते ही भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। रैली बी मोड़,विश्रामपुर,पांडू होते हुए उंटारी पहुंची। इस दौरान जगह जगह पर परिवर्तन रैली का आम लोगों और भाजपा कार्यक्रताओं ने स्वागत किया।

## बिनोद बाबू नाम नहीं, एक विचारधारा हैं : सुदेश महतो

रांची : बिनोद बाबू एक नाम नहीं एक विचारधारा हैं। राज्य की अस्मिता को बचाने के लिए हमें उनके विचारों पर आगे बढ़ना होगा। उनके विचारों का झारखंड स्थापित करना हमारा संकल्प। बिनोद बाबू के विचारों का अनुसरण करने की आवश्यकता है। युवाओं पर उनके सपनों को पूरा करने की जिम्मेदारी है। उनका जीवन दर्शन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने विस्थापितों को उचित मुआवजा और नौकरी दिलाने के लिए संघर्ष किया था। समाज सुधारक, कानून शिक्षाविद झारखंडी आवाम की सशक्त आवाज थे बिनोद बाबू।

उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने तोपचांची के पावापुर में स्व. बिनोद बिहारी महतो की 101वीं जयंती के उपलक्ष्य पर आयोजित झारखंड नवनिर्माण संकल्प सभा में कही। मौके पर उन्होंने उनकी छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

बिनोद बाबू ने समाज को पढ़ो और लड़ो का नारा देने के साथ ही शोषितों व वंचितों को शिक्षा से जुड़ने के उद्देश्य से कई स्कूल कॉलेज खोलने का काम किया था जिससे आज भी समाज में ज्ञान का उजियारा फैला रहा है। यह उनकी दूरदर्शी सोच का उदाहरण है। उन्होंने झारखंड आंदोलन को एक नई दिशा और रफ्तार दी थी। अलग राज्य के लिए उनके संघर्ष को मुकाम तक पहुँचाने का काम आजसू ने किया है।

राज सत्ता में बैठे लोग सत्ता के नशे में इस कदर चूर हो चुके है कि अपनी विरासत की ओर देखना भी नहीं चाहती है। सत्ताधारी पार्टी और सरकार ने बिनोद बाबू को भुला दिया है। राजनीति विचारधारा से भटक गई है।

### पौधारोपण एवम पर्यावरण संरक्षण विषय पर जन जागरण कार्यक्रम आयोजित



जमशेदपुर । लक्ष्मीनगर मध्य एवं उच्च विद्यालय में पर्यावरण पहल और विद्यालय प्रबंधन के संयुक्त प्रयास से पौधरोपण एवं पर्यावरण संरक्षण के विषय पर जनजागरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खादी ग्रामोद्योग आयोग के पूर्वी भारत के चेयरमैन मनोज सिंह एवं विशिस्ट अतिथि CBMD की झारखंड-बिहार की प्रमुख श्रीमती मंजू ठाकुर जी रहीं। मुख्य अतिथि मनोज सिंह ने विद्यालय के शिक्षकों को संबोधित करते हुए उनसे हर बच्चे से एक सवाल पूछने का आग्रह किया। वो सवाल है कि धरती पर ऐसा क्या है जिसके बिना मानव एक पल भी जीवित नही रह सकता ? सभी ने एक स्वर में जवाब दिया- वायु और जल। उन्होंने कहा कि मानव ने कभी भी मुफ्त में मिली हुई चीजों को महत्व नही दिया। प्रकृति ने हमे जीवन जीने के लिए जो भी दिया वो मुफ्त दिया लेकिन हमलोगों ने उसका विकास के नाम पर भरपूर दोहन किया। मानव रोज ना जाने कितना कार्बन डाइऑक्साइड प्रकृति में छोड़ता है, लेकिन क्या हमने उसे बेअसर करने का कोई भी प्रयास किया है?? क्या हमने अपने छोड़े हुए कार्बन डाइऑक्साइड के बराबर ऑक्सीजन प्रकृति में देने के लिए पौधरोपण किया। हमे इन सारे बातों को बच्चों के साथ साझा कर उनके चरित्र को भविष्य में पर्यावरण हितैसी के रूप में तैयार करना चाहिए।

## पूरे राज्य को दीमक की तरह आउटसोर्स खा रही है जिसे हटाना सरकार की प्राथमिकता है : इरफान अंसारी



रांचीः पूरे राज्य को दीमक की तरह आउटसोर्स खा रही है जिसे हटाना सरकार के प्राथमिकता है और ऐसे में ऊर्जा विकास श्रमिक संघ को हम आश्वस्त करते हैं इसे मुख्यमंत्री से मिलकर हटाने का काम करेंगे। राजकीय ग्रामीण विकास मंत्री डॉ इरफान अंसारी आज झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ की ओर से प्रोजेक्ट भवन घेराव कर रहे कर्मियों को संबोधित करते हुए कहीं। डॉक्टर अंसारी मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि के तौर पर श्रमिक संघ के धरना स्थल पर आकर उक्त आश्वासन दिए वहीं उन्होंने कहा कि जो वर्तमान में विद्युत कर्मियों का मानदेय है उसमें भी बढ़ोतरी को लेकर वह मुख्यमंत्री से बात करेंगे साथ ही उन्होंने श्रमिक संघ के सभी मांगों को जांच बताते हुए कहा कि झारखंड की माटी में रहने वाले नौजवानों को उनका हक दिलाना सरकार की प्राथमिकता है।

### मंत्री के आश्वासन के बाद धरना समाप्त किया गया

इससे पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ के बैनर तले हजारों विद्युतकर्मी संघ के अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में प्रोजेक्ट भवन घेराव करने दिन के 12:00 धुर्वा सेक्टर 3 गोलचक्कर मैदान पहुंचकर घेराव के लिए आगे बढ़े । घेराव कार्यक्रम को मौजूद पुलिस कर्मियों ने बलपूर्वक रोकने का काम किया,इस दौरान कर्मियों के साथ धका मुकी भी पुलिस की हुई ।मौके पर डीएसपी प्रमोद मिश्रा ने मामले को संभाला अन्यथा मामला काफी गरम था । आगे बढ़ने से रुकने के उपरांत श्रमिक संघ के हजारों सदस्यों ने गोल चक्कर मैदान प्रोजेक्ट भवन रास्ते में ही धरने पर बैठ गए और नारेबाजी शुरू कर दी जिससे उसे रास्ते से आवागमन पूरी तरह बाधित रहा।

इस अवसर पर अजय राय ने बताया कि मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी के आश्वासन के बाद धरना समाप्त किया गया इस कमिटमेंट के साथ अगर समय रहते इस पर कार्रवाई नहीं होती है तो श्रमिक संघ आंदोलन के लिए स्वतंत्र होगा और जो भी कदम उठाना होगा उठाया जाएगा। आउटसोर्स व्यवस्था खत्म कर, पुरानी व्यवस्था लागू करे ,होमगार्ड के तर्ज पर विद्युत कर्मियों का भी मानदेय 1000 रुपए से ऊपर अनुभव के आधार पर चार वर्गों में तय हो , नियमित नियुक्ति में प्राथमिकता तय हो ,10 वर्ष से ऊपर सेवा देने वाले कर्मियों का नियमित नियुक्ति हो,सभी सप्लाई एवम ट्रांसमिशन जोन में हुए एरियर घोटाले की जांच हो और जहां एरियर नहीं दिया गया है वहां पर उसका भुगतान सुनिश्चित हो।

अमित शुक्ला , मुकेश साहू नेधीरेन्द्र पंडेय ,मोनू कुमार, अरुण गुप्ता ,बालो साव ,मंटू ठाकुर सतीश विश्वकर्मा ,तैयब अंसारी ,प्रिंस तिवारी ,सुनील सिंह ,रामलाल राम ,सरवन दास ,मनीष शर्मा ,पीकू दुबे ,बीरेंद्र यादव ,गुप्तानाथ यादव,अनिकेत सिंह ,विजय सिंह,शिवनारायण साहू, सूर्य देव सिंह राजेंद्र राम आयुष कुमार सिंह अविनाश पूरी आशीष पासवान समीर दीपक अकरम हुसैन राधेश्याम सिंह सुशील सोरेन कुलदीप मिंज सरवन प्रसाद नवीन तिर्की पीतांबर सुशील पासी त्रिवेणी पासी नीलांबर अबू तालिब देवेंद्र नाग पुना सिंह हीरालाल यादव अमीत टेटे सुरज उरांव गौतम कुमार असीम सोरेंग प्रमोद मिंज अल्फोंस तिग्गा अनूप टोप्पो अखिलेश बड़ा रविन्द्र नाथ मिश्र अर्पण कुजूर विल्सन मिंज अत्यंत कुजूर लोकनाथ अहीर जॉनसन मिंज दिनेश टोप्पो सहित हजारों विद्युत कर्मी शामिल हुए।

## जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के बैनर तले बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ आक्रोश मार्च

रांचीः जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के बैनर तले बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ आक्रोश मार्च जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम से अल्बर्ट एक्का चौक तक निकाला गया कार्यक्रम की अध्यक्षता जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष भावेश सिंह ने प्रदेश महासचिव श्री महेश भारती के नेतृत्व में महामंत्री चंदन चौधरी के साथ किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय ससंयोजक सह प्रदेश प्रभारी कौशल किशोर राय रहे |सत्ता परिवर्तन होने के बाद बांग्लादेश में तानाशाही मिलिट्री द्वारा बर्बरता पूर्वक हिंदू महिलाओं पर अत्याचार बलात्कार एवं मंदिरों को तोड़ा जा रहा है एक विशेष समुदाय द्वारा केवल सनातन धर्म मानने वालों पर ही अत्याचार हो रहा है इसके विरोध में फाउंडेशन द्वारा आक्रोश मार्च के माध्यम से बांग्लादेश मिलिट्री को बताना चाहती है कि वह हिंदुओं के साथ पूरा भारत खड़ा है जरूरत पड़े तो हम शस्त्र लेकर भी खड़े होंगे साथ ही साथ हमने भारत सरकार से मांग की बांग्लादेशी घुसपैठ को जल्द से चल बंद झारखंड सहित पूरे देश में अभिलंब कार्रवाई करे और जनसंख्या नियंत्रण कानून बने "हम दो हमारे दो सबके दो" कानून बने ऐसी पहल हो वक्ताओं में इस आक्रोश रैली में अपने-अपने तरीके से विरोध किया, JSF के प्रदेश संयोजक सह राष्ट्रीय ससंयोजक कौशल राय ने कहां की जो स्थिति परिस्थिति पूरे झारखंड में आज देखने को मिल रहा है यह गहरी षड्यंत्र के तहत दूसरा बांग्लादेश बनाने का प्रयास कर रहे हैं आज पाकिस्तान और बांग्लादेश हिंदू खत्म होते जा रहे हैं एक विशेष समुदाय हावी होते जा रहा है अभी नहीं जागे तो समय आएगा जब अत्याचार के माध्यम से कब्जा जमाने की कोशिश करेंगे,प्रदेश अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा झारखंड राज्य के संथाल परगना प्रमंडल में बांग्लादेशी घुसपैठ के कारण जनसांख्यिकी बदल रहा है जो एक गहरी चिंता का विषय है इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से JSF की महिला प्रदेश अध्यक्ष गीता मिश्रा,प्रदेश प्रचारक प्रमुख स प्रदेश कार्यालय प्रभारी प्रवीण ओझा, अरविन्दर सिंह खुराना, गुमला जिला महिला अध्यक्ष रेखा सिन्हा, प्रदेश महासचिव महेश भारती, बोकारो जिला महामंत्री विक्रम महतो, उपाध्यक्ष गौरी शंकर रांची जिला महासचिव चंदन चौधरी, , , संतोष शर्मा, शैलेश नंद तिवारी, बिट्टू सिंह, दिलीप रजक आदि सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे.


**e-Procurement Cell**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION NO. – 1, RANCHI**
**(Behind State Guest House Morhabadi)**
**Dindayal Nagar Booty Road Ranchi-834008**

**Short Term e-Procurement Notice**
Date – 23-09-2024

| Sl. No. | Tender Reference No. | Work Name | Amount (Rs.) | Completion Time |
|---|---|---|---|---|
| 1 | BCD/Div.No.-1, Ranchi/39/2024-25 | Renovation of Main Building and Roof Treatment of Civil Court Building at Kutchery, Ranchi | 12081000 | Three Month |
| | BCD/Div.No.-1, Ranchi/40/2024-25 | Exterior & Interior work of Office at Fire Bridge Service Headquarter Building at Doranda, Ranchi | 9984800 | Three Month |
| 2 | Start Date of Submission of Bids | | 30-09-2024 at 11.00 AM | |
| 3 | Last Date/Time of Submission of Bids | | 07-10-2024 at 11.00 AM | |
| 4 | Date/Time of Opening of Bid | | 08-10-2024 at 11.00 AM | |
| 5 | Helpline Number of e-procurement Cell | | 8527519262 | |
| 6 | e-mail ID | | eebcddiv1ranchi@gmail.com | |
| 7 | Note :- Cost of bidding document (Non Refundable) & Bid Security Shall be payable on online through http://Jharkhandtenders.gov.in<br>Any Change can be on Website http://Jharkhandtenders.gov.in<br>Any Other information can be on Website http://Jharkhandtenders.gov.in | | | |

PR 336649 (Building) 24-25 (D)

Executive Engineer
Building Construction Department
Building Division No. 1, Ranchi



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, सिमडेगा**

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – प0नि0वि0 / सिमडेगा / 06 / 2024–25,
दिनांक 23.09.2024

1. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल सिमडेगा।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– **01.10.2024** को पूर्वाह्न 11.00 से अपराह्न 3.00 बजे तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– **04.10.2024** को अपराह्न 3.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– **04.10.2024** को अपराह्न 3.30 बजे।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– क) मुख्य अभियंता (यातायात) का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, अभियंत्रण छात्रावास, गोल चक्कर, धुर्वा, राँची।
   ख) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ अचंल, राँची।
   ग) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, सिमडेगा।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– क्रमांक 5 में उल्लेखित स्थानों पर।
7. कार्य की विवरणी :–

| क्रं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रूपया में) | परिमाण विपत्र का मुल्य (रूपया में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सिमडेगा–रेंगारी–केरसई–बोलबा उड़ीसा सीमा पथ के कि.मी. 21.00 से 48.21 कि.मी. में साधारण मरम्मति कार्य। | 20.00 | 40,000.00 | 5000.00 | 60 दिन |
| 2. | कोचेडेगा–रामरेखाधाम–छत्तीसगढ़ सीमा पथ के कि.मी. 13–15 में (घाटी क्षेत्र) में पथ के फ्लैक में मिट्टी एवं PCC कार्य। | 25.00 | 50,000.00 | 5000.00 | 60 दिन |
| 3. | ठेठईटांगर–बोलवा–केरसई–किनकेल (SHAJ) पथ में साधारण मरम्मति कार्य। | 25.00 | 50,000.00 | 5000.00 | 60 दिन |
| 4. | सिमडेगा–सेवई–किनकेल–कुरडेग –कुटमाकच्छार छत्तीसगढ़ सीमा तक पथ के कि.मी. 28वें में चिन्हित Black Spot स्थान पर पथ का चौड़ीकरण कार्य। | 25.00 | 50,000.00 | 5000.00 | 60 दिन |
| 5. | कोचेडेगा–रामरेखाधाम–छत्तीसगड़ सीमा पथ के कि.मी. 11 में नये 2x2 मी0 आकार का पुलिया निर्माण कार्य। | 20.00 | 40,000.00 | 5000.00 | 60 दिन |
| 6. | सिमडेगा–रेंगारी–केरसई–बोलबा–उड़ीसा सीमा पथ के 7वें कि. मी. में 2x2 मी0 आकार का पुलिया निर्माण कार्य। | 25.00 | 50,000.00 | 5000.00 | 60 दिन |
| 7. | कोचेडेगा–रामरेखाधाम–छत्तीसगड़ सीमा पथ के कि.मी. 07 में अवस्थित पुलिया की मरम्मति एवं गार्डवाल निर्माण कार्य। | 20.00 | 40,000.00 | 5000.00 | 60 दिन |
| 8. | ठेठईटांगर–बोलवा–केरसई–किनकेल (SHAJ) पथ में सड़क सुरक्षा से संबंधित कार्य। | 20.00 | 40,000.00 | 5000.00 | 30 दिन |
| 9. | कोचेडेगा–रामरेखाधाम–छत्तीसगड़ सीमा पथ के कि.मी. 13,14 एवं 15 में W-metal Beam Crash Barrier कुल लंबाई 800मी. का अधिष्ठान कार्य। | 18.00 | 36,000.00 | 5000.00 | 30 दिन |
| 10. | जोराम (एन.एन.–143 पर) सारंगबेडा (उड़ीसा सीमा तक) पथ में सड़क सुरक्षा से संबंधित कार्य। | 10.00 | 20,000.00 | 1250.00 | 30 दिन |

1. निविदा की शर्त्ते कार्यालय के सूचना पट पर देखी जा सकती है, जिसका अनुपालन अनिवार्य होगा।
2. प्राक्कलित एवं अग्रधन की राशि घट–बढ़ सकती है, जो कि परिमाण विपत्र बिक्री के समय देखा जा सकता है।
3. परिमाण विपत्र का मूल्य **भारतीय स्टेट बैंक द्वारा जारी बैंक ड्राफ्ट** के रूप में ही स्वीकार्य होगा, जो निविदा आमंत्रण तिथि के बाद जारी की गई हो तथा किसी भी परिस्थिति में लौटाया नहीं जाएगी एवं बैंक ड्राफ्ट कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, सिमडेगा के पदनाम से हो।
4. पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार में निबंधित संवेदकों के लिए युकेन निबंधन आवश्यक है।
5- PWD कोड में संशोधन के फलस्वरूप 10 प्रतिशत न्यूनतम दर की अधिसीमा समाप्त कर दी गई है।
6. पथ प्रमण्डल, सिमडेगा अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2022–23 एवं 2023–24 गैर–योगना मद अंतर्गत अपूर्ण कार्य करने वाले संवेदकों को निविदा प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

PR 336627 Rural Development(24-25)#D

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल सिमडेगा

# डोरंडा स्थित जैप 1 में 16वीं झारखंड राज्य पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ, 1500 खिलाड़ी लेंगे भाग

रांची : डोरंडा स्थित जैप 1 में सोमवार को 16वीं झारखंड राज्य पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ. खेल मंत्री मिथिलेश ठाकुर और डीजीपी अनुराग गुप्ता ने दो दिवसीय (24 और 25 सितंबर) प्रतियोगिता का उद्धाटन किया. इस मौके पर जैप एडीजी प्रिया दुबे, जैप आईजी राजकुमार लकड़ा, जैप डीआईजी मयूर पटेल कन्हैयालाल, जैप कमांडेंट राकेश रंजन समेत कई पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे. इस खेलकूद प्रतियोगिता में करीब 1500 पुलिस खिलाड़ी भाग लेंगे. बेहतर खेलने वाले खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली टीम के लिए किया जायेगा. खेलकूद प्रतियोगिता में




फुटबॉल, बास्केटबॉल, टेबल टेनिस, पेंचाक सिलाट, योग, वॉलीबॉल, हॉकी, कुश्ती, कबड्डी, क्रास कंट्री, मैराथन, हैंडबॉल, तीरंदाजी, खो-खो, एथलेटिक्स, जिमनास्टिक, बॉक्सिंग, जूडो, वुशु, ताइक्वांडो, वेटलिफ्टिंग, कराटे, बॉडीबिल्डिंग और पावरलिफ्टिंग शामिल हैं. इस उद्धाटन समारोह के सफल बनाने में संजय आनंद लाठकर, अपर पुलिस महानिदेशक, (अभियान), झारखण्ड, राँची, आर०के० मल्लिक, अपर पुलिस महानिदेशक (मुख्यालय), झारखण्ड, राँची,प्रिया दूबे, अपर पुलिस महानिदेशक, झा०स०पु०,




रांची, राजकुमार लकड़ा, पुलिस महानिरीक्षक, झा०स०पु०, राँची ए० विजया लक्ष्मी, पुलिस महानिरीक्षक (प्रशिक्षण), झारखण्ड, राँची, असिम विक्रांत मिंज, पुलिस महानिरीक्षक, अपराध अनुसंधान विभाग, राँची. मनोज कौशिक, पुलिस महानिरीक्षक (मानवाधिकार), झारखण्ड, राँची, पटेल मयूर कनैयालाल, पुलिस उप-महानिरीक्षक, झा०स०पु०, राँची, अनुप बिरथरे, पुलिस उप महानिरीक्षक, द०छो० क्षेत्र, राँची अजय लिंडा, पुलिस उप-महानिरीक्षक, गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्नि शमन सेवाएँ, झारखण्ड, राँची नौशाद आलम, पुलिस उप-महानिरीक्षक, कार्मिक, झारखण्ड, राँची तथा सभी वरीय पुलिस अधीक्षक / समादेष्टाओं की उपस्थिति महत्वपूर्ण रही. साथ ही इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रशिक्षक, खिलाड़ी, मिडिया तथा आगंतुक का महत्वपूर्ण योगदान रहा.

# झारखंड राज्य आंगनबाड़ी सेविका सहायिका संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने किया रोषपूर्ण प्रदर्शन

रांची : झारखड राज्य आंगनबाड़ी सेविका सहायिका संयुक्त संघर्ष मोर्चा के द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत रांची में मुख्यमंत्री झारखण्ड के आवास तक अपनी मांगों के समर्थन में रोष पूर्ण प्रदर्शन किया गया. इसमें राज्यभ र के हजारों सेविका – सहायिका ने भाग लिया. इस अवसर पर अशोक सिंह नयन ने कहा कि सरकार अविलंब आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका की मांग पूरी करें. माला देवी ने कहा कि सहायिकाओ को एक मुश्त रिटायरमेंट और पेंशन की व्यवस्था की जानी चाहिए. वहीं, समाज कल्याण विभाग के समान पद कोटि और शैक्षणिक योग्यता के संविदा कर्मियों के बीच व्याप्त मानदेय विसंगति में सुधार कर एकरूपता लाने की आवश्यकता है. मनरेगा कर्मचारी संध से महेश सोरेन ने मेहनत कस लोगों को सम्मान दिलाने की मांग की. आज के रोष पूर्ण प्रदर्शन में



अशोक कुमार नयन,, विक्रांत ज्योति,सुशील कुमार पाण्डेय, देवयंती देवी, माला देवी, लीना सिन्हा, महेश सोरेन, प्रयाग प्रसाद यादव, राखी देवी, रामचंद्र, पुष्पा देवी, विरमा कुमारी ,रेखा मंडल रेखा देवी,मीरा देवी, प्रतिमा देवी सहित दर्जनों नेता मौजूद थे तथा धन्यवाद ज्ञापन राखी देवी द्वारा किया गया कार्यक्रम में सुशीला देवी, रूबी कुमारी, सोमा महतो, सोमा मुखर्जी सहित राज्यभ र से हजारों आँगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने भाग लिया. धन्यवाद ज्ञापन राखी देवी द्वारा किया गया.

# दुर्गा पूजा पांचा की समिति गठित

रांची | दुर्गा पूजा समिति पांचा की बैठक वीरेंद्र कुमार साहू की अध्यक्षता में हुई। जिसमें दुर्गा पूजा व रावण दहन धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया मौके पर सफल संचालन के लिए नई समिति गठित की गई। नई संचालन समिति में मुख्य संरक्षक संतु साहू, आशेश्वर लाल गुप्ता, प्रकाश चौधरी, नवीन साहू, बालक महतो व दिलीप महतो, अध्यक्ष रवि साहू, उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार साहू व शंकर चौरसिया, सचिव रामानंद महतो, उप सचिव देवराज करमाली व सचिन करमाली, कोषाध्यक्ष विनोद कुमार साहू, उपकोषाध्यक्ष गोपाल श्रीवास्तव व विक्की साहू को बनाया गया। इस अवसर पर कृष्ण नाथ साहू, राजधाम साहू, आनंद महतो, पवन साहू, संजय महतो, आशीष साहू, सुभाष साहू, सेना प्रजापति, सरोज महतो, सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## हाईकोर्ट से सांसद निशिकांत को राहत

रांचीः झारखंड हाईकोर्ट ने गोड्डा के सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ 30 सितंबर तक पीड़क कार्रवाई पर रोक का आदेश दिया है. दरअसलल देवघर स्थित परित्राण मेडिकल ट्रस्ट की सम्पति बाबा बैद्यनाथ मेडिकल ट्रस्ट द्वारा ख़रीदे जाने के मामले में शिवदत्त शर्मा ने निशिकांत दुबे के खिलाफ जालसाजी का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज करवाई है. जिसे रद्द करने के लिए सांसद



निशिकांत दुबे ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है. निशिकांत दुबे की याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने पुलिस को उनके खिलाफ किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं करने का निर्देश दिया है.

# मइयां सम्मान समारोह में शामिल हुई 1500 महिलाएं




रांची। सोमवार को रांची में मइयां सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कांग्रेस के एससी-एसटी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के राजू शामिल हुए। इन्होंने प्रदेश के महागठबंधन सरकार के द्वारा महिलाओं के शशक्तिकरण व उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के प्रयासों की सराहना की। साथ ही महिलाओं को आगामी विधानसभा में 50 प्रतिशत आरक्षण दिलाने की बात कही। वहीं मइयां योजना से प्रदेश के प्रत्येक घरों की महिलाएं काफी खुश हैं। इस समारोह में कांके विधानसभा क्षेत्र से प्रदेश कांग्रेस कमिटी की सचिव इंदिरा तुरी के नेतृत्व में 1500 महिलाएं शामिल हुई। समारोह में काँग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह, पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, विद्यायक शिल्पी नेहा तिर्की, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अजयनाथ शाहदेव, उर्मिला पांडेय, सुधा झा, नीलू देवी, अनिता देवी, फूलो देवी, अनिता पासवान समेत सैकड़ो महिलाएं शामिल हुई।

# मुख्य चुनाव आयुक्त के नाम जेएमएम की चिट्‌ठी:दिसंबर में हो विधानसभा चुनाव, स्टार प्रचारकों को मिले फ्लाइंग जोन की सुविधा

रांची : झारखंड विधानसभा चुनाव को देखते हुए चुनाव आयोग की टीम आज से अगले दो दिनों तक चुनाव की परिस्थितियों का जायजा लेगी। इस दौरान टीम पांच मैराथन बैठक भी करेगी। आज राजनीति दलों के साथ बैठक भी कर रही है। इसी बीच जेएमएम की ओर से एक पत्र मुख्य चुनाव आयुक्त के नाम भेजा गया है। जिसमें पार्टी की ओर से छह अलग-अलग मांग रखी गई है।

## पार्टी के स्टार प्रचारकों को भी मिले समय

पार्टी महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य की ओर से भेजे गए पत्र में कहा गया है कि पांचवीं विधानसभा के चुनाव के बाद नई सरकार का गठन 29 दिसंबर 2019 को किया गया था। ऐसे में छठे विधानसभा के लिए मतदान दिसंबर के पहले सप्ताह में हो तो सरकार अपना कार्यकाल पूरा कर सकेगी।

वहीं आग्रह किया गया है कि सभी राजनैतिक दलों को चुनाव प्रचार के लिए एक समान अवसर मिले। पार्टी के आयोग से आग्रह किया है कि ऐसी व्यवस्था की जाए कि विरोधी पार्टियों मिले फ्लाइंग जोन और समय की वजह से पार्टी के स्टार प्रचारकों के फ्लाइंग जोन और समय मिलने में दिक्कत न हो। वहीं कहा गया है कि चुनाव प्रचार के लिए ग्राउंड की उपलब्धता भी हो।

## जरूरत पड़े तभी चुनाव में उतारें अर्धसैनिक बल

आयोग के नाम भेजी गई चिट्‌ठी में कहा गया है कि राज्य में चुनाव के दौरान आवश्यकता पड़ने पर ही अर्धसैनिक बलों को तैनात किया जाए। इसके पीछे पार्टी ने तर्क दिया है कि राज्य में झारखंड जगुआर, झारखंड सशस्त्र पुलिस (जैप) और जिला बल के जवान हैं। वहीं ये सारे पूरी तरह से प्रशिक्षित भी हैं।

पार्टी ने चुनाव प्रचार के दौरान सभाओं में जाति-धर्म के नाम पर भाषण देने पर रोक लगाने की मांग की है। वहीं भाजपा को लेकर शिकायत भी की है कि बीजेपी के केंद्रीय स्तर के नेता अगस्त महीने से ही अलग-अलग जगहों पर सभा कर रहे हैं, जहां वे धर्म और जाति का जिक्र कर रहे हैं। ऐसा करने से धार्मिक और सांस्कृतिक विभाजन की स्थिति पैदा हो गई है।

## जानें क्या है दूसरी पार्टियों की मांग

### भाजपा की प्रमुख मांगें

गृह सचिव वंदना दादेल को चुनाव कार्य से अलग किया जाए।

बांग्लादेशी घुसपैठियों का पहचान पत्र रद्द किया जाए।

त्योहारों को ध्यान में रखते हुए मतदान की तिथि घोषित की जाए।

कम से कम चरणों में मतदान हो।

कांग्रेस की प्रमुख मांगें

अफवाह फैलाने वाले भाजपा नेताओं को झारखंड में आने से रोका जाए।

15 नवंबर के बाद चुनाव कराए जाएं।

त्योहारों को ध्यान में रखते हुए चुनाव की तिथि की घोषणा की जाए।

कम से कम चरणों में मतदान हो।

आजसू की प्रमुख मांगें

चुनाव तय तिथि पर ही कराए जाएं।

निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से कई चरणों में चुनाव कराए जाएं।

# मंजूनाथ भजंत्री मामले में इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया की अपील स्वीकृत, एकल पीठ का आदेश खारिज

रांचीः देवघर के पूर्व उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने एवं चुनावी कार्यों से उन्हें अलग रखने के इलेक्शन कमीशन ऑफ़ इंडिया(ईसीआई) के आदेश को लेकर मंजूनाथ भजंत्री की याचिका में हाई कोर्ट एकल पीठ के आदेश को चुनौती देने वाली इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया (ईसीआई) की अपील (एलपीए) पर झारखंड हाईकोर्ट ने फैसला सुनाया है. हाई कोर्ट की खंडपीठ ने ईसीआई की अपील को स्वीकृत कर लिया. साथ ही एकल पीठ के आदेश को निरस्त कर दिया. पूर्व में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था. ईसीआई की ओर से अधिवक्ता राजीव सिन्हा ने पैरवी की थी. ईसीआई की दलील थी कि इस मामले की सुनवाई सेंट्रल एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रिब्यूनल (कैट) में होनी चाहिए थी. लेकिन हाई कोर्ट की एकल पीठ ने इस मैटर को डब्लूपीसी के रूप में सुनवाई योग्य मानते हुए सुनवाई के लिए सक्षम बेंच में ट्रांसफर किया था. जिसे ईसीआई ने हाई कोर्ट की खंडपीठ में अपील (एलपीए) दायर चुनौती दी थी.

# झारखंड होमगार्ड विभाग में फर्जी तरीके से नौकरी कर रहे दो और जवान पकड़े गए

रांचीः झारखंड होमगार्ड विभाग में फर्जी तरीके से नौकरी कर रहे दो और होमगार्ड का जवानों पकड़ा गया है. जिनमें अशोक टोप्पो और नौशाद कादरी शामिल है. इससे पहले झारखंड होमगार्ड विभाग में फर्जी तरीके से नौकरी करने के मामले में कंपनी कमांडर समेत पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ था. यह मामला गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन विभाग के डीजी अनिल पालटा के निर्देश पर धुर्वा थाना में 20 सितंबर को दर्ज हुआ था. जिन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है, उसमें कंपनी कमांडर कैलाश यादव के अलावा फर्जी तरीके से होमगार्ड की नौकरी कर रहे आरिफ अंसारी, आसिफ अंसारी, जगदीश टोप्पो और निसाद अहमद का नाम शामिल है. फर्जी तरीके के नौकरी करने वाले सभी रांची के कांके, रातू और नामकुम के रहने वाले हैं. इस खुलासे के बाद से कंपनी कमांडर कैलाश यादव समेत अन्य आरोपियों की तलाश जारी है.

# भगवान बिरसा मुंडा की पावन धरती गरीबों के संघर्ष की धरती है : मंत्री संतोष

रांची । हम पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार सरकार के मंत्री डॉ संतोष कुमार सुमन ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की पावन धरती गरीबों के संघर्ष की धरती है. राज्य गठन के बाद भाजपा की सरकार में तेज गति से विकास हुआ था. लेकिन जब से हेमंत सोरेन की सरकार आई है. भ्रष्टाचार के मामले आए. यहां के मुख्यमंत्री को जेल भी जाना पड़ा. जगजाहिर है कि यहां किस तरह झारखंड में भ्रष्टाचार हावी है. मंत्री सोमवार




को हम द्वारा पुराने विधानसभा सभागार में कार्यकर्ताओं के मिलन समारोह के अवसर पर बोल रहे थे. उन्होंने कहा कि झारखंड में स्वच्छ और कुशल सरकार चाहिए; जो झारखंडवासियों का ख्याल रख सके. एनडीए की सरकार आई तो डबल इंजन की सरकार बनेगी और झारखंड में चौगुनी विकास होगा. हम पार्टी के सहयोग से केंद्र में सरकार चल रही है. इसी को ध्यान में रखते हुए अब हम पार्टी का विस्तार दूसरे राज्यों में किया जा रहा है. झारखंड में भी पार्टी का विस्तार होगा. हम पार्टी का उद्देश्य वोट बैंक की राजनीति और धर्म की राजनीति करना नहीं है. बल्कि गरीबों और अमीरों के बीच बनी खाई को पाटते हुए समाज के अंतिम पायदान पर खड़े हर गरीब व्यक्ति को संपन्न बनाना है. कार्यक्रम के दौरान रिपब्लिक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डब्लू महतो को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया. डबलू महतो ने कहा कि कई पार्टी में उपर से निर्देश मिलता है कि हमें क्या करना है भले ही पद प्रदेश अध्यक्ष ही क्यों न हो. लेकिन हम पार्टी में काम करने की आजादी है. झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र भुईया ने कहा हम पार्टी को झारखंड में इतनी मजबूत बनाएंगे की आने वाले समय में हम पार्टी के बिना राज्य में कोई सरकार नहीं चल सकेगा. इस दौरान सुग्रीव राम, धर्मेंद्र भुइंया समेत झारखंड के विभिन्न जिलों से आए हम पार्टी के जिला अध्यक्ष व कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद है.

# झारखंड के आठ जेलों का होगा जीर्णोद्धार, गृह विभाग ने राशि आवंटित की

रांची : झारखंड के आठ जेलों में जीर्णोद्धार का काम होगा. इसको लेकर झारखंड गृह विभाग ने 3.24 करोड़ की राशि आवंटित की है. गृह विभाग ने अपने जारी आदेश में कहा है कि इस राशि की निकासी और खर्च करने की जिम्मेदारी जेल अधीक्षक की होगी. जिला अधीक्षक संबंधित जिला कोषागार से राशि निकासी कर झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन के खाते में ट्रांसफर करायेंगे.

## जानें किस जेल में कितनी लागत से होगा मरम्मति का काम

– बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार रांची में बाउंड्री वॉल की मरम्मत : 84 लाख
– खूंटी जेल में टॉयलेट मरम्मति का कार्य : 22 लाख
– घाटशिला जेल में अस्पताल की मरम्मति : 22 लाख
– जामताड़ा जेल में अस्पताल भवन की मरम्मति : 62 लाख
– सरायकेला जेल में अस्पताल का जीर्णोद्धार : 23 लाख
– खूंटी जेल में अस्पताल की मरम्मति : 11 लाख
– बोकारो के चास जेल की मरम्मति : 48.45 लाख
– कोडरमा जेल में अस्पताल का जीर्णोद्धार : 30.43 लाख
– पलामू जेल में अस्पताल की मरम्मति : 21.84 लाख

## 25 सिंतबर से राज्य के कुछ हिस्सों में भारी बारिश की संभावना, तापमान में होगी गिरावट

रांचीः राज्य का मौसम एक बार फिर से बदलने वाला है. आने वाले दो दिनों के दौरान राज्य में फिर से भारी बारिश होने की संभावना है. मौसम विज्ञान केंद्र रांची की माने तो 25 सितंबर से फिर भारी वर्षा की संभावना है. वहीं, 27 सितंबर तक कहीं-कहीं हल्की व मध्यम दर्जे की वर्षा होने की संभावना है.

## 30 तक हरहाल में पूरा करें फ्लाईओवर का कामः सचिव



रांचीः नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने जुडको और कांटाटोली फ्लाईओवर का काम कर रही एजेंसी को हरहाल मे 30 सितंबर तक काम पूरा कर चलायमान बना देने का निर्देश दिया है. श्री कुमार ने सोमवार को फ्लाईओवर के कार्य की प्रगति का निरीक्षण के दौरान यह निर्देश दिया.

## ग्रामीण कार्य विभाग में 20 इंजीनियरों का ट्रांसफर

रांचीः ग्रामीण कार्य विभाग में 20 कनीय अभियंताओं का स्थानांतरण पदस्थापन किया है. इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है.

## नवरात्र से पहले राजधानी रांची की सड़कें होगी चकाचक, स्वच्छता के लिए RFID के इस्तेमाल पर जोर

रांचीः नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव के निर्देश पर शहर की सड़कों में दिख रहे गड्ढों का जल्द मरम्मतीकरण किया जाएगा. इसके लिए राजधानी के सड़कों को चिन्हित किया जा रहा है और अलग-अलग मरम्मत कार्य के लिए टेंडर भी जारी किया जा रहा है.

## मंत्री इरफान अंसारी को हाईकोर्ट से बड़ा झटका, एससी-एसटी केस रद्द करने से कोर्ट का इंकार

रांचीः कांग्रेस के जामताड़ा विधायक और मंत्री इरफान अंसारी को सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है. अदालत ने उनकी उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने 2 जुलाई 2022 को सुनीता देवी द्वारा जाति सूचक शब्द का इस्तेमाल करने को लेकर दर्ज करवाई गई प्राथमिकी निरस्त करने की मांग की थी. समेत अन्य गंभीर आरोप लगाते हुए शिकायतवाद दर्ज कराई थी. हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई. दरअसल मंत्री इरफान अंसारी के खिलाफ 2 जुलाई 2022 को सुनीता देवी ने जाति सूचक शब्द का इस्तेमाल करने समेत अन्य गंभीर आरोप लगाते हुए शिकायतवाद दर्ज कराई थी. जिसपर जिला अदालत संज्ञान ले चुका है.

## होमगार्ड एसोसिएशन के महासचिव को सेवा मुक्त करने के खिलाफ याचिका पर हाईकोर्ट में हुई सुनवाई

रांचीः झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव राजीव कुमार तिवारी को होमगार्ड मुख्यालय द्वारा बिना कोई जांच पड़ताल किए सेवा मुक्त करने के खिलाफ दायर याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. सुनवाई के दौरान अदालत ने सरकार को छह सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है. इस मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस दीपक रौशन की कोर्ट में हुई. बता दें कि इससे पहले भी राजीव कुमार तिवारी को होमगार्ड विभाग ने बिना कोई स्पष्टीकरण पूछे व बिना किसी जांच पड़ताल किए एक तरफा कार्रवाई कर सेवामुक्त कर दिया था. इस सेवामुक्ति के खिलाफ भी राजीव तिवारी ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी.जिसके बाद अदालत ने राजीव कुमार तिवारी के विरुद्ध होमगार्ड मुख्यालय द्वारा पारित सेवामुक्ति संबंधित सभी आदेश को रद्द कर दिया था.

## 25 सितंबर को शपथ लेंगे झारखंड हाईकोर्ट के नए चीफ जस्टिस एम एस रामचन्द्र राव



रांचीः झारखंड हाईकोर्ट के नए चीफ जस्टिस एम एस राम चन्द्र राव 25 सितंबर को शपथ लेंगे. राजभवन में राज्यपाल उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाएंगे. शनिवार को राष्ट्रपति ने चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में हुई कॉलेजियम की बैठक में लिए गए निर्णय पर मुहर लगाते हुए जस्टिस एम एस राम चन्द्र राव को झारखंड हाईकोर्ट का चीफ जस्टिस नियुक्त किए जाने की अधिसूचना जारी कर दी है.जिसके बाद अब उनके शपथ ग्रहण कार्यक्रम की तैयारी शुरू कर दी गई है.

## नेटबंदीः झारखंड सरकार पर हमलावर बीजेपी, प्रवक्ता प्रतुल ने कहा- कोर्ट ने सरकार को फ्रॉड कहा, वैसे भी झूठ बोलने का है पुराना रिकॉर्ड



रांचीः सीजीएल परीक्षा के दौरान नेटबंदी को लेकर कोर्ट ने सख्त रवैया अख्तियार करते हुए सरकार को फटकार लगायी है. कोर्ट ने रविवार को ही आकस्मिक रूप से मामले पर सुनवाई की. न्यायमूर्ति आनंदी सेन और एआर चौधरी की खंडपीठ ने राज्य सरकार से नाराजगी जताते हुए कहा कि कोई भी इंटरनेट सेवा बाधित किया जाना है, तो उससे पहले उच्च न्यायालय का आदेश लिया जाना जरूरी होगा. भविष्य में इस बात का ध्यान रखे और परीक्षा के लिए इंटरनेट सेवा बाधित किया जाना कहीं से उचित नहीं है. अदालत ने आज राज्य सरकार के गृह सचिव को सशरीर उपस्थित होने का निर्देश दिया था, साथ ही वो फाइल जमा कराने का निर्देश दिया गया था, जिसमें इंटरनेट सेवा को बाधित किए जाने का आदेश जारी किया गया था.

# सम्पादकीय

**कोयलांचल संवाद** 4

रांची, मंगलवार, 24 सितंबर, 2024

www.koylanchalsamvad.com


## संविदा और दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों का सरकारी शोषण?

पिछले कई दशकों से सरकार खाली पदों को नहीं भर रही है। रिक्त पदों को भरने के स्थान पर स्वीकृत पदों की कटौती कर रही हैं। सेवा निवृत्ति कर्मचारी के स्थान पर दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की नियुक्ति करते हैं। पिछले कुछ वर्षों में संविदा के आधार पर ठेकेदारी प्रथा पर बड़ी संख्या में कर्मचारियों को रखा जा रहा है। कई सालों से दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी काम कर रहे हैं। उन्हें नियमित नहीं किया गया। उन्हें बहुत कम वेतन दिया जाता है। सरकारी कमर्चारियों की तरह उन्हें कोई सुविधा भी नहीं मिलती है। दैनिक वेतन भोगियों और संविदा कर्मचारी की नौकरी सुरक्षित नहीं है। दो दशक पहले दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी सरकारी विभागों में रिश्वत देकर नौकरी पाते थे। परिवार वालों को लगता था, एक बार दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी के रूप में नियुक्ति हो गई। आगे चलकर वह नियमित कर्मचारी हो जाएंगे। दो दशक से ज्यादा हो गए, अभी तक दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित नहीं किया गया। सरकारें, हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों को दरकिनार कर देती हैं। पिछले कुछ वर्षों में केंद्रीय स्तर पर तथा राज्यों के स्तर पर बड़े पैमाने पर संविदा नियुक्ति की जा रही है। सरकारी विभागों में कार्यालयों के काम ठेके पर दिए जा रहे हैं। ठेकेदार संविदा में कर्मचारियों की नियुक्ति करते हैं। सरकार जो पैसा कर्मचारियों के लिए ठेकेदार को भुगतान करती है, उससे 30 से 40 फ़ीसदी कम पैसा ठेकेदारों द्वारा संविदा कर्मचारियों को भुगतान किया जाता है। देश भर के सभी राज्यों में लाखों लोग संविदा नियुक्त पर काम कर रहे हैं। दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की संख्या भी प्रत्येक राज्य में लाखों में है। राज्य सरकारों और नगरीय निकायों और राज्य सरकारों के पद कई वर्षों से खाली पड़े हुए हैं। सरकार उन्हें कर्मचारियों को नियमित करके नहीं भर रही है। कई वर्षों से भर्ती प्रक्रिया भी बंद है। सारी सरकारी सेवाएं गड़बड़ाती चली जा रही हैं। नगरीय निकाय, कलेक्टर कार्यालय, संभागीय कार्यालय, मंत्रालय, संचालनालय, तहसील कार्यालय, एसडीएम कार्यालय सब जगह पर संविदा कर्मचारी काम कर रहे हैं। इसका खामियाजा आम आदमी और सरकार दोनों को ही भुगतना पड़ रहा है। राजस्व विभाग में जमीन के रिकॉर्ड का काम संविदा के कर्मचारी देख रहे हैं। परिवहन विभाग के लाइसेंस संविदा कर्मचारी बना रहे हैं। मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों की सुविधा भी संविदा कर्मचारियों के भरोसे है। कंप्यूटर में राजस्व रिकॉर्ड में बड़े पैमाने पर हेरा-फेरी किए जाने के समाचार रोजाना मिल रहे हैं। करोड़ों की जमीन खुर्द-बुर्द की जा रही है। संविदा कर्मचारियों के माध्यम से सरकारी कार्यालय के रिकॉर्ड को मनमाने तरीके से बदला जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की सभी  सेवाएं ठेके पर चल रही हैं। आउटसोर्स में जो कर्मचारी काम कर रहे हैं। उन्हें विभिन्न योग्यता के अनुसार अधिकतम 10000 से 15000 रूपये के बीच प्रतिमाह भुगतान किया जा रहा है। दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी और संविदा कर्मचारियों से निर्धारित समय के बाद भी काम कराया जा रहा है। उसका उन्हें कोई भुगतान नहीं किया जाता। अधिकारियों द्वारा दैनिक भोगी और संविदा कर्मचारियों का लगातार आर्थिक एवं शारीरिक शोषण किया जा रहा है। उनकी सेवाएं समाप्त करने के नाम पर यह शोषण पिछले कई वर्षों से चल रहा है। सरकार से संविदा कर्मचारियों के लिए 15,000 और 20,000 रूपये प्रतिमाह का भुगतान किया जा रहा है। लेकिन आउटसोर्स कर्मचारी को 7,000 से 10,000 रूपये का भुगतान ठेकेदार द्वारा किया जाता है। इन सारी गड़बड़ियों के बारे में सरकार और उनके अधिकारियों को पता है। सरकारी अधिकारियों और मंत्रियों का ठेके में बड़ा कमीशन होता है, जिसके कारण दैनिक वेतन भोगी और आउटसोर्स कर्मचारियों का आर्थिक शोषण लगातार हो रहा है। पहले सरकारी विभागों में दैनिक वेतन भोगी के रूप में जो कर्मचारी काम करते थे, इस आधार पर उनकी शादी भी हो जाया करती थी। तब यह माना जाता था, कि कुछ सालों के बाद उक्त कर्मचारी नियमित हो जाएगा। जो कर्मचारी 15-20 साल से लगातार काम कर रहे हैं, आज तक वे नियमित नहीं हुए हैं। ऐसी स्थिति में अब दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी और संविदा पर काम करने वाले कर्मचारियों की शादी भी नहीं हो पा रही है। उनकी नौकरी सुरक्षित नहीं है। 10,000 से 12,000 रूपये महीना उन्हें मिलते हैं। ऐसे में वह कैसे अपना पेट भरेंगे और कैसे परिवार को पाल पाएंगे। आर्थिक कारणों से युवाओं की शादी नहीं होना आम बात हो गई है। युवाओं में अब इस स्थिति में गुस्सा देखने को मिलने लगा है। श्रम न्यायालय, हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट सरकारों द्वारा किए जा रहे शोषण पर आंख बंद करके बैठे हैं। ऐसी स्थिति में अब युवाओं का गुस्सा देखने को मिलने लगा है। केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा जल्द ही दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी और संविदा कर्मचारियों के मामले का कोई हल नहीं निकाला गया तो स्थिति कभी भी विस्फोटक हो सकती है।

## नारी तू नारायणी...

स्वामी दयानंद जी ने कहा था, एक पुरुष के शिक्षित और सुसंस्कृत होने का अर्थ है अकेले उसी का उपयोगी बनना किंतु एक स्त्री यदि शिक्षित,समझदार, सुयोग्य है तो समझना चाहिए कि पूरे परिवार के सुसंस्कृत बनने का सुदृढ़ आधार बन गया है। महिलाओं को घर की चार दीवारी के भीतर रहने की दलीलें भले हर युग में दी जाती रही है किंतु हमें यह स्वीकार करना पड़ेगा की महिलाओं ने सदैव अपनी योग्यता और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन बढ़-चढ़कर किया है।आज किसी भी स्थिति में महिलाएं पुरुषों से कमतर नहीं है.. !नारी,नारायणी है.... ! यदि वैदिक काल को उठाकर देखें हम तो समस्त देवियों को पूजा जाना ही महिला सशक्तिकरण की एक बहुत बड़ी दलील है इसके बाद मध्यकालीन युग हो तो रानी पद्मावती और महारानी लक्ष्मीबाई जैसी वीरांगनाओं ने अदम्य साहस का परिचय देकर नारी का मान बढ़ाया ।वर्तमान में देखें तो आज भी राजनीति से लेकर विभिन्न क्षेत्रों में महिलाएं अग्रणी है। देश की सर्वोच्च पद राष्ट्रपति के पद तक महिलाओं का होना इस देश को गौरवान्वित करता है ।

भारत के प्रथम नोबेल पुरस्कार विजेता रविंद्र नाथ टैगोर जी ने कहा था कि हमारे लिए महिलाएं न केवल घर की रोशनी है बल्कि इस रोशनी की लौ भी है। अनादि काल से ही महिलाएं मानवता की प्रेरणा स्रोत रही है। वर्तमान में शिक्षा के क्षेत्र में भी महिलाएं आगे आई जहां से उनके सर्वांगीण विकास की कल्पना शुरू हुई ।देश व प्रदेश की सरकारें आज महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए संकल्प वान है । रीति रिवाज और मान्यताओं में आकर भले ही कई मर्तबा महिलाओं को पीछे धकेला गया लेकिन जब जब किसी कुरीति में जन्म लिया तो उसे दूर करने के प्रयासों में भी कमी नहीं आई ।राष्ट्र के विकास में महिलाओं का महत्व बताने हेतु समाज में जागरूकता लाने हेतु मातृ दिवस ,अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस, बेटी दिवस जैसे तमाम कार्यक्रम वर्तमान में सरकार द्वारा चलाए जा रहे हैं। आंशिक ही सही किंतु समाज में व्याप्त कुरीतियों को हटाकर महिलाओं को सशक्त बनाने हेतु एक बार उस राक्षसी सोच को त्यागना भी आवश्यक है कि महिलाएं किसी भी स्थिति में पुरुषों से कमतर है। दहेज प्रथा, अशिक्षा,यौन हिंसा,लैंगिग असमानता,भ्रूण हत्या,महिलाओं की प्रति घरेलू हिंसा ,वेश्यावृत्ति, मानव तस्करी और दूसरे ऐसे तमाम विषयों पर भी जागरूकता निरंतर आती जा रही है और अब महिला घर की चार दिवारी के भीतर से पर्दे को त्याग कर पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी हुई है। वर्तमान सरकार ने पहली बार महिला आरक्षण बिल को लोकसभा और राज्यसभा दोनों से पारित कराया ।बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, जनधन योजना के तहत खाता खुलवाने, मुस्लिम समाज में व्याप्त कुरीति तीन तलाक को कहानी रूप से खत्म करना वह महत्वपूर्ण कार्य रहे जिन्होंने न केवल महिलाओं के स्तर को बढ़ाया बल्कि किए जा रहे सरकारी प्रयासों के प्रति भी आस्थाएं बढ़ी। वर्तमान की मोदी सरकार की यह वह योजनाएं रही जिइसे तकरीबन 20 करोड़ से ज्यादा महिलाएं 5 करोड़ से ज्यादा स्कूली छात्राओं और लगभग 11 करोड़ से अधिक कामकाजी महिलाओं को सीधा-सीधा लाभ मिला। आज महिला अशिक्षित और अबला नहीं बल्कि शिक्षित और सबला की ओर अग्रसर हो गई है। महिलाओं के विषय पर जब बात चल रही है तो महिलाओं के लिए आवश्यक उन तमाम योजनाओं की चर्चा भी आवश्यक हो जाती है जिनका जानकारी के अभाव में लाभ मात्र शक्तियों को नहीं मिल पाता।  मध्यप्रदेश शासन के महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं के उन्मुखी करण हेतु विभिन्न योजनाओं का क्रियांनवयन किया जाता है। मध्यप्रदेश शासन के महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं के उन्मुखी करण हेतु विभिन्न योजनाओं का क्रियांनवयन किया जाता है।

## एक नेशन-एक इलेक्शन, राजनेताओं का टेंशन

> आपको बता दे कि केन्द्र सरकार नें विगत दिनों पूर्व वन नेशन वन इलेक्शन पर विचार के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में 2 सितंबर 2023 को कमेटी बनाई गई थी। कोविंद की कमेटी में गृह मंत्री अमित शाह, पूर्व सांसद गुलाम नबी आजाद,जाने माने वकील हरीश साल्वे,कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी, 15वें वित्त आयोग के पूर्व अध्यक्ष एनके सिंह, पॉलिटिकल साइंटिस्ट सुभाष कश्यप, पूर्व केंद्रीय सतर्कता आयुक्त संजय कोठारी समेत 8 मेंबर हैं। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल कमेटी के विशेष सदस्य बनाए गए हैं। कमेटी ने इसके लिए 62 राजनीतिक पार्टियों से संपर्क किया। इनमें से 32 पार्टियों ने वन नेशन वन इलेक्शन का समर्थन किया।

विनोद कुमार सिंह

विश्व के विशालत्तम लोकतंत्र भारत के चहूँ दिशाओं में एक ही गरमा गर्म चर्चा व चिन्तन हो रही है। अब यह मुद्दा लोकतंत्र का महापर्व चुनाव तक सीमित ना रह कर राजनीतिक दलों में बहस का मुद्दा बन गया है। विगत दिनों मोदी कैबिनेट ने वन नेशन वन इलेक्शन के प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद वन नेशन-वन इलेक्शन के लाभ और नुकसान पर गर्मा गर्म बहस छिड़ सी गई है। ऐसे में जनता जर्नादन के कई सबाल एक नेशन एक इलेक्शन के कितने लाभ और कितने नुकसान,मोदी सरकार व सतारूढ़ सहयोगी राजनीतिक दलो के लिए यह मोदी मिशन है,वही काँग्रेस समेत 15विपक्षी राजनीतिक दलों व क्षेत्रीय दलों के लिए टेशन है।

आप को बता दे कि एक राष्ट्र-एक चुनाव की नीति के तहत लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ कराए जाएंगे। इस संदर्भ में मोदी सरकार संसद के आगामी शीतकालीन सत्र यानी नवंबर -दिसंबर में इस बारे में बिल पेश करेगी। सर्व विदित रहे कि पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के नेतृत्व वाली कमेटी ने इस पर मार्च में अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। कमेटी ने सिफारिश की थी कि लोकसभा और राज्यों के विधान सभा चुनाव एक साथ संपन्न होने के100 दिन के भीतर स्थानीय निकाय चुनाव हो जाने चाहिए। वन नेशन-वन इलेक्शन का मतलब है कि भारत में लोक सभा और सभी राज्यों के विधान सभा चुनाव एक साथ कराए जाएं। साथ ही स्थानीय निकायों के चुनाव भी एक ही दिन या एक तय समय सीमा में कराए जाएं। पी एम मोदी लंबे समय से वन नेशन वन इलेक्शन की वकालत करते आए हैं। उन्होंने कहा था कि चुनाव सिर्फ तीन या चार महीने के लिए होने चाहिए,पूरे 5 साल राजनीति नहीं होनी चाहिए। साथ ही चुनावों में खर्च कम हो और प्रशासनिक मशीनरी पर बोझ न बढ़े। इसके पीछे मोदी सरकार का तर्क है कि इससे जनता को बार-बार के चुनाव से मुक्ति व चुनावी खर्च बचेगा और वोटिंग परसेंट में इजाफा होगा। सरकारें बार-बार चुनावी मोड में जाने की बजाय विकास कार्यों पर ध्यान केंद्रित कर सकेंगी। प्रशासन को भी इसका फायदा मिलेगा,अधिकारियों का समय और एनर्जी बचेगी। इसका बड़ा आर्थिक फायदा भी है। सरकारी खजाने पर बोझ कम होगा और आर्थिक विकास में तेजी आएगी। आप के सबाल होगे कि वन नेशन-वन इलेक्शन का सुझाव किसने व कब दिया। आपको बता दे कि केन्द्र सरकार नें विगत दिनों पूर्व वन नेशन वन इलेक्शन पर विचार के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में 2 सितंबर 2023 को कमेटी बनाई गई थी। कोविंद की कमेटी में गृह मंत्री अमित शाह, पूर्व सांसद गुलाम नबी आजाद,जाने माने वकील हरीश साल्वे,कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी, 15वें वित्त आयोग के पूर्व अध्यक्ष एनके सिंह, पॉलिटिकल साइंटिस्ट सुभाष कश्यप, पूर्व केंद्रीय सतर्कता आयुक्त संजय कोठारी समेत 8 मेंबर हैं। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल कमेटी के विशेष सदस्य बनाए गए हैं। कमेटी ने इसके लिए 62 राजनीतिक पार्टियों से संपर्क किया। इनमें से 32 पार्टियों ने वन नेशन वन इलेक्शन का समर्थन किया। वहीं,15 दलों ने इसका विरोध किया था। जबकि 15 ऐसी पार्टियां भी थीं,जिन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। 191दिन की रिसर्च के बाद कमेटी ने 14 मार्च को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपनी रिपोर्ट सौंपी. कमेटी की रिपोर्ट 18 हजार 626 पेज की है। कोविंद समिति के सिफारिशें पर नजर डाल लेते है।

- लोकतंत्र में कोई सरकार गिर भी सकती है. ऐसे में अविश्वास प्रस्ताव के कारण लोकसभा या किसी विधानसभा के भंग होने पर ये सुझाव दिया गया है कि नए चुनाव उतने ही समय के लिए कराए जाएं, जितना समय सदन का बचा हुआ है।
- इसके बाद लोकसभा के साथ फिर नए सिरे से चुनाव कराए जाएं।
- इस कानून को पास कराने के लिए 18 संवैधानिक संशोधन ज़रूरी होंगे  ज़्यादातर संशोधनों में राज्यों की मंजूरी जरूरी नहीं है।
- इस प्रस्ताव पर आगे बढ़ने से पहले देश भर में जनता और अलग-अलग नागरिक संगठनों की राय ली जाएगी ।

वन नेशन वन इलेक्शन के रास्ते में सबसे पहले तो संसद में ही चुनौती आएगी। एक देश एक चुनाव के लिए कई संवैधानिक संशोधनों की ज़रूरत होगी। इसके लिए संसद के दोनों ही सदनों में सरकार के सामने दो-तिहाई बहुमत जुटाने की चुनौती है।

- राज्यसभा में सरकार के पास पूर्ण बहुमत नहीं है। 245 सीटों में से एन डी एको 112 सीटें ही हासिल हैं,जबकि दो-तिहाई बहुमत का आंकड़ा 164 पर होगा।
- लोकसभा में भी 543 सीटों में से दो-तिहाई बहुमत का आंकड़ा 362 है,जबकि एनडीएके पास 292 सीटें ही हैं। हालांकि,दो-तिहाई बहुमत का फैसला वोटिंग में हिस्सा लेने वाले सदस्यों की संख्या के आधार पर तय होता है।
- वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर संघवाद की चिंता भी है। कुछ जानकारों का कहना है कि इससे भारत की राजनीतिक व्यवस्था के संघीय ढांचे पर असर पड़ेगा। राज्य सरकारों की स्वायत्तता कम होगी। विधि आयोग भी मौजूदा संवैधानिक व्यवस्था में एक साथ चुनाव की व्यावहारिकता पर सवाल उठा चुका है।

*व्यावहारिक तौर पर देखा जाए तो एक साथ चुनाव कराने में भारी मात्रा में संसाधनों की ज़रूरत पड़ेगी, जिसका इंतजाम करना चुनाव आयोग के लिए एक बड़ी चुनौती है। एक साथ चुनाव कराने के लिए बड़ी मात्रा में ई बी एम और ट्रेंड लोगों की ज़रूरत पड़ेगी. ताकि पूरी चुनावी प्रक्रिया ठीक से पूरी की जा सके।

- वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर लोकतांत्रिक प्रतिनिधित्व का भी सवाल है। अक्सर होने वाले चुनावों के ज़रिए जनता समय-समय पर अपनी पसंद तय कर सकती है, लेकिन अगर सिर्फ 5 साल बाद ऐसा होगा,तो जनता की इस पसंद को ज़ाहिर करने में दिक्कत आएगी।
- इससे एक पार्टी के प्रभुत्व का ख़तरा बढ़ जाएगा। कई अध्ययन बताते हैं कि जब भी एक साथ चुनाव होते हैं,तो एक ही पार्टी के राष्ट्रीय और राज्य चुनावों के जीतने की संभावना बढ़ जाती है। जिससे स्थानीय और राष्ट्रीय मुद्दों में घालमेल हो जाता है।
- वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर कई कानूनी पेचीदगियां हैं। कई जानकारों का कहना है कि एक देश एक चुनाव के कानून को कई संवैधानिक सिद्धांतों पर भी खरा उतरना पड़ेगा।

## पितृसत्ता पर सीधा प्रहार करती फिल्म स्त्री-2

> स्त्री-2 न सिर्फ पितृसत्तात्मक हिंसा की आलोचना करती है बल्कि सामाजिक पाखंडों पर प्रहार करती है। शहर जो बाहरी रूप से एक शांतिपूर्ण और स्वागत करने वाला समुदाय विखता है। मूलत वहां पूर्वाग्रहों और कतरनाक रुढ़ियों का केरा है। पूरी फिल्म में छिडक़ा हुआ हास्य और व्यंग्य इन पाखंडी समाज व्यवस्था का पोस्टमार्टम करता है। कई किरदार हमें याद दिलाते चलते है, आगे बढ़ते है कि पितृसता का जहरीला अभियान कितना भी प्राचीन क्यों न हो. फिर भी उसे चुनौती दी जा सकती है। हास्य, हॉरर और सामाजिक आहवाहन को अंतर्गुम्फित कर फिल्म सत्कृष्ट मानकों के साथ नए सामाजिक मूल्यों को मान्याता की पैरवी की प्रस्तुती है।

डॉ. पूजा दिक्षित

शैतान ने जो सबसे बड़ी चाल चली, वह दुनिया को यह विश्वास दिलाना था कि उसका कोई अस्तित्व नहीं है। द यूज़ुअल सस्पेक्ट्स। यह उद्धरण स्त्री- 2 के लिए एक उपयुक्त प्रस्तावना के रूप में कार्य करता है। एक हॉरर कॉमेडी जिसने न केवल बॉक्स ऑफिस पर अपना दबदबा बनाया बल्कि दर्शकों को सोचने के लिए बहुत कुछ दिया है। अपनी रोमांचक सतह के नीचे, स्त्री-2 फिल्म पितृसत्तात्मक उत्पीडऩ पर एक गहन टिप्पणी प्रस्तुत करते हुए महिलाओं की स्वायत्तता को कमजोर करने वाली गहरी सामाजिक संरचनाओं को चजागर करती है। फिल्म शहर के एक शांतिपूर्ण इलाके में पुरुष होती है, लेकिन जैसे ही आगे बढ़ती है जल्द ही एक डरावनी वास्तविकता को उजागर करती हुई आगे बढ़ती है। एक रहस्यमय राक्षस पूरे शहर को परेशान करता दिखता है। जो खुली सोच वाली तरक्की पसंद तन युवा महिलाओं को अपना शिकार बनाता है जो पारंपरिक लैंगिक भूमिकाओं को चुनौती देने की हिम्मत करती हैं। रक्रस दमनकारी सामाजिक ताकतों का एक प्रतीकात्मक प्रतिनिधित्व करता दिखता है। जो उन महिलाओं को निशाना बनाते है जो सपने देखने, स्वतंत्र रूप से सोचने और परंपरा के दायरे से बाहर कदम रखने की हिम्नत विखाती है। यह विचलित करने वाला रूपक तन तमाग विमाओं को विकसित करता चलता है कि कैरो पितृसत्तात्मक समाज महिलाओं के व्यक्तित्व और उनकी इच्छाओं की निगल जाता है। समाज उनके अस्तित्व को नियंत्रित करने के लिए किस तरह भय का वातावरण तैयार करता है।

फिल्म महत्वपूर्ण किरदार राजकुमार राव को इर्द-गिर्द घुमती हैं। जो फिल्म में एक महिला दर्जी की भूमिका में है। पारंपरिक सोच वाले पितृसत्तात्मक समाज में यह पुरुशों के लिए एक अपरंपरागत पेशा है। फिल्म की भूमिकाएं परम्परागत लैंगिक भूमिकाओं को मरोड़ती दिखती है। सामाजिक रूढिय़ों को चुनौती देती है और संबंधों के आधुनिक कैनवास पर नयी गतिशीलता दर्ज करती दिखाती है। श्रद्धा कपूर का किरदार एक भूत से प्यार अलग ही तरह की डायनेनिक्स है। एक ऐसी दुनियां जहां प्यार समानता और हिस्सेदापी जैसे मुददों पर खुलकर बात होती है। जहाँ पुरुष-महिला के सह-अस्लिल्या, सहयोग और समानता के नए शैतिजों का विस्तार करती हुई फिल्म आगे बढ़ती है। बश्रद्धा कपूर का किरदार परम्पराओं के पहाड़ पर प्रहार तो प्रभावी ढंग से करता है पर फिर भी महिलाओं के इंद्र में चंसी स्त्री-2 की कहानी महिला पीला को बार-बार याद दिलाती है। फिल्म कैसे पितृसत्तात्मक रौटिंग में नेविगेट करते हुए यह अनुग्रह और शक्ति को संतुलन के साथ आगे बढ़ती है। यह दर्शकों को राजग, राजीव और सचेत बनाए सबता है। जैसे-जैसे फिल्म आगे बढ़ती है कहानी गायब होने की एक श्रृंखला के साथ घनी होती जाती है। गैर-अनुरूपता को हिंसक परिणामों पर यह टिप्पणी इस बात की कड़ी पाद दिलाती है कि पितृसतात्मक व्यवस्था नियंत्रण बनाए रखने के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। फिल्म के पुरुष पात्री का चित्रण जो दिखने में साधारण पुरुष से लेकर क्रूर हमलावर तक है, दर्शाता है कि पितृरसता कैसे भ्रष्ट और विचलित व्यवहार को सामान्य मानती है। समाजशास्त्रीय लेस में स्वी-2 समाज के भयावह पक्षों  को परत-दर-परत उड़ती हुई आगे बढ़ती है।

पुरुष पात्र पशुवत और विश्वलित व्यवहार के वाहक हैं। जो पग-पग पर वास्तविक दुनिया के हमलों, हिंसा, छेडछाड और कुरताओं में प्रकट होती है। फिल्म स्मार्टली सम्झाती है कि कैसे पितृसत्तात्मक समाज व्यवस्था इन कूर भयावहताओं को महिलाओं को नियंवित करने के तरीकों के रूप में संचित लहराती है जो स्थापित रुढिय़ों को मानने से इनकार करती है। यह विलित व्यवहार महिला स्वतंत्रता पर प्रहार है उनके आमाजिक दमन का हथियार है। खासकर उन लोगों के लिए जो प्रतिबंधात्मक जैनिक भूमिकाओं से मुक्त हो जाते हैं। फिल्म को अतिरिक्त सम्मान इस बात के लिए भी मिलना चाहिए कि केवल समस्या को उठाने तक सीमित नहीं दिखती है। जैसे-जैसे कथानक आगे बढ़ता है. फिल्म की रील उस रियल सामाजिक व्यवस्था का चित्रण पेश करती है जिसमें महिलाएं रिस-रिस कर रिक्त होने को अभिशप्त है। फिल्म का चरमोत्कर्ष अर्धनारीश्वर की अवधारणा को आयाजित करता है। जो स्त्री-पुरुष ऊर्जा के अजय स्रोत का एक मूल केन्द्रीय आख्यान है। जो इस सामाजिक वैचारिकी में रूपक के रूप में प्रयुक्त होता है कि सच्चा सामंजस्य और समानता पुरुषों महिलाओं के बीच परस्पर सम्मान और रागानता में निहित है। लैंगिक भूमिकाए कठोर होने के बजाय गतिशील होनी साहिए। प्रत्येक व्यक्ति के भीतर पुरुषत्व और स्त्रीला दोनों के अक्यव है। सम्यक सामाजिक दृष्टि पितृसतात्मक परंपराओं को चुनौती देते हुए एक ऐसे समाज की आकांक्षा करती है जहां लैंगिक समानताएं सम्मानपुर्वक प्रश्रय पाती हो।

स्त्री-2 न सिर्फ पितृसत्तात्मक हिंसा की आलोचना करती है बल्कि सामाजिक पाखंडों पर प्रहार करती है। शहर जो बाहरी रूप से एक शांतिपूर्ण और स्वागत करने वाला समुदाय विखता है। मूलत वहां पूर्वाग्रहों और कतरनाक रुढिय़ों का केरा है। पूरी फिल्म में छिडक़ा हुआ हास्य और व्यंग्य इन पाखंडी समाज व्यवस्था का पोस्टमार्टम करता है। कई किरदार हमें याद दिलाते चलते है, आगे बढ़ते है कि पितृसता का जहरीला अभियान कितना भी प्राचीन क्यों न हो. फिर भी उसे चुनौती दी जा सकती है।

## भय की एक लंबी सूची जब हमें परेशान करती है तो यह जीवन तक  को खा जाती है, भय से दूर रहने का एक ही उपाय है-भगवान पर भरोसाः स्वामी गोकुलानन्द

**कृष्ण बिहारी मिश्र**

भगवान पर भरोसा करने से ही निर्भयता आती है। ऐसे जीवन में भय की कोई कमी नहीं है। भय की एक लंबी सूची है। यह जब परेशान करती है तो यह जीवन तक को खा जाती है। आपने कई के मुख से यह जरुर सुना होगा कि उसे चिन्ता खाये जा रही है। ये चिन्ता क्या हैं, भय का ही तो एक रूप है। ये बातें योगदा सत्संग आश्रम में सत्संग को संबोधित करते हुए योगदा भक्तों के बीच स्वामी गोकुलानन्द ने कही। उन्होंने कहा कि भय सर्वाधिक अगर किसी अंग को प्रभावित करता है, तो वह हृदय है। किसी भी साधक के लिए निर्भय होना बहुत ही जरुरी है, क्योंकि बिना निर्भयता के साधना हो ही नहीं सकती, क्योंकि भय आत्मा के प्रभुत्व तक को नष्ट कर डालता है। उन्होंने कहा कि भय हमारे मस्तिष्क और भय के अनुभवों को आत्मा के साथ बांध देता है, इसलिये हमें हर हाल में भय से मुक्त होना आवश्यक है। यह हमें दिव्य चेतना में लिप्त होने में रुकावट डालता है। स्वामी गोकुलानन्द ने भय के बारे में श्रीमद्भगवद्गीता में दिये गये अध्याय दो के श्लोक संख्या 40 को अपने सत्संग में बार-बार उद्धृत करते हुए कहा कि गीता कहती है कि

नेहाभिक्रमनाशोऽस्ति प्रत्यवायो न विद्यते।
स्वल्पमप्यस्य धर्मस्य त्रायते महतो भयात्।।

इस कर्मयोग में आरम्भ का अर्थात् बीज का नाश नहीं है और उलटा फलरूप दोष भी नहीं है, बल्कि इस कर्मयोगरूप धर्म का थोड़ा सा भी साधन जन्ममृत्युरूप महान भय से रक्षा कर लेता है। उन्होंने कहा कि भय को भगाने के लिए सर्वप्रथम आपको स्वयं में दृढ़ता लानी होगी। इसे हर हाल में अपने मन से खत्म करना होगा, क्योंकि भय मन का जहर है। हालांकि कभी-कभी भय आसन्न संकटों से हमारी रक्षा का काम करता है। जैसे एक



हिरण के सामने शेर आ जाये तो वो आसन्न संकट को देख उसके भय से भागना चाहेगा, जो उसके जीवन की रक्षा के लिए आवश्यक भी है और उसमें वो सफल भी होता है। लेकिन यही भय जब हमारे मन में बैठ जाता है और अगर ये अवचेतन मन में जगह बना लें तो जीवन को पूरी तरह नष्ट भी कर डालता है।

उन्होंने कहा कि दरअसल भय चुम्बक की तरह है। अगर इसे मन में पाल लिया जाय, तो ये बार-बार हमारे जीवन में आयेगा और अगर इसे हमने मन में जगह नहीं दिया तो कभी भी हमारे जीवन में दुबारा आने की साहस नहीं करेगा। मतलब साफ है कि इस भय से आप डरेंगे तो ये बार-बार डरायेगा और नहीं डरेंगे तो फिर कभी आपके पास नहीं फटकेगा। उन्होंने कहा कि कष्ट सभी को होता है। कष्ट उनका कुछ भी नहीं बिगाड़ पाता और जो कष्टों के सामने रोना लेकर बैठ जाते हैं, उन्हें वहीं कष्ट उनके जीवन को नष्ट करने में प्रमुख भुमिका निभाने लगता है। इसलिए कहा जाता है कि जो डरते हैं, वे जीवन में कुछ नहीं कर पाते। जिस संस्थान में भय समाता है। वो संस्थान भी नष्ट हो जाता है।

स्वामी गोकुलानन्द ने कहा कि याद रखें कि भय आत्मा के गुणों पर कवर डाल देता है। भय जैसे ही मन में घर बनाने की कोशिश करें, उसे मन रूपी घर से निकाल फेंकने का काम करें। भय आयें या सताएं तो ऐसे समय में कोई अच्छी किताबें पढ़ने की कोशिश करें या कोई अच्छी मुवी देखने की कोशिश करिये या कोई कॉमेडी शो ही देख लिया कीजिये, ताकि आपका आये हुए भय से डाइवर्ट हो। लेकिन इससे भी अच्छा है कि आप ध्यान करें। ऐसे भी जो बराबर ध्यान करते हैं। उन्हें भय कभी सता ही नहीं सकता। न ही ऐसे लोग भय से भय खाते हैं। क्योंकि वे जानते है कि उनके साथ ईश्वर है, जो किसी भी संकट से उन्हें मुक्ति दिला सकते हैं। उन्होंने कहा कि भय से मुक्ति के लिए अपने गुरु परमहंस योगानन्द जी ने अपने लेशन सात में कई तकनीकें सिखाई हैं। उन तकनीकों के माध्यम से भी हम भय से मुक्ति पा सकते हैं। उन्होंने इस बात को स्वीकार किया कि आधुनिक जीवन में असुरक्षा की भावना बहुत तेजी से बढ़ती जा रही हैं, जो भय को जन्म देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। लेकिन याद करिये, जब हम पैदा हुए तो ईश्वर ने हमारे लिए कितनी सुंदर व्यवस्था कर रखी थी। अब जरा सोचिये जो ईश्वर हमारे आने के पूर्व इतनी अच्छी व्यवस्था कर सकता है, वो क्या इस वक्त हमारी मदद नहीं कर सकता। दरअसल हम जैसे-जैसे बड़े होते चले जाते हैं। हमें अपने आप पर, अपनी इच्छा शक्ति तथा स्वयं पर कुछ ज्यादा ही भरोसा हो जाता है। अगर हम यही भरोसा ईश्वर पर करें तो उसके परिणाम भी बेहतर आयेंगे और हम भयमुक्त होते चले जायेंगे।

ईश्वर वहीं चीजें हमें देते हैं, जो हमारे लिए जरुरी है। लेकिन हमारी इच्छाओं की सूची जिसमें बेकार चीजों का ही ज्यादा बोलबाला होता है, उसे मांगने में ज्यादा रुचि दिखाने लगते हैं, जो भय को जन्म देता है। उन्होंने कहा कि याद रखें, निर्भयता ही हमें इस जीवन और इसके बाद आनेवाले जीवन में बेहतरी का मार्ग प्रशस्त करती है। इसलिए भय से विजय पाने का मूल मार्ग है। गुरुजी के द्वारा बताये गये मार्ग पर चलते हुए ध्यान को कभी नहीं छोड़ना और क्रियायोग के मार्ग पर सदैव चलते जाना।

## सरकार ने हिंदुस्तान जिंक में हिस्सेदारी बेचने के लिए भारत, विदेश में किए रोड शोः खान सचिव

सरकार ने वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड में अपनी हिस्सेदारी बेचने के लिए बाजार का आकलन करने और निवेशकों से मिलने के लिए पिछले 15 दिन में मुंबई, लंदन, बोस्टन और न्यूयॉर्क जैसे शहरों में कई रोड शो आयोजित किए हैं। सरकार हिंदुस्तान जिंक में 29.5 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ सबसे बड़ी अल्पसंख्यक शेयरधारक है। खान सचिव वी. एल. कांता राव ने यूनेस्को ग्लोबल जियोपार्क्स और भारत में जियोपार्क्स पर एक प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला से इतर कहा, रोड शो विनिवेश को लेकर किए गए। सरकार हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड में अपनी कुछ हिस्सेदारी के विनिवेश के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए बाजार का आकलन करने और निवेशकों से मिलने के लिए पिछले 15 दिन में कई रोड शो किए गए। उन्होंने कहा, मुंबई, सिंगापुर, हांगकांग, लंदन, बोस्टन, न्यूयॉर्क में रोड शो किए गए। सभी प्रमुख वित्तीय राजधानियों में रोड शो किए गए हैं। सरकार ने पहले कहा था कि वह बिक्री प्रस्ताव (ओएफएस) के जरिये हिंदुस्तान जिंक में अपनी हिस्सेदारी बेचने के लिए प्रतिबद्ध है। बाजार का आकलन करने के बाद सभी निर्णय लिए जाएंगे। उच्चतम न्यायालय ने 2021 में सरकार को हिंदुस्तान जिंक में अपनी शेष हिस्सेदारी खुले बाजार में बेचने की अनुमति दे दी थी। इस बीच, हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड (एचजेडएल) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अरुण मिश्रा ने गत बुधवार को था कहा कि कंपनी ने पहले प्रस्तावित तीन के बजाय दो भागों में कंपनी को विभाजित करने के प्रस्ताव पर सरकार के साथ नए सिरे से चर्चा की है।

## एप्पल के उत्पादों में पाई गई कई खामियां, सरकार ने जारी किया अलर्ट

नई दिल्ली (ईएमएस)। टेक दिग्गज कंपनी एप्पल द्वारा बहुप्रतीक्षित आईफोन 16 सीरीज लॉन्च करने के कुछ ही दिनों बाद, भारतीय कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम (सीईआरटी-इन) ने एप्पल के विभिन्न उत्पादों में पाई गई कई कमजोरियों को लेकर हाई सिक्योरिटी अलर्ट जारी किया है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत साइबर सिक्योरिटी की निगरानी करने वाली संस्था सीआईआरटी-इन ने चेतावनी दी है कि इन कमजोरियों का उपयोग हैकर्स द्वारा न केवल संवेदनशील जानकारी तक पहुंचने के लिए किया जा सकता है, बल्कि इसके जरिए वे टारगेट किए गए डिवाइस पर मनमाना कोड रन कर सकते हैं, सुरक्षा प्रतिबंधों को बाईपास कर सकते हैं, डिनायल ऑफ सर्विस जैसी स्थिति पैदा कर सकते हैं, ऑथेंटिकेशन फीचर्स को छका कर पिछले दरवाजे से डिवाइस का एक्सेस प्राप्त कर सकते हैं, एडवांस विशेषाधिकार प्राप्त कर सकते हैं और लक्षित सिस्टम पर स्पूफिंग हमले कर सकते हैं।

## राम मंदिर के मुख्य पुजारी का ऐलान...जितने भी तेल और घी बिक रहे उनकी जांच हो

अयोध्या (ईएमएस)। पूरे देश में तिरुपति बालाजी के प्रसाद में मिले मांस और चर्बी को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। एक ओर जहां साधु संत नाराज हैं, वहीं दूसरी ओर इसकी जांच की मांग हो रही है। अब अयोध्या के राम मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने बड़ा ऐलान कर दिया है। इतना ही नहीं उन्होंने कहा कि देश में जितने भी तेल और घी बिक रहे हैं, उन सभी की जांच होनी चाहिए। राम मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य दास ने कहा, हमारे मठ मंदिरों को अपवित्र किया जा रहा है। हम देश के सभी मठ मंदिरों से अपील कर रहे हैं कि मठ मंदिरों में जो भी भोग लगाया जाए, वह मठ मंदिर के कर्मचारियों से ही प्रसाद को तैयार कराएं। उसके बाद भोग लगाए। इतना ही नहीं बाजार में जितने भी तेल और घी बिक रहे हैं, उन सभी की जांच होनी चाहिए। इन सभी चीजों में मिलावट है। इसकी जांच होने पर ही पता चलेगा शुद्ध क्या है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में जितने भी मठ मंदिर हैं, उस मठ मंदिर में जो भी प्रसाद बाहर से आता है या फिर जो भी एजेंसी यह बनाती है। इस पर प्रतिबंध लगाना चाहिए।

## चक्रवाती तूफान से पलटा ट्रॉलर... 8 मछुआरों की मौत

कोलकाता (ईएमएस)। बंगाल की खाड़ी में आए चक्रवाती तूफान के दौरान एक ट्रॉलर पलटने से उसमें सवार 9 मछुआरे फंस गए थे। इसमें से 8 मछुआरों के शव बरामद किए गए हैं, जबकि एक मछुआरा अभी भी लापता है। यह दुर्घटना एफबी गोविंदो नामक ट्रॉलर की है, इसमें 17 मछुआरे सवार थे। ये सभी हिल्सा मछली पकड़ने के लिए निकले थे, लेकिन सुंदरबन के बाघेर चार के पास ट्रॉलर अचानक डूब गया। एक विशाल लहर ने ट्रॉलर के डेक पर मौजूद 8 मछुआरों को समुद्र में बहा दिया। तीन घंटे बाद, एक अन्य ट्रॉलर के मछुआरों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक उनकी जान जा चुकी थी। बचाए गए मछुआरों ने घटना की जानकारी दी। तटरक्षक बल और स्थानीय मछुआरा संगठन की मदद से रविवार दोपहर करीब 12:30 बजे ट्रॉलर को किनारे लाया गया। मृतकों की उम्र 27 से 55 वर्ष के बीच थी, जिनमें से अधिकांश काकद्वीप के निवासी थे।

## लोकपाल ने कहा विश्वसनीय दस्तावेज प्रस्तुत करें, अगली सुनवाई 17 अक्टूबर को

नई दिल्ली (ईएमएस)। सेबी प्रमुख माधवी पुरी बुच के खिलाफ लोकपाल में दस्तावेजों के साथ शिकायत दर्ज कराई गई है। लोकपाल और सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस एएम खानविलकर ने शिकायत कर्ताओं से कहा है। वह भ्रष्टाचार के संबंध में पर्याप्त विश्वसनीय दस्तावेज प्रस्तुत करें।
लोकपाल ने प्रथम सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ताओं द्वारा हिडनबर्ग की रिपोर्ट को डाउनलोड कर जल्दबाजी में शिकायत में संलग्न करने की बात कही है। लोकपाल ने कहा है, शिकायत कर्ता 3 सप्ताह के अंदर हलफनामा दाखिल करें। शिकायतकर्ता यह भी बताएं कि श्रीमती माधवी पुरी के ऊपर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 के दायरे में यह शिकायत किस तरह से आती है। अब इस मामले की सुनवाई लोकपाल 17 अक्टूबर को करेंगे।

## पन्ना पुलिस ने किया अंतरराष्ट्रीय ठग गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार

पन्ना (ईएमएस)। मध्य प्रदेश के पन्ना जिले की पुलिस ने अंतर्राष्ट्रीय ठग गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह व्हाट्सएप और टेलीग्राम के माध्यम से निवेश के नाम पर अधिक मुनाफा देने का लालच देकर धोखाधड़ी कर रहा था। पुलिस की जांच में आरोपियों द्वारा एक करोड रुपए मूल्य के यूएसडीटी क्रिप्टो करंसी का अवैध लेनदेन करना भी पाया गया है। यह पूरा गिरोह दुबई से संचालित होता है। पुलिस पांचो गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पन्ना के पुलिस अधीक्षक सांई कृष्णा एस थोटा ने जानकारी देते हुए कहा, पवई निवासी फरियादी मोहम्मद नईम रजा ने शिकायत दर्ज कराई थी। 7 जुलाई 2023 को उन्हें टेलीग्राम पर एक कॉल आया था। जिसमें ज्यादा मुनाफे का लालच दिया गया था। उससे मोबाइल पर एक ऐप डाउनलोड करवाया गया।

# तिरुपति लड्डू विवाद- मंदिर का शुद्धिकरण हुआः परिसर में 4 घंटे महाशांति यज्ञ; प्रसाद बनाने वाली रसोई को दूध-दही और गोमूत्र से शुद्ध किया

**हैदराबादः** आंध्र प्रदेश के श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर (तिरुपति मंदिर) की शुद्धि के लिए महाशांति यज्ञ किया गया। सोमवार सुबह 6 से 10 बजे तक चले पंचगव्य प्रोक्षण (शुद्धिकरण) में तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम बोर्ड के अधिकारी समेत 20 पुजारी शामिल हुए। अनुष्ठान में लड्डू और अन्नप्रसादम रसोई की शुद्धि की गई। आंध्र के सीएम सीएम चंद्रबाबू नायडू की पार्टी टीडीपी ने 18 सितंबर को आरोप लगाया था कि राज्य में वाईएसआर कांग्रेस सरकार में तिरुपति मंदिर में मिलने वाले लड्डू (प्रसादम्) में जानवरों की चर्बी वाला घी और फिश ऑयल मिलाया गया था। इसके अगले दिन टीडीपी ने एक लैब रिपोर्ट दिखाकर अपने आरोपों की पुष्टि का दावा किया। राज्य सरकार ने तिरुपति मंदिर के लड्डुओं की जांच के लिए एसआईटी बना दी है। सीएम चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि एसआईटी की रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई होगी।

- भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई है। स्वामी ने प्रसादम में एनिमल फैट के इस्तेमाल के खिलाफ कोर्ट की निगरानी में जांच की मांग की है।
- राज्यसभा के सदस्य और देवस्थानम (टीटीडी) के पूर्व अध्यक्ष वाई.वी. सुब्बा रेड्डी ने भी सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज की अध्यक्षता वाली समिति से मामले की जांच करने की मांग की है।
- श्री ललिता पीठम में विश्व हिंदू परिषद बैठक हुई। विहिप ने सुप्रीम कोर्ट से तिरुपति लड्डू में मिलावट के आरोपों पर एक्शन लेने और दोषियों की पहचान के लिए जांच शुरू करने की अपील की है।



### पुजारी बोले- अब मंदिर पूरी तरह शुद्ध, प्रसाद घर ले जा सकते हैं

मंदिर के मुख्य पुजारियों में से एक कृष्ण शेषाचल दीक्षितुलु कहते हैं, सरकार एक प्रस्ताव लेकर आई कि मंदिर को शुद्ध करने के लिए क्या किया जाए। इसलिए हम शांति होम करने के प्रस्ताव के साथ प्रबंधन के पास गए। सुबह 6 बजे हम सभी भगवान वेंकटेश्वर का आशीर्वाद और अनुमति लेने के लिए गर्भगृह में गए। अब सब कुछ शुद्ध हो गया है, मैं सभी भक्तों से अनुरोध करता हूं कि उन्हें अब चिंता करने की जरूरत नहीं है। भगवान बालाजी के दर्शन करें और प्रसाद घर ले जाएं।

### विहिप ने कहा- प्रसादम में जानवरों की चर्बी मिलाना, भक्तों का अपमान

बैठक के बाद विहिप ने कहा कि इस घटना ने दुनिया भर में श्री बालाजी के करोड़ों भक्तों की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है, क्योंकि लड्डू प्रसादम आस्था और दिव्य आशीर्वाद के रूप में माना और खाया जाता है। लड्डू में मिलावट के आरोपों ने भगवान वेंकटेश्वर स्वामी के भक्तों का घोर अपमान किया है। इस मामले में लापरवाही और देरी की कोई गुंजाइश नहीं है क्योंकि ऐसा होने पर हिंदू समुदाय राष्ट्रव्यापी आंदोलन कर सकता है।

### डिप्टी सीएम बोले- भगवान से क्षमा मांगी, उपवास रख रहा

आंध्र प्रदेश के डिप्टी सीएम पवन कल्याण ने कहा- जब हिंदू मंदिरों को अपवित्र किया जाता है तो हमें चुप नहीं रहना चाहिए। अगर ऐसा मस्जिदों या चर्चों में होता तो देश में गुस्सा भड़क उठता। पवन कल्याण ने 22 सितंबर से 11 दिनों की प्रायश्चित दीक्षा की शुरुआत की। इस दौरान वह उपवास करेंगे। पवन ने कहा- मुझे अफसोस है कि मैं मिलावट के बारे में पहले क्यों नहीं पता लगा पाया। मुझे दुख हो रहा है। इसके लिए प्रायश्चित करूंगा।

### पवन बोले- जगन सरकार की गलती से हिंदू जाति पर कलंक लगा

पवन कल्याण ने सोशल मीडिया X पर लिखा, 'पवित्र माने जाने वाले तिरुमाला लड्डू प्रसादम को जगन रेड्डी की सरकार की भ्रष्ट नीतियों के कारण अपवित्र कर दिया गया है। इस पाप को शुरू में न पहचान पाना हिंदू जाति पर एक कलंक है। जिस पल मुझे पता चला कि लड्डू प्रसादम में जानवरों की चर्बी हैं, मैं हैरान रह गया। खुद को दोषी महसूस कर रहा हूं। चूंकि मैं लोगों के कल्याण के लिए लड़ रहा हूं, इसलिए मुझे दुख है कि मैं इसे पहचान क्यों नहीं पाया।'

### पूर्व मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी के खिलाफ केस दर्ज

आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी और अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। उन पर श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर की पवित्रता को नुकसान पहुंचाने और प्रसिद्ध तिरुपति लड्डू प्रसादम में इस्तेमाल किए जाने वाले घी में मिलावट के आरोपों के बाद हिंदू धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया गया है।

# राहुल बोले-56 इंच की छाती वाले पीएम पहले जैसे नहीं: मोदी के आत्मविश्वास में कमी आई, यह लोकसभा में साफ दिखता है

**श्रीनगरः** विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी आज जम्मू-कश्मीर के दौरे पर हैं। राहुल ने सुरनकोट में कहा- पीएम मोदी के आत्मविश्वास में कमी आई है। आज उनसे जो भी विपक्ष कराना चाहता है, वह कराता है। भाजपा भाई-भाई को लड़वाती है। जो 56 इंच की छाती वाले नरेंद्र मोदी पहले थे, अब वे वैसे नहीं हैं। लोकसभा में उनके सामने खड़ा होता हूं। मुझे साफ दिखता है कि उनका आत्मविश्वास खत्म हो गया है। वे कानून लाते हैं, हम उनके सामने खड़े हो जाते हैं, वे कानून पास नहीं कर पाते हैं।

सुरनकोट के बाद राहुल श्रीनगर के शाल्टेंग निर्वाचन क्षेत्र में भी रैली करेंगे। यहां वे कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष तारिक हमीद कर्रा के लिए समर्थन मांगेंगे। जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के दूसरे फेज के लिए प्रचार अभियान आज ही खत्म हो रहा है। 25 सितंबर को 26 सीटों के लिए वोटिंग होगी।



### बीजेपी पर नफरत फैलाने का आरोप

- बीजेपी के लोग जम्मू-कश्मीर में और बाकी स्टेट में 24 घंटा नफरत और हिंसा फैलाते हैं। ये और कुछ जानते नहीं है। ये सिर्फ नफरत फैलाना जानते हैं। इनकी राजनीति भी नफरत की राजनीति है। आप जानते हैं, नफरत को नफरत से नहीं काटा जा सकता है।
- ये लोग बांटने का काम करते हैं। जहां भी जाते हैं, एक जात को दूसरी जात से, एक धर्म को दूसरे धर्म से ये बांटते हैं और लड़ाने की बात करते हैं। ये लोग गुर्जर भाई को भी लड़ाने की कोशिश करते हैं। ये इनका जो प्रोजेक्ट है, यह फेल होगा। हम सबको एक साथ लेकर सबके हक को देकर हम आगे बढ़ेंगे।
- नफरत को सिर्फ मोहब्बत से काटा जाता है। इसलिए ये जो विचारधारा की लड़ाई है, एक तरफ नफरत फैलाने वाले लोग हैं, दूसरी तरफ मोहब्बत फैलाने वाले लोग हैं। हमारा मैसेज है कि नफरत से किसी को फायदा नहीं होता है। नफरत के बाजार में हर स्टेट में हमने मोहब्बत की दुकान खोली।

### पीएम के आत्मविश्वास पर

मोदी जी की साइकोलॉजी को हमने तोड़ दिया है। उनके चहरे पर साफ दिखता है कि जो पहले नरेंद्र मोदी थे अब वो नहीं रहे। चुनाव के दौरान उन्होंने कहा कि मैं तो बायोलोजिकल नहीं हूं, मतलब मेरा डायरेक्टली कनेक्शन ऊपर है, मैं डायरेक्ट बात करता हूं। इससे पता चलता है कि उनका आत्मविश्वास टूट गया है।

### जम्मू-कश्मीर को स्टेटहुड दिलाने की मांग

- हिंदुस्तान में पहले यूनियन टेरिटरी को स्टेट में बदला गया है। बहुत बार हुआ है कि यूनियन टेरिटरी को स्टेट में बदला गया है। स्टेट के दो भाग भी किए हैं। मध्य प्रदेश से छत्तीसगढ़ निकाला गया।
- आपका लोकतांत्रिक हक आपसे छीना गया है। यह हिस्ट्री में पहली बार हुआ है। हमारी मांग है कि एक बार फिर आपको स्टेट का हक दिया जाए। नोटबंदी, गलत जीएसटी लागू किया। छोटे बिजनेसमैन को इन्होंने खत्म किया। इससे हिंदुस्तान में कहीं भी रोजगार नहीं मिल पा रहा है। यही हालात जम्मू-कश्मीर में है।
- आज बाहर के लोग यहां का फैसला लेते हैं। आपकी सरकार को चलाने में आपकी आवाज ही नहीं है। आपकी सरकार दिल्ली से चलती है। हम चाहते थे कि चुनाव से पहले आपको स्टेटहुड मिल जाना चाहिए था।

## मैरिटल रेप पर सुप्रीम कोर्ट में कल सुनवाईः कर्नाटक और दिल्ली हाईकोर्ट इसे अपराध मान चुके

**नई दिल्लीः** पत्नी के साथ जबरन संबंध बनाने पर पति के खिलाफ केस चलना चाहिए या नहीं, इस पर मंगलवार (24 सितंबर) को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। चीफ जस्टिस ऑफ इंडियाडीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस जेबी पारदीवाला की बेंच इस पर सुनवाई करेगी। कर्नाटक हाईकोर्ट और दिल्ली हाईकोर्ट के दो फैसलों के खिलाफ मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा है। इसके अलावा कई और जनहित याचिकाएं दायर की गईं थीं। इन सभी को एक साथ मर्ज करके सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। भारतीय न्याय संहिता की धारा 63 (बलात्कार) के अपवाद 2 के मुताबिक मैरिटल रेप को अपराध नहीं माना गया है। हालांकि इस मामले पर केंद्र सरकार को भी जवाब दाखिल करना है। केंद्र का कहना है, कानूनों में बदलाव के लिए विचार-विमर्श की जरूरत है। मैरिटल रेप को लेकर नए कानून बनाने की मांग काफी समय से हो रही थी। पिछले दो सालों में दिल्ली हाईकोर्ट और कर्नाटक हाईकोट का फैसला आने के बाद इसकी मांग और तेज हो गई। सुप्रीम कोर्ट में दो मुख्य याचिकाएं हैं, जिन पर सुनवाई होगी। एक याचिका पति की तरफ से लगाई गई, तो दूसरी अन्य मामले में एक महिला ने याचिका दायर की थी।

दिल्ली हाईकोर्ट का मामलाः साल 2022 में एक महिला ने पति द्वारा जबरन शारीरिक संबंध बनाने पर दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका लगाई। 11 मई 2022 को दिल्ली हाईकोर्ट के 2 जजों ने अलग-अलग फैसला दिया था। जस्टिस राजीव शकधर ने वैवाहिक बलात्कार के अपवाद को रद्द करने का समर्थन किया था। वहीं, जस्टिस सी हरि शंकर ने कहा कि पति को मिली छूट असंवैधानिक नहीं है और एक समझदार अंतर पर आधारित है।

## सुप्रीम कोर्ट बोला- चाइल्ड पोर्नोग्राफी देखना, डाउनलोड करना अपराधः मद्रास हाईकोर्ट का फैसला पलटा

**नई दिल्लीः** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि चाइल्ड पोर्नोग्राफी डाउनलोड करना और देखना पोक्सो और आईटी एक्ट के तहत अपराध है। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने मद्रास हाईकोर्ट के फैसले को खारिज करते हुए फैसला सुनाया। मद्रास हाईकोर्ट ने कहा था कि अगर कोई ऐसा कंटेंट डाउनलोड करता और देखता है, तो यह अपराध नहीं, जब तक कि नीयत इसे प्रसारित करने की न हो। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ऐसे कंटेंट का स्टोरेज, इसे डिलीट ना करना और इसकी शिकायत ना करना बताता है कि इसे प्रसारित करने की नीयत से स्टोर किया गया है। हाईकोर्ट ने ये केस खारिज करके अपने फैसले में गंभीर गलती की है। हम उसका फैसला रद्द करते हैं और केस को वापस सेशन कोर्ट भेजते हैं।

जस्टिस जेबी पारदीवाला ने कहा- चाइल्ड पोर्नोग्राफी की जगह 'चाइल्ड सेक्शुअल एक्सप्लॉएटेटिव एंड एब्यूसिव मटेरियल' शब्द का इस्तेमाल किया जाए। केंद्र सरकार अध्यादेश लाकर बदलाव करे। अदालतें भी इस शब्द का इस्तेमाल न करें।

### सुप्रीम कोर्ट के 2 कमेंट

- हम संसद को सुझाव देते हैं कि पोक्सो एक्ट में बदलाव करें और इसके बाद चाइल्ड पोर्नोग्राफी शब्द की जगह चाइल्ड सेक्शुअली एब्यूसिव एंड एक्सप्लॉइटेटिव मटेरियल का इस्तेमाल किया जाए। इसके लिए अध्यादेश भी लाया जा सकता है। सीएसईएएम शब्द सही तरीके से बताएगा कि यह महज अश्लील कंटेंट नहीं, बच्चे के साथ हुई घटना का एक रिकॉर्ड है। वो घटना जिसमें बच्चे का यौन शोषण हुआ या फिर ऐसे शोषण को विजुअली दिखाया गया हो।
- बच्चों के खिलाफ अपराध सिर्फ यौन शोषण तक ही सीमित नहीं रहते हैं। उनके वीडियो, फोटोग्राफ और रिकॉर्डिंग के जरिए ये शोषण आगे भी चलता है। ये कंटेंट साइबर स्पेस में मौजूद रहते हैं, आसानी से किसी को भी मिल जाते हैं। ऐसे मटेरियल अनिश्चितकाल तक नुकसान पहुंचाते हैं। ये यौन शोषण पर ही खत्म नहीं होता है, जब-जब ये कंटेंट शेयर किया जाता है और देखा जाता है, तब-तब बच्चे की मर्यादा और अधिकारों का उल्लंघन होता है। हमें एक समाज के तौर पर गंभीरता से इस विषय पर विचार करना होगा।

### केरल हाईकोर्ट ने भी मद्रास हाईकोर्ट जैसा फैसला सुनाया था

केरल हाईकोर्ट ने 13 सितंबर 2023 को कहा था कि अगर कोई व्यक्ति अश्लील फोटो या वीडियो देख रहा है तो यह अपराध नहीं है, लेकिन अगर दूसरे को दिखा रहा है तो यह गैरकानूनी होगा। इसी फैसले के आधार पर मद्रास हाईकोर्ट ने 11 जनवरी को एक आरोपी को दोषमुक्त कर दिया था।

## बुलडोजर से गलत कार्रवाई पर दोषी अधिकारियों से होगी नुकसानी की वसूली

नई दिल्ली (ईएमएस)। बुलडोजर द्वारा त्वरित न्याय करने के मामले की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में चल रही है। सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोजर कार्रवाई को लेकर गाइडलाइन जारी करने की बात कही थी। इसके लिए सुप्रीम कोर्ट ने सुझाव भी मांगे थे। 1 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होने वाली है। इसके पहले कई महत्वपूर्ण सुझाव सुप्रीम कोर्ट को भेजे गए हैं। बिना कानूनी प्रक्रिया के बुलडोजर की कार्रवाई को गैरकानूनी घोषित किया जाना। इस तरह की करवाई जिस अधिकारी के निर्देश पर हुई है। उसको जवाबदेह बनाना और उनसे नुकसानी की वसूली करने के प्रावधान से अवैध कार्रवाई को रोका जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट को जो सुझाव भेजे गए हैं उनमें अवैध निर्माण को गिराए जाने के पहले किराएदार या मकान मालिक को वेध तरीके से नोटिस सर्विस करने का सुझाव दिया गया है। नोटिस सर्विस के लिए पुख्ता सबूत और गवाह की आवश्यकता को भी जरूरी हो। नोटिस का जवाब देने के लिए न्यूनतम एक माह का समय दिए जाने का सुझाव दिया गया है। प्राधिकरण अथवा नगरी निकाय संबंधित पक्ष के सभी दस्तावेजों की गंभीरता के साथ जांच करें। दस्तावेजों का उल्लेख फाइल में जाँचकर्ता अधिकारी करें।

## गडकरी बोले- चौथी बार सरकार बनने की गारंटी नहीं:लेकिन रामदास अठावले मंत्री बनेंगे; फिर कहा- मजाक कर रहा था

**नागपुरः** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने रविवार को नागपुर में एक कार्यक्रम में कहा- केंद्र में भाजपा चौथी बार सरकार बनाए इसकी कोई गारंटी नहीं है, लेकिन हमारे सहयोगी रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के चीफ रामदास अठावले अगली सरकार में मंत्री जरूर बनेंगे। गडकरी जब यह बोल रहे थे, तब अठावले भी मंच पर मौजूद थे। हालांकि गडकरी ने मुस्कुराते हुए कहा, 'मैं केवल मजाक कर रहा था।'
दरअसल, कार्यक्रम अठावले को सम्मानित करने के लिए था। गडकरी ने उन्हें बाबा साहेब अंबेडकर पुरस्कार से सम्मानित किया। इस दौरान अठावले ने अपने भाषण में कहा था कि उन्हें अब तक 3 बार केंद्र में मंत्री पद मिला है और सरकार आने पर वह चौथी बार भी मंत्री बनेंगे। इस पर गडकरी ने कहा- अठावले मौसम वैज्ञानिक हैं। अठावले संसद में अपने मजाकिया अंदाज में बोलने के लिए चर्चा में रहते हैं। गडकरी ने कहा कि मैं रामदास अठावले को दिल से शुभकामनाएं देता हूं। उन्हें बेहतर जीवन और स्वस्थ जीवन मिलना चाहिए। मैं आप सभी की ओर से



यह प्रार्थना करता हूं। मेरा मानना है कि उन्होंने दलितों और पीड़ित लोगों के लिए अपना जीवन लगा दिया। अठावले ने मनोज जरांगे की मराठा आरक्षण की मांग को लेकर भी चर्चा की। उन्होंने कहा- जरांगे की मांग सही है, लेकिन राज्य को यह अधिकार नहीं है। इसलिए इस बात पर विचार किया जाना चाहिए कि क्या मराठा समुदाय के लिए एक अलग श्रेणी बनाई जा सकती है। अठावले ने यह भी कहा कि हम विधानसभा के लिए 10 से 12 सीटें की मांग कर रहे हैं, हम मांग करने जा रहे हैं कि चंद्रपुर सीट हमारी पार्टी को मिले। जो संविधान को नहीं मानता, उसे देश में रहने का कोई अधिकार नहीं है। किसी कानून में बदलाव या संशोधन का मतलब संविधान को बदलना नहीं है।

# आतिशी ने सीएम की कुर्सी खाली छोड़ी:कहा- जैसे भरत ने खड़ाऊं रखकर सिंहासन संभाला, मैं दिल्ली संभालूंगी; भाजपा बोली- चापलूसी नहीं, काम करें

**नई दिल्लीः** दिल्ली की नई मुख्यमंत्री आतिशी ने सोमवार (23 सितंबर) को पदभार संभाल लिया। वह सुबह 12 बजे सीएम ऑफिस पहुंची और औपचारिकताएं पूरी कीं। इस दौरान आतिशी ने सीएम ऑफिस में एक खाली कुर्सी छोड़ दी और खुद दूसरी कुर्सी पर बैठीं। आतिशी ने कहा- 'जैसे राम के वनवास जाने के बाद भरत ने खड़ाऊं रखकर अयोध्या का सिंहासन संभाला, मैं उसी तरह दिल्ली सीएम की कुर्सी संभालूंगी। 4 महीने बाद दिल्ली के लोग केजरीवाल को फिर से इसी कुर्सी पर बैठाएंगे। तब तक ये कुर्सी इसी कमरे में रहेगी और केजरीवाल जी का इंतजार करेगी।'

आतिशी के बयान पर दिल्ली भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा- 'इस हरकत से आतिशी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री पद की गरिमा के साथ ही दिल्ली की जनता की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। यह कोई आदर्श नहीं हैं। सीधी भाषा में चापलूसी है। केजरीवाल बताएं, क्या सरकार रिमोट कंट्रोल से चलाएंगे।' दिल्ली शराब नीति केस में 13 सितंबर को जमानत पर बाहर आने के बाद केजरीवाल ने 17 सितंबर को सीएम पद से इस्तीफा दे दिया था। 21 सितंबर को आतिशी दिल्ली की नई मुख्यमंत्री बनीं। 23 सितंबर को उन्होंने 5 मंत्रियों के साथ शपथ ली।




### आतिशी के बयान में श्रीराम-भरत का जिक्र, दो बातें...

1. भरत की तरह 4 महीने शासन चलाऊंगीः आतिशी ने कहा- 'आज मैंने दिल्ली के सीएम का कार्यभार संभाला है। आज मेरे मन में वही व्यथा है, जब भगवान श्री राम 14 साल के लिए वनवास गए थे। जिस तरह भरत जी ने 14 साल तक भगवान श्री राम की खड़ाऊं रखकर अयोध्या का शासन संभाला। उसी तरह से आने वाले 4 महीने के लिए मैं दिल्ली सरकार चलाऊंगी।'
2. केजरीवाल के अंदर राम की तरह मर्यादाः आतिशी ने कहा- 'भगवान श्रीराम ने एक वचन को निभाने के लिए 14 साल का वनवास स्वीकार किया। इसीलिए हम भगवान श्रीराम को मर्यादा पुरुषोत्तम कहते हैं। उनकी जिंदगी हम सबके लिए मर्यादा और नैतिकता की एक मिसाल है। बिल्कुल उसी तरह अरविंद केजरीवाल ने इस देश की राजनीति में मर्यादा और नैतिकता की एक मिसाल कायम की है।'

### आतिशी दिल्ली की सबसे युवा सीएम, कैबिनेट में 6 चेहरे

आतिशी ने 21 सितंबर को दिल्ली की 9वीं मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली। राजनिवास में उपराज्यपाल विनय सक्सेना ने उन्हें शपथ दिलाई। शपथ के बाद आतिशी ने अरविंद केजरीवाल के पैर छुए। वे दिल्ली की सबसे युवा (43 साल) सीएम हैं। इससे पहले केजरीवाल 45 साल की उम्र में सीएम बने थे। आतिशी बतौर महिला सुषमा स्वराज और शीला दीक्षित के बाद दिल्ली की तीसरी महिला सीएम हैं। आतिशी के अलावा सौरभ भारद्वाज, गोपाल राय, कैलाश गहलोत, इमरान हुसैन और मुकेश अहलावत ने मंत्री पद की शपथ ली। कैबिनेट में मुकेश अहलावत एकमात्र नया चेहरा हैं।

आतिशी ने शिक्षा, पीडब्ल्यूडी और वित्त समेत 13 विभाग अपने पास रखे। वहीं, सौरभ भारद्वाज को हेल्थ समेत 8 प्रमुख विभाग का जिम्मा दिया गया। आतिशी कालकाजी सीट से तीन बार की विधायक हैं।

# भारत अब नई व्यवस्थाएं बनाता है और नेतृत्व करता हैः पीएम मोदी

न्यूयॉर्क(ईएमएस)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत में विकास अब एक जन आंदोलन बन गया है। उन्होंने कहा, हर भारतीय को भारत और उसकी उपलब्धियों पर भरोसा है। भारत आज अवसरों की भूमि है। देश अब अवसरों का इंतजार नहीं कर रहा है। यह अब अवसरों का सृजन कर रहा है। भारत अब नई व्यवस्थाएं बनाता है और नेतृत्व करता है।



प्रधानमंत्री ने कहा कि महज एक दशक में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया है। प्रधानमंत्री ने भारतीय अमेरिकियों से कहा, यह इसलिए संभव हुआ क्योंकि हमने अपनी पुरानी सोच बदली। हमने अपना दृष्टिकोण बदला। हमने गरीबों को सशक्त बनाया। उन्होंने कहा कि यह नया मध्यम वर्ग ही है जो भारत के विकास को गति दे रहा है। मोदी ने कहा कि दुनिया के लिए एआई का मतलब 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस है, लेकिन उनका मानना है कि एआई का मतलब 'अमेरिका-इंडिया भावना भी है।

न्यूयॉर्क में हजारों भारतीय अमेरिकियों को संबोधित करते हुए कहा, इस कठिन चुनाव प्रक्रिया, इस लंबी चुनाव व्यवस्था से गुजरने के बाद, भारत में (इस वर्ष) कुछ अभूतपूर्व हुआ। क्या हुआ...अबकी बार मोदी सरकार। उन्होंने कहा, 60 साल में पहली बार भारत के लोगों ने ऐसा जनादेश दिया है जिसका बहुत महत्व है। अपने तीसरे कार्यकाल के दौरान मुझे बहुत महत्वाकांक्षी लक्ष्य हासिल करने हैं। हमें तीन गुना ताकत के साथ आगे बढ़ना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि उन्होंने अपने तीसरे कार्यकाल में देश को विकसित राष्ट्र बनाने का बहुत महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत आज अवसरों की भूमि है। मोदी ने देश और समुदाय को गौरवान्वित करने में भारतीय अमेरिकियों की भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा, "कल ही (अमेरिका के) राष्ट्रपति (जो) बाइडन मुझे डेलावेयर में अपने घर ले गए। उनका स्नेह, उनकी गर्मजोशी, यह एक ऐसा क्षण था जिसने मेरे दिल को छू लिया। यह 140 करोड़ भारतीयों के लिए सम्मान की बात है। यह सम्मान आपके लिए है, आपकी उपलब्धियों के लिए है, यहां रहने वाले सैकड़ों-हजारों भारतीयों के लिए है।

## पीएम मोदी ने अमेरिका में एआई से लेकर 5जी तक कहीं कई महत्वपूर्ण बातें

नरेंद्र मोदी तीन दिवसीय अमेरिकी दौरे पर हैं। यहां उन्होंने क्वाड सम्मेलन में आतंकवाद जैसे मुद्दों पर अपनी बात रखी और भारत को शांति का पक्षधर बताया। इसके अलावा पीएम मोदी ने अमेरिका में मौजूद भारत वंशियों को राष्ट्रदूत की संज्ञा दी और उनके लिए कुछ सहूलियतों की भी घोषणा की। उन्होंने न्यूयॉर्क में 'मोदी एंड यूएस' आयोजन को संबोधित किया। इस दौरान वहां मौजूद भारतीय समुदाय के लोगों ने जमकर मोदी-मोदी के नारे लगाए। वहीं, प्रधानमंत्री मोदी के भाषण से पहले हनुमैनकाइंड, आदित्य गढ़वी, देवी श्रीप्रसाद आदि ने परफॉर्मेंस भी की। कार्यक्रम में पीएम मोदी का जोरदार स्वागत हुआ। भारत माता की जय के नारों के साथ पीएम मोदी ने अपने भाषण की शुरुआत की। उन्होंने अमेरिका में मौजूद भारतीय समुदाय की भी तारीफ की। इस दौरान जहां उन्होंने एआई का नया अर्थ बताया वहीं, 2036 में भारत में ओलंपिक कराए जाने के प्रयासों के बारे में भी जानकारी दी। पीएम मोदी ने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब आप अमेरिका में मेड इन इंडिया चिप देखेंगे। यह छोटी सी चिप भारत के विकसित भारत के स्वप्न को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। यह मोदी की गारंटी है।आज जब भारत किसी ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर कुछ कहता है तो पूरी दुनिया सुनती है। जब कुछ वक्त मैंने कहा था कि यह युद्ध का समय नहीं है तो सभी लोगों ने इसके महत्व को समझा। पीएम मोदी ने कहा कि जब भी दुनिया में कोई संकट आया है, भारत मदद करने के लिए सबसे पहले पहुंचा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की प्राथमिकता दुनिया में तनाव नहीं, बल्कि अपना प्रभाव बढ़ाना है। हम आग की तरह जलने वाले नहीं, सूरज की तरह रोशनी देने वाले हैं। हमें दुनिया पर सत्ता नहीं कायम करनी है, बल्कि सहयोग और संपन्नता को बढ़ावा देना है। पीएम मोदी ने कहा कि बहुत जल्द आप भारत में ओलंपिक होता हुआ देखेंगे। उन्होंने कहा कि हम पूरा प्रयास कर रहे हैं कि साल 2036 का ओलंपिक भारत में आयोजित हो। आज भारत का 5जी मार्केट अमेरिका से भी काफी बड़ा है। यह पिछले दो साल के दौरान ही हुआ है। पीएम मोदी ने कहा कि अब भारत मेड इन इंडिया 6जी पर काम कर रहा है। इस दौरान प्रधानमंत्री ने वहां मौजूद प्रवासी भारतीयों को राष्ट्रदूत कहकर संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मैं आप लोगों की क्षमताओं से पूरी तरह से परिचित हूं। आप सभी मेरे लिए भारत के सबसे बड़े एंबेसडर हैं। इस दौरान पीएम मोदी ने एआई को भी नया अर्थ दिया। उन्होंने कहा कि मेरे लिए एआई का मतलब 'अमेरिकन इंडियंस' है। यह भारत और अमेरिका के संबंधों को नई ऊंचाई पर ले जाने की भावना है। आज भारत में ढेर सारे मौके हैं। अब यह मौकों का इंतजार नहीं करता है, बल्कि मौकों की तलाश करता है। पिछले 10 साल में भारत ने हर सेक्टर मौकों का लॉन्चिंग पैड तैयार किया है।पीएम ने कहा कि हमने हरित क्षेत्र में बदलाव के लिये रास्ता चुना। यह प्रकृति के प्रति प्रेम की हमारी परंपरा है जिसने हमारा मार्गदर्शन किया है और हम सौर और पवन ऊर्जा क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। भारत पेरिस जलवायु लक्ष्यों को हासिल करने वाला पहला जी-20 देश है। हर आकांक्षा नई उपलब्धि को जन्म दे रही है, और हर उपलब्धि एक नई आकांक्षा के लिए एक सुविधा बन जाती है। पीएम ने कहा कि एक दशक में, भारत अर्थव्यवस्था के मामले में 10वें से 5वें स्थान पर पहुंच गया है।

### मोदी के नाम ही भूल गए बाइडन,पर चीन को चौकन्ना कर दिया

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन अपनी कुछ चूक के कारण आलोचना के घेरे में आ गए। बाइडन ने जब पीएम मोदी का परिचय दिया, तब उन्होंने उनका नाम ही भूल गए, जो उनकी भूलभुलैया में एक नया अध्याय जोड़ता है। इससे भी महत्वपूर्ण, बैठक के दौरान उनकी एक टिप्पणी ने चीन को चौकन्ना कर दिया। बाइडन ने कहा, चीन दुनिया के हर कोने में क्वाड देशों का इम्तहान ले रहा है, यह बात उन्होंने धीमी आवाज में फुसफुसाते हुए कही, लेकिन माइक ऑन रहने के कारण यह सभी ने सुन ली। बाइडन की टिप्पणियों ने चीन को भड़काने का काम किया। चीन की सरकारी मीडिया ने क्वाड पर फूट डालो और राज करो की रणनीति अपनाने का आरोप लगाया, जो कि बीजिंग और उसके पड़ोसियों के बीच मतभेद पैदा करने की कोशिश बताई गई। कुल मिलाकर, यह क्वाड बैठक न केवल अमेरिकी-चीन संबंधों में तनाव बढ़ाने वाली रही, बल्कि इससे भारत की कूटनीतिक स्थिति भी मजबूत हुई है।बाइडन की यह टिप्पणी अमेरिका की चीन के प्रति गंभीरता को दर्शाती है। उन्होंने कहा, चीन लगातार आक्रामक व्यवहार कर रहा है और कई मोर्चों पर पूरे क्षेत्र में हमारा इम्तहान ले रहा है। उनका यह बयान चीन के उभरते खतरे के प्रति अमेरिकी प्रशासन की चिंता को स्पष्ट करता है।इस क्वाड समिट में प्रधानमंत्री मोदी के अलावा ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज और जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा भी शामिल हुए। मोदी ने बैठक में स्पष्ट किया कि क्वाड किसी देश के खिलाफ नहीं है। उन्होंने कहा, हम सभी नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था, संप्रभुता का सम्मान, क्षेत्रीय अखंडता और सभी मुद्दों का शांतिपूर्ण समाधान के सपोर्ट में हैं। हालांकि मोदी ने सीधे किसी देश का नाम नहीं लिया, लेकिन उनका इशारा स्पष्ट था।

# इब्राहिम रईसी की मौत को लेकर बड़ा दावा- हेलीकॉप्टर में फटा था पेजर

तेहरान(ईएमएस)। ईरान के एक सांसद अहमद बख्शीश अर्दस्तानी ने दावा किया है कि पूर्व राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी भी पेजर का इस्तेमाल करते थे, जो हेलीकॉप्टर में फट गया था। खास बात है कि रईसी की चॉपर क्रैश में मौत हो गई थी। पेजर और वॉकी टॉकी हमले में 35 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी और इसके तार इजरायल से जोड़े जा रहे थे। हालांकि, इजरायल ने इसे लेकर साफतौर पर कुछ नहीं कहा है।

ईरानी मीडिया से बातचीत में सांसद ने कहा कि रईसी पेजर का इस्तेमाल करते थे। हालांकि, वो पेजर उनसे अलग हो सकता है, जिसका उपयोग हिजबुल्ला करता हो। बहरहाल, चॉपर क्रैश की एक संभावित वजह उनके पेजर का फटना हो सकती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्होंने संकेत दिए हैं कि ईरान ने इन पेजरों को खरीदने में भूमिका निभाई थी। उन्होंने कहा, (ईरानी बलों ने) निश्चित रूप से हिजबुल्ला के पेजर खरीदने में बड़ी भूमिका निभाई थी। ऐसे में हमारी इंटेलीजेंस एजेंसियों को भी इस मामले की जांच करनी चाहिए। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ईरानी सांसद अहमद बख्शीश अर्दस्तानी ने संकेत दिए हैं कि जिस पेजर का इस्तेमाल लेबनान में हिजबुल्ला को निशाना बनाने के लिए किया गया था, वही पूर्व ईरानी राष्ट्रपति रईसी के चॉपर में फटा था। रिपोर्ट्स के अनुसार, उन्होंने कहा, ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की जान लेने वाले घातक हेलीकॉप्टर क्रैश से जुड़ी एक संभावना यह भी है कि उनका पेजर में विस्फोट हो गया था। दरअसल, रईसी के पेजर इस्तेमाल करने की बात तब सामने आई जब कुछ दिन पहले जब उनकी एक तस्वीर वायरल हुई थी। फोटो में बैकग्राउंड में एक पेजर रखा नजर आ रहा है। हालांकि, अब तक यह साफ नहीं है कि वो वही पेजर था या नहीं, जिसका इस्तेमाल हिजबुल्ला कर रहा था। वहीं, मई में हुए हेलीकॉप्टर क्रैश की कई वजहें सामने आई थीं। इनमें मौसम, कोहरा जैसी बातें शामिल थीं।




ट्यूनिस में राष्ट्रपति केस सईद का विरोध करते हुए सिविल सोसाइटी के सदस्य और विरोधी दल के नेता।

# श्रीलंका का नया राष्ट्रपति चीन का दोस्त, अब कैसे होंगे रिश्ते

कोलंबो(ईएमएस)। नेशनल पीपुल्स पावर के नेता अनुरा कुमारा दिसानायके राष्ट्रपति चुनाव जीत चुके हैं और अब वो श्रीलंका के नौवें राष्ट्रपति बनने जा रहे हैं। खास बात यह है कि दिसानायके चीन के खास दोस्त माने जाते रहे हैं। यही नहीं उन्हें भारत का मुखर विरोधी माना जाता हैं। उन्होंने कई मौकों पर अपने बयान में भारत विरोधी बातें बोली हैं। अब ऐसे में श्रीलंका भारत या चीन किसे ज्यादा तवज्जोह देगा यह देखने वाली बात होगी। यहां बताते चलें कि साल 1980 के श्रीलंका के गृह युद्ध में भारत-श्रीलंका शांति समझौते के जरिए भारत के हस्तक्षेप का अनुरा कुमारा दिसानायके ने विरोध किया था। साथ ही भारत के श्रीलंका में लिट्टे से निपटने के लिए पीसकीपिंग फोर्स का भी उन्होंने विरोध किया था। साथ ही उन्होंने अभी हाल ही में श्रीलंका में चल रहे अडानी समूह के 484 मेगावाट वाले 44 करोड़ के समझौते को रद्द करने की बात कही थी। उन्होंने कहा कि अगर मैं राष्ट्रपति बनता हूं तो इस प्रोजेक्ट को रद्द कर दूंगा।दिसानायके तो कई मौकों पर भारत का विरोध कर चुके हैं। साथ ही उनकी मार्क्सवादी, लेनिनवादी झुकाव को ध्यान में रखें तो वे भविष्य में चीन के समर्थक साबित होंगे। हालांकि, एनपीपी के राष्ट्रीय कार्यकारी समिति के मेंबर ने बताय, 'हमारी पार्टी या हमारे नेता भारत के साथ जुड़ना चाहते हैं। भारत निश्चित रूप से हमारा पड़ोसी और एक महाशक्ति है। हाल ही में, हमें भारत द्वारा एक कृषि शिखर सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया गया था। हमने दिल्ली और केरल का दौरा किया। हमारे नेता श्रीलंका की अर्थव्यवस्था को स्थिर करने के लिए सभी प्रमुख शक्तियों से समझौता चाहते हैं।रविवार को वोटिंग के बाद वोटों की काउंटिंग हो रही है। दिसानायके को 22 में से 7 जिलों की पोस्टल वोटिंग में 56 प्रतिशत वोट मिले हैं। एक तरीके से कहा जाए तो उन्होंने ने इस चुनाव में अजेय बढ़त बना लिया है। उनके विरोधी वर्तमान राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे और साजिथ प्रेमदासा को 19-19 प्रतिशत वोट मिले हैं। आपको बताते चलें कि दिसानायके की पार्टी जनता विमुक्ति पेरामुना (जेवीपी) भारत विरोधी पार्टी मानी जाती है। कई मौके पर भारत का विरोध कर चुके हैं। वामपंथी पार्टी होने की वजह से चीन प्रति इनका झुकाव माना जाता है।दिसानायके की पार्टी जनता विमुक्ति पेरामुना (जेवीपी) को 2022 में श्रीलंका संकट के बाद से जनता के बाद काफी लोकप्रियता मिली। अपने जोशिले भाषणों में गरीबों की मदद और वामपंथी नीतियों से लगातार जनता के बीच पॉपुलर होते रहे हैं। वहीं, श्रीलंका संकट में उनको जनता के बीच उभरने का खासा मिला। आपको बताते चलें कि दिसानायके कोलंबो जिला से सांसद हैं। वह 2019 में श्रीलंका के राष्ट्रपति का चुनाव लड़ चुके हैं। वह 2024 का एनपीपी मोर्चे से लड़ रहे हैं। एनपीपी कई पार्टियों का एलायंस है, जिसके नेता दिसानायके हैं।

# इजरायल को शकः हमास प्रमुख याह्या सिनवार की मौत को कंफर्म करने में जुटी मोसाद

तेलअवीव(ईएमएस)। इजरायली सेना ने गाजा में एक हवाई हमले के दौरान हमास के नए चीफ याह्या सिनवार को भी मौत के घाट उतार दिया है। हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। इजरायली मीडिया की रिपोर्ट है कि नेतन्याहू सरकार ने मोसाद समेत कई खुफिया एजेंसियों को इस काम पर लगा दिया है कि वे सिनवार की मौत कंफर्म करें। इजरायली मीडिया सिनवार के अचानक लापता होने की घटना को उसके मारे जाने से जोड़ रही है। हालांकि यह पहली बार नहीं है, पहले भी हवाई हमलों के काफी बाद तक सिनवार अंडरग्राउंड रहा और इजरायल को लगा कि सिनवार मारा गया। यही वजह है की दुनिया बेहतर खुफिया एजेंसियों में शुमार मोसाद अब हकीकत जानने के लिए काम कर रही है। बता दें कि हमास के पूर्ण खात्मे की कसम खाने के महज एक साल के भीतर ही इजरायली सेना ने दुश्मन की कमर तोड़ दी है। सैकड़ों हमास कमांडरों को मौत की नींद सुला दिया है। हमास चीफ इस्माइल हानियेह को भी ईरानी धरती में मार डाला।

खबरों के मुताबिक जांच की जा रही खुफिया जानकारी के अनुसार सिनवार गाजा में आईडीएफ ऑपरेशन के दौरान मारा गया। सिनवार का इतिहास देखते हुए ऐसा लगता है कि वह मरा नहीं है, क्योंकि पिछले हमलों के बाद वह गायब हो गया था और उसकी मौत की अटकलें लगाई जाने लगी थीं। सिनवार की मौत के बारे में अटकलों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इजरायली पत्रकार बराक रविद ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मामले की जानकारी रखने वाले अधिकारियों ने उन्हें बताया है कि यरूशलम के पास ऐसी कोई जानकारी नहीं है जिससे यह पुष्टि हो सके कि हमास नेता की मौत हो चुकी है। रविवार की रिपोर्ट में कहा कि इजरायल इस संभावना की जांच कर रहा है कि हमास चीफ याह्या सिनवार की हाल ही में हुए हवाई हमले में मौत हो गई या नहीं? देश के अधिकारी इस संभावना की जांच कर रहे हैं कि हमास नेता याह्या सिनवार की मौत हो गई है, इसके लिए वे सैन्य खुफिया जानकारी का सहारा ले रहे हैं। शनिवार को फिलिस्तीनी अधिकारियों ने कहा था कि दक्षिणी गाजा शहर में विस्थापित लोगों को आश्रय देने वाले एक स्कूल पर इजरायली हमले में कम से कम 22 लोग मारे गए। उधर, इजरायली सेना ने दावा किया कि हमला आतंकवादी समूह हमास के कमांड सेंटर को निशाना बनाकर किया गया था। ऐसा दावा किया जा रहा है कि उस जगह पर सिनवार भी छिपा हुआ था। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, इजरायली सेना द्वारा किए गए हवाई हमले में गाजा में विस्थापित परिवारों को आश्रय देने वाले एक स्कूल में सात लोगों की मौत हो गई।

# एक सुर में बोले कई देश- लेबनान जल्दी छोड़ दें, कभी भी कुछ भी हो सकता है

वॉशिंगटन(ईएमएस)। इस वक्त इजरायल हिजबुल्लाह के आतंकियों के पीछे पड़ा हुआ है। उनके खात्मे के लिए लगातार इजरायली हमले बढ़ रहे हैं। अब हालात ये हैं कि लेबनान में कभी भी कुछ भी हो सकता है। इस आशय की जानकारी कई देशों को मिली है। जिसके चलते उन्होंने अपने नागरिको के लिए अलर्ट जारी करते हुए हिदायत दी है कि जितना जल्दी हो सके लेबनान खाली कर दें। अमेरिका, फ्रांस, कनाडा और ब्रिटेन की सरकारों ने लेबनान में रह रहे अपने नागरिकों को सलाह दी है कि जितना जल्दी हो सके, देश छोड़ दें। अमेरिकी विदेश विभाग ने आग्रह किया है कि जब तक हवाई उड़ान उपलब्ध हैं, लेबनान खाली कर दें। कुछ दिन में सुरक्षा स्थिति



लेबनान में इजरायली हमले के बाद आसमान में उठता हुआ धूआं। यहां हिज्बुल्ला और इजरायली सेनाओं के बीच घमासान जारी है।

बहुत खराब हो सकती है।

लेबनान पर हिजबुल्लाह और इजरायल के बीच बढ़ते संघर्ष ने अमेरिका समेत कई देशों को चिंता में डाल दिया है। शनिवार रात अमेरिकी विदेश विभाग ने लेबनान में रह रहे अमेरिकियों से आग्रह किया कि वे जितना जल्दी हो सके देश छोड़ दें। अमेरिका ने इसके पीछे की वजह इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच संघर्ष बताया है। इसी प्रकार की सलाह फ्रांस, ब्रिटेन और कनाडा सहित कई देशों द्वारा भी दी गई है। नागरिकों को जारी एडवाइजरी में लेबनान न जाने की सलाह और लेबनान में अगर हैं, तो तुरंग स्थान खाली करने की एजवाइजरी जारी की गई है। चेतावनी दी गई है कि अगर देरी की तो आपातकालीन स्थिति में उनके दूतावास सहायता करने में सक्षम नहीं होंगे। बता दें कि कुछ दिन पहले लेबनान पर इजरायल ने हवाई हमले में हिजबुल्लाह के टॉप कमांडर अहमद वाहबी समेत कई लोगों को मार डाला था। बेरूत में इजरायली हमले में मरने वालों की संख्या 37 हो गई है। हफ्ते भर पहले इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने युद्ध कैबिनेट में ऐलान किया था कि हमास के बाद अब हिजबुल्लाह से सीधी टक्कर का समय आ गया है। उन्होंने लेबनान से मिलती उत्तरी क्षेत्र में लोगों को फिर से बसाने और हिजबुल्लाह पर हमले तेज करने का ऐलान किया था। इसके बाद से हिजबुल्लाह पर लगातार हमले हो रहे हैं। पेजर और वॉकी-टॉकी अटैक में कई हिजबुल्लाह कमांडरों को इजरायल मौत की नींद सुला चुका है। उस हमले में 4 हजार से अधिक घायल भी हैं। शुक्रवार को बेरूत पर हुए हमले में मरने वालों की संख्या 37 हो गई। दूसरी ओर हिजबुल्लाह भी इजरायल पर काउंटर अटैक कर रहा है। रविवार को इजरायली मीडिया ने रिपोर्ट किया कि हिजबुल्लाह ने उत्तरी इजरायल में 100 से ज्यादा रॉकेट छोड़े।

## चीन में शादी से ज्यादा हो रहे हैं, तलाक, 6 माह में हुए 13 लाख तलाक, बना विश्व रिकॉर्ड

बीजिंग (ईएमएस)। चीन सरकार ने तलाक की दर कम करने के लिए 2021 में एक कानून बनाया है। इस कानून के तहत 30 दिनों का समय आपसी समझौते के लिए रखा गया है। इस साल के प्रथम 6 माह में 13 लाख विवाहित जोड़ों ने तलाक लिया है। जो अपने आप मे वैश्विक स्तर का एक रिकॉर्ड है। चीन की जनसंख्यकीय का अध्ययन करने ऑस्ट्रेलिया की विक्टोरिया यूनिवर्सिटी ने एक अनुसंधान किया है। उसके अनुसार चीन में बढ़ती महंगाई, काम का अत्यधिक दबाव होने से तलाक की संख्या बड़ी तेजी के साथ बढ़ रही है। चीन के दंपति अपनी निजी स्वतंत्रता और करियर को ज्यादा महत्व दे रहे हैं। यह भी तलाक का सबसे बड़ा कारण है। चीन की जनसंख्या निरंतर कम होती जा रही है। इसको लेकर चीन की चिंता बढ़ी हुई है। चीन मे अब जितनी शादियां हो रही हैं। उससे ज्यादा तलाक हो रहे हैं। तलाक के बाद दंपति अपनी युगल फोटो नष्ट करने के लिए पेशेवर लोगों की सहायता ले रहे हैं। चीन में यह नया कारोबार शुरू हो गया है। जिसमें युगल फोटो को नष्ट करने का ठेका पेशेवरों को दिया जा रहा है।

## राष्ट्रपति का अगला चुनाव नहीं लड़ेंगे डोनाल्ड ट्रंप

वाशिंगटन(ईएमएस)। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप 2028 में राष्ट्रपति चुनाव की रेस में भाग नहीं लेंगे। एक कार्यक्रम के दौरान उनसे पूछा गया कि अगर वे 2024 का चुनाव हार जाते हैं, तो क्या वे 2028 में फिर से चुनाव लड़ेंगे। इसके जवाब में ट्रंप ने कहा, नहीं, मुझे नहीं लगता। अब बस हो गया। आशा है कि इस बार सफल होंगे। यह बयान ट्रंप के राजनीतिक भविष्य को लेकर कई अटकलें पैदा कर रहा है, खासकर उनके समर्थकों के बीच, जो उनकी राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी को लेकर हमेशा उत्साहित रहते हैं। ट्रंप पहले भी अपने चुनावी अभियानों की जल्दी घोषणा के लिए जाने जाते हैं, जैसे उन्होंने 2017 में ही 2020 चुनाव के लिए अपनी दावेदारी पेश कर दी थी, और 2022 में 2024 के चुनाव के लिए अपनी उम्मीदवारी की घोषणा कर दी थी। डेमोक्रेटिक पार्टी से उपराष्ट्रपति कमला हैरिस इस बार ट्रंप को कड़ी टक्कर दे रही हैं। हैरिस ने अपने चुनाव प्रचार में घरेलू मुद्दों, जैसे महंगाई और स्वास्थ्य देखभाल, को प्रमुख बनाया है। चुनावी सर्वेक्षणों के अनुसार, हैरिस ने ट्रंप के खिलाफ बढ़त बनाना शुरू कर दिया है, जिससे यह मुकाबला और भी रोमांचक हो गया है। ट्रंप पर 2020 चुनाव के परिणामों को पलटने का मामला भी चल रहा है। उन्होंने 2020 की हार को असंवैधानिक और धोखाधड़ी वाला करार दिया था।

## वेटिकन की तर्ज पर बनेगा एक अलग मुस्लिम देश, महिलाओं को भी पूरी आजादी का प्लान

तिराना (ईएमएस)। वेटिकन सिटी में ही पोप बैठते हैं और धर्म से जुड़े मामलों पर यहीं से राय देते हैं। इसी तर्ज पर एक मुस्लिम मौलवी ने भी एक देश बनाने की कोशिश की है, जहां से मुस्लिमों के मामले डील किए जाएंगे। यह देश अलबानिया की राजधानी तिराना में होगा। यह दुनिया का सबसे छोटा मुल्क होगा। इसका एरिया न्यूयॉर्क सिटी के 5 ब्लॉक जितना होगा। यहां शराब की मंजूरी होगी और महिलाओं को भी जो चाहें पहनने की आजादी होगी। उन पर लाइफस्टाइल से जुड़ी पाबंदियां नहीं रहेंगी।
मौलवी एडमंड ब्रहीमाज कहते हैं कि खुदा ने किसी भी चीज को लेकर रोक नहीं लगा रखी है। इसीलिए उसने हमें दिमाग दिया है कि हम तय करें कि क्या करना है। बाबा मोंडी के नाम से चर्चित एडमंड कहते हैं कि यह 27 एकड़ में बना देश होगा, जिसे अलबानिया एक अलग मुल्क के तौर पर विकसित करने को राजी है। इसका अपना प्रशासन होगा, सीमाएं तय होंगी और लोगों को पासपोर्ट भी जारी किए जाएंगे। अलबानिया के प्रधानमंत्री ईदी रामा ने भी कहा है कि वह ऐसे एक देश के बारे में ऐलान करेंगे। यह देश इस्लाम की सूफी परंपरा से जुड़े बेक्टाशी ऑर्डर के नियमों को मानेगा। रामा ने कहा कि हमें इस खजाने की रक्षा करनी चाहिए, जिसका अर्थ धार्मिक सहिष्णुता से है और इसे कभी हल्के में नहीं लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम जो नया देश बनाने जा रहे हैं, वह पूर्वी तिराना में होगा। इसका साइज वेटिकन सिटी से भी एक चौथाई के बराबर होगा। इसमें लोगों पर पाबंदियां नहीं रहेंगी और उन्हें अपने तरीके से जीने का मौका मिलेगा। बाबा मोंडी का कहना है कि हम मानते हैं कि ईश्वर हम पर कोई बंदिश नहीं लगाता।

## बांग्लादेश में सभी राजनीतिक बंदी रिहा होंगे

ढाका (ईएमएस)। बांग्लादेश में मुहम्मद यूनुस की लीडरशिप में बनी नई सरकार ने सत्ता संभालते ही हसीना सरकार के कई अहम फैसलों को पलटना शुरू कर दिया है। ताजा फैसलों में नई सरकार ने उन सभी राजनीतिक बंदियों की रिहाई का आदेश दिया है, जिन्हें पूर्ववर्ती शेख हसीना सरकार के कार्यकाल के दौरान राजनीतिक प्रतिशोध के तहत जेल में डाल दिया गया था। गृह मंत्रालय ने सभी जिलों में एक विशेष समिति बनाने का निर्देश जारी किया है, जो इन मामलों की समीक्षा करेगी। इन समितियों के अध्यक्ष जिले के कलेक्टर होंगे, जबकि मजिस्ट्रेट को सचिव बनाया गया है, और समिति में पुलिस अधीक्षक (एसपी) भी सदस्य होंगे। इन समितियों का प्रमुख कार्य राजनीतिक बंदियों और कार्यकर्ताओं के खिलाफ दर्ज मामलों की समीक्षा करना और मुकदमे वापस लेने का प्रस्ताव तैयार करना है, जिसे बाद में कोर्ट में पेश किया जाएगा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, गृह मंत्रालय ने निर्देश दिया है कि यह प्रक्रिया पहले राजनीतिक नेताओं के मामलों से शुरू की जाएगी। जिला स्तरीय समितियां 31 दिसंबर तक मामले की जांच कर अपनी सिफारिशें सरकार को भेजेंगी। इन सिफारिशों के आधार पर, 45 दिनों के भीतर सभी राजनीतिक बंदियों के खिलाफ दर्ज मुकदमे वापस ले लिए जाएंगे और उन्हें जेल से रिहा कर दिया जाएगा। इस फैसले से देश में अराजकता फैलने की आशंका जताई जा रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि इतने बड़े पैमाने पर राजनीतिक बंदियों की रिहाई से देश में कानून व्यवस्था की स्थिति प्रभावित हो सकती है। हालांकि, गृह मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि भ्रष्टाचार के मामलों को छोड़कर बाकी सभी मामलों में मुकदमे वापस लिए जाएंगे। केंद्र स्तर पर भी एक समिति बनाई गई है, जिसमें कानून, संसदीय कार्य मंत्रालय के सलाहकार और विभिन्न विभागों के सचिव शामिल हैं। यह समिति जिलों से प्राप्त सिफारिशों की समीक्षा करेगी और मामलों को वापस लेने के योग्य घोषित करेगी। सरकार का यह कदम देश के राजनीतिक परिदृश्य को पूरी तरह बदल सकता है। बता दें कि पडोसी देश बांग्लादेश की राजनीति में बड़े बदलाव देखने को मिल रहे हैं। शेख हसीना के देश छोड़कर भागने के बाद उनकी सरकार द्वारा लिए गए निर्णयों को बदला जा रहा है1

## ईरान में कोयला खदान में विस्फोट, 34 मजदूरों की मौत

तेहरान (ईएमएस)। पूर्वी ईरान में एक कोयला खदान में मीथेन गैस लीक होने के कारण हुए विस्फोट में कम से कम 34 मजदूरों की मौत हो गई और 17 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने इसे ईरान के इतिहास की सबसे बड़ी खदान दुर्घटना करार देते हुए कहा कि विस्फोट के घंटों बाद भी कई मजदूर लापता हैं। अधिकारियों ने बताया कि राजधानी तेहरान से करीब 540 किलोमीटर दूर दक्षिण-पूर्व में स्थित तबास की कोयला खदान में शनिवार देर रात विस्फोट हुआ। उन्होंने बताया कि विस्फोट के दौरान लगभग 70 लोग खदान में काम कर रहे थे। सरकारी टेलीविजन चैनल ने बताया कि 700 मीटर गहरी खदान में 17 मजदूरों के 200 मीटर की गहराई पर फंसे होने की आशंका है। हालांकि हादसे से प्रभावित मजदूरों की संख्या के बारे में दिन भर अलग-अलग आंकड़े सामने आते रहे। प्रांत के एक आपातकालीन अधिकारी ने सरकारी समाचार एजेंसी को रविवार दोपहर बताया कि बचाव अभियान जारी है और हादसे में जान गंवाने वाले मजदूरों की संख्या बढ़कर 34 हो गई है। खदान से निकाले गए मजदूरों ने सरकारी टेलीविजन चैनल से बातचीत में विस्फोट के बाद के भयानक मंजर को बयां किया। कोयले के काले चूरे में लिपटे एक मजदूर ने नाम न जाहिर करने की शर्त पर बताया कि हम खदान में काम कर रहे थे। अचानक धुआं उठने लगा। इसके बाद मैंने महसूस किया कि मुझे सांस लेने में तकलीफ हो रही है। मैं फौरन अपनी जान बचाने के लिए भागा और तब तक लगातार दौड़ता रहा, जब तक एक सुरक्षित स्थान पर नहीं पहुंच गया। मेरे सहकर्मी वहीं फंसे रह गए। प्राधिकारियों के मुताबिक यह विस्फोट मीथेन गैस लीक होने के कारण हुआ। हालांकि, फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि हादसे के समय निजी खदान मंदानजू को में सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम उपलब्ध थे या नहीं। हादसे पर प्रतिक्रिया के लिए खदान के मलिकाना हक वाली कंपनी से अभी संपर्क नहीं किया जा सका है। ईरान के नये सुधारवादी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने कहा कि उन्होंने खदान में फंसे लोगों को बचाने और उनके परिजन की सहायता के लिए हरसंभव प्रयास करने का आदेश दिया है।

# पर्व एवं स्वास्थ्य...आयुर्वेद मतानुसार

**भारतीय संस्कृति की यह विशेषता हैं कि उनके अंतर्गत होने वाले किसी भी व्यवहार का सामाजिक, प्राकृतिक, तार्किक व भावनात्मक आधार तो होता ही हैं, वैज्ञानिक आधार भी प्रमाणित होता हैं। पौराणिक एवं ऐतिहासिक काल से प्रचलित और त्यौहार सामाजिक समरसता सौहार्द्र एवं उल्लास का सन्देश देते रहे हैं। प्रकृति में होने वाले विविध परिवर्तनों को आत्मसात करते हुए तदनुरूप अपनी व्यवहार चर्या में क्रमिक -परिवर्तन का अवसर भारतीय त्यौहार पर प्राप्त होता हैं।**




भारतीय त्योहारों कि एक विशेषता यह भी हैं कि भारतीय संवतसर, जो खगोल विज्ञान पर आधरित हैं, खगोलीय -चक्र के अनुसार प्रकृति -गत परिवर्तनों के सोपान होते हैं। वर्ष भर में सूर्य -चंद्र कि गतियों के कारण प्रकृति में होने वाले बदलाव का प्रभाव से तन -मन को बचाने के लिए आयुर्वेद में ऋतुओं का और उनकी चर्या का निर्धारण किया गया हैं। इस तरह कुछ त्यौहार आनंद, उल्लास और समरसता को बढ़ाने के कारण सामाजिक-स्वास्थ्य के पोषक होते हैं, जबकि कुछ व्यक्तिगत -स्वास्थ्य के पोषण के लिए व्यक्तिगत जीवन चर्या में बदलाव का निर्देश देते हैं।

देश भर में एक जन -एक संस्कृति कि झलक भी इन त्यौहार पर देखने को मिलती हैं। देश के अलग अला क्षेत्रों में अलग -अलग नामों में किन्तु एक ही समय में मनाये जाने वाले त्यौहार एक सन्देश देते हैं, जबकि मनाने का तरीका क्षेत्रीय आधार पर अलग अलग हैं। मकर संक्रांति, वैसाखी मकर- विलक्कू आदि इसके उदहारण हैं।

## गणगौर

चैत्र मॉस के कृष्ण पक्ष कि प्रतिपदा से १६ दिन तक अर्थात चैत्र शुक्ल द्वितीया तक गांगौर पूजा होती हैं। होली के दूसरे इन चैत्र कृष्ण प्रतिपदा से चैत्र शुक्ल द्वितीया तक कुँवारी कनिएँ, सौभाग्यवती स्त्रियां माँ पार्वती( शक्ति ) एवं शिव (ईश्वर। गणगौर ) कि पूजा प्रतिदिन करती हैं, इस हेतु कनेर, जपा (गुड़हल ), गुलाब, दूर्वा आदि से १६ बार पूजा करती हैं, महिलाएं मंगल गीत जाती हुई गाँव /नगर के उद्यानों में जाती हैं एवं वहां से जल के कलश एवं साथ में पंचपल्लव एवं ऋतू -पुष्प --फल आदि लाकर ईसर व गणगौर कि पूजा करती हैं और अंतिम दिन से एक दिन पूर्व सिंजारा मनाया जाता हैं जिसमे हाथ पैरों में मेहंदी लगाती हैं एवं पौष्टिक मिष्ठान यथा --घेवर, चूरमा खीर आदि का सेवन का सेवन करती हिन्। दूसरे दिन सौलह श्रृंगार कर महिलाएं पूजा करती हैं, मेला भरता हैं, जिसमे सभी उत्साह पूर्वक भाग लेते हैं। स्त्रियां शक्तिस्वरूपा होती हैं, इस सृष्टि को चलाने के लिए उन्हें अधिक शक्तिमान होने कि आवश्यकता हैं, अतः महिलायें बचपन से ही प्रतिवर्ष १६ दिन तक तन मन से उल्लास के साथ यह पूजन कर शक्ति का संचय करती हैं और अच्छे वर कि कामना करती हैं जिससे उनकी संतति तन -मन से पुष्ट एवं बुद्धिमान हो। इस अवसर पर बनाये जाने वाले विशेष पकवान घेवर, चूरमा, खीर आदि पौष्टिक होते हैं, प्रत्येक महिला को इस दिन १६ गुणे खाने होते हैं (गुणे एक विशेष प्रकार कि मिठाई हैं जो गेंहू के आटे /मैदा से गुड़ /शक्कर इलायची आदि मिलाकार गोल आकृति के बना घी में तला जाता हैं, ये विशेष पुष्टिक होते हैं किन्तु मेड कि वृद्धि नहीं करते हैं।

अतः यह त्यौहार महिलाओं को इस दिन से पौष्टिक आहार लेने को निर्देशित करता क्योकि इसके बाद ग्रीष्म ऋतू का आगमन होता हैं और बल का क्षय प्रारम्भ हो जाता हैं।



## नवरात्र

**वर्ष में दो प्रकट एवं दो गुप्त, इस तरह चार नवरात्र आते हैं। चैत्र, आश्विन, आषाढ़ एवं माघ मॉस के शुक्ल पक्ष में प्रतिपदा से नवमी तक का समय नवरात्र कहलाता हैं।**

नवरात्र के समय शक्ति कि उपासना कि जाती हैं, इस हेतु अपने सामर्थ्यानुसार उपवास, व्रत, निराहार, फलाहार आदि करते हुए अपने अर्ध्य अथवा शक्ति कि पूजा - अर्चना -उपासना करते हैं तथा नवमी कि धूमधाम के साथ मानलोपचार से नवरात्र का समापन किया जाता हैं।

चारों नवरात्र ऋतू संधिकाल हैं, इनमे रोगों का संक्रमण विशेष रूप से होता हैं, रोगों का प्रमुख कारण आमोतपत्ति, अग्निमांघ, अल्पव्याधिक्षमत्व (शरीरिक एवं मानसिक बल का अल्प होना) एवं काल का व्यतिक्रम, अहितकर आहार-विहार, असतंयेन्द्रीन्द्रयार्थ संयोग और प्रज्ञापराध हैं।

इनके निवारणार्थ अग्नि को बढ़ाने,आम का पाचन करने, अहितकर आहार -विहार से बचने के लिए उपवास, व्रत करिणमे केवल लघु आहार या फलाहार अदि सेवन करते हैं एवं मानसिक बल को बढ़ाने के लिए शक्ति अथवा इष्ट कि उपासना करते हैं, इस तरह प्रत्येक ऋतुसंधिकाल में नवरात्र कर व्याधिक्षमत्व को बढ़ा सकते हैं इस अवसर पर नवरात्र केअंतिम दिनों में षष्ठी पूजा, सप्तमी पूजा अष्टमी पूजा नवमी पूजा एवं दशहरा के विशेष नैवैद्य बनाते हैं एवं पूजा की जाती हैं षष्ठी पूजा के दिन लप्सीका,सामान्य सप्तमी को घृत एवं चांवल युक्त लप्सीका अष्ठमी नवमी को लप्सीका, खीर एवं अन्य पौष्टिक खाद्य पदार्थों का सेवन करते हैं, जो इस दिन से शरीरिक बल बढ़ाने हेतु पौष्टिक पदार्थं का सेवन करते हैं।

## तीज

**श्रावण माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया के त्यौहार के रूप में मनाया जाता हैं**

श्रावण में स्त्रियां द्वारा शिव -पार्वती की पूजा की जाती हैं एवं स्त्रियां तीज के एक दिन पूर्व सिंजारा मनाती हैं। इस दिन मेहँदी आदि लगाना एवं १६ श्रृंगार कर शिवशक्ति की पूजा करती हैं सावन में सभी ओर हरियाली होती हैं इस हेतु उद्यानों य वनों में जाकर झूले झूलते हैं, खीर, घेवर, पूए आदि का भोजन करते हैं। ग्रीष्म ऋतू की समाप्ति वर्षा ऋतू के आगमन का स्वागत एवं शक्ति पूजा कर, शक्ति वृद्धि करना, सोलह श्रृंगार कर काम को उतपन्न करना एवं सृष्टि को चलाना। ग्रीष्म से संचित वात का शमन खीर घेवर आदि स्निग्ध एवं गुरु पदार्थों के मात्रापूर्वक सेवन करते हुए बलाधान किया जाता हैं।

## जन्माष्टमी

जन्माष्टमी प्रतिवर्ष भाद्रपद कृष्णा अष्टमी को मनाई जाती हैं। इस दिन भगवान श्री कृष्ण का जन्महुआ था, इसलिए उनका जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जाता हैं, इसी दिन सभी लोग उपवास रखते हैं। मंदिरों, घरों को आम, वट, पीपल, अशोक, नीम, केले आदि के पत्तो से वंदनवार बांधते हैं।

रात्रि १२ बजे भगवन श्री कृष्णा के जन्म के पश्चात भगवान् का अभिषेक होता हैं एवं इसके बाद सभी लोग भगवान् को अर्पित किये गए पंचजीरी एवं पंचामृत का सेवन के साथ अपना उपवाद खोलते हैं, सभी मंदिर और घरों में भक्ति का माहौल रहता हैं। संकीर्तन, भजन आदि के कार्यक्रम होते हैं। दूसरे दिन नंदोत्सव पर उपहारों की वर्षा होती हैं एवं शोभा यात्रा निकाली जाती हैं। वर्षाकाल में वात प्रकोप होता हैं। विभिन्न वात विकार उतपन्न होते हैं। वर्षाकाल में इस तरह के उत्सव मनाने से मन उल्लसित रहता हैं, चीन, शोक भय से वायु की वृद्धि होती हैं एवं हर्ष, उल्लास, प्रसन्नता, उत्साह से वायु का नाश होता हैं अतः ऐसे त्यौहार मनाने से शारीरिक एवं मानसिक प्रसन्नता प्राप्त होती हैं।

इस अवसर पर बनायीं जाने वालो पंचजीरी हिस्का अपभृंश पंजीरी रह गई हैं, वात शमन करने वाली हैं इसमें धनियां, अजवाइन, सौंफ, जीरा और सौया बराबर मात्रा में लिया जाता हैं इनको पीसकर चूर्ण बना इसमें शक्कर का बुरा व शुद्ध घी मिलते हैं जो वात का शमन एवं अनुलोमन करने वाला होता हैं इसी के साथ पंचामृत (दूध + दही +घी + शहद +शक्कर ) अत्यंत पौष्टिक एवं वात नाशक होता हैं।

इस त्यौहार के बाद दस दिन तक पंचजीरी चूर्ण २०ग्राम की मात्रा में तथा पंचामृत का सेवन अवश्य करना चाहिए। इसके अलावा गणेश चतुर्थी, शरद पूर्णिमा दीपावली, मकर संक्रांति, होली, शीतलाष्टमी आदि त्यौहार, त्यौहार के साथ वैज्ञानिक कारणों से लाभप्रद होते हैं। वर्तमान में लोग जनवरी फरवरी के अनुसार त्यौहार मनाते हैं। पर हमारे यहाँ की ऋतुओं के साथ मनाये जाने वाले त्यौहार मानसिक शारीरिक सामाजिक रूप से समृद्ध हैं और इनकी अपनी उपादेयता हैं।



# बार-बार पेटदर्द हो तो डॉक्टर से सलाह जरूर लें



अगर आपको बार-बार पेटदर्द की शिकायत हो रही है तो डॉक्टर से सलाह जरूर लें। पेटदर्द की अनदेखी भारी पड़ सकती है क्योंकि यह कई बार गंभीर बीमारियों के संकेत देती है। इसलिए कभी भी पेटदर्द और अपच को आप अनदेखा न करें। गेस्ट्रोइंटेस्टाइनल कैंसर में भी सामान्य तौर पर पेट दर्द की ही शिकायत होती है। देश में इस रोग के पीड़ितों की तादाद तेजी से बढ़ रही है।

## क्या है गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल कैंसर

दरअसल, गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल कैंसर पेट की आंतों का या फिर कहें, पेट का कैंसर होता है। जो धीरे-धीर बढ़ता जाता है और शरीर के आंतरिक अंगों को नुकसान पहुंचाना शुरु कर देता है। यह कैंसर शरीर के अंदर आंतों, गुर्दे, पित्ताशय, पैनक्रियाज और पाचन ग्रंथि को चपेट में लेने लगता है और इन्हें निष्क्रिय बना देता है। इसलिए बार-बार पेट दर्द होने पर डॉक्टर से सलाह जरूर लेना चाहिए।

## इस प्रकार करें बचाव

विशेषज्ञों की मानें तो किसी भी कैंसर से बचाव का सबसे सही उपाय है अपनी डाइट में सुधार और जरूरी बदलाव करना। साथ ही बढ़ते वजन पर नियंत्रण करने से भी गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल कैंसर से बचा जा सकता है। अगर पित्त की पथरी या कोई समस्या हो रही है तो सबसे पहले डॉक्टर से सलाह लें।

## कोलनगियोस्कोपी है जरूरी

कोलनगियोस्कोपी की मदद से कैंसर को देखने और उनके ऊतकों का परीक्षण करने में मदद मिलती है। इससे पित्ताशय की थैली के कैंसर का जल्द पता लगाया जा सकता है।

# पितृपक्ष में पशु-पक्षियों को भोजन देना फलदाई होता है

हिंदू धर्म की मान्यता के अनुसार पितृपक्ष के 16 दिनों तक हमारे पूर्वज धरती पर आकर हमें आशीर्वाद देते हैं। ये पितृ पशु पक्षियों के माध्यम से हमें देखने आते हैं। जिन जीवों तथा पशु पक्षियों के माध्यम से पितृ आहार ग्रहण करते हैं वो हैं - गाय, कुत्ता, कौवा और चींटी। श्राद्ध के समय इनके लिए भी आहार का एक अंश निकाला जाता है, तभी श्राद्ध कर्म पूर्ण होता है। श्राद्ध करते समय पितरों को अर्पित करने वाले भोजन के पांच अंश निकाले जाते हैं - गाय, कुत्ता, चींटी, कौवा और देवताओं के लिए। इन पांच अंशों का अर्पण करने को पञ्च बलि कहा जाता है। सबसे पहले भोजन की तीन आहुति कंडा जलाकर दी जाती है1 श्राद्ध कर्म में भोजन के पूर्व पांच जगह पर अलग-अलग भोजन का थोड़ा-थोड़ा अंश निकाला जाता है। गाय, कुत्ता, चींटी और देवताओं के लिए पत्ते पर तथा कौवे के लिए भूमि पर अंश रखा जाता है। फिर प्रार्थना की जाती है कि इनके माध्यम से हमारे पितर प्रसन्न हों।



कुत्ता जल तत्त्व का प्रतीक है ,चींटी अग्नि तत्व का, कौवा वायु तत्व का, गाय पृथ्वी तत्व का और देवता आकाश तत्व का प्रतीक हैं। इस प्रकार इन पांचों को आहार देकर हम पंच तत्वों के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। केवल गाय में ही एक साथ पांच तत्व पाए जाते हैं। इसलिए पितृ पक्ष में गाय की सेवा विशेष फलदाई होती है। मात्र गाय को चारा खिलने और सेवा करने से पितरों को तृप्ति मिलती है साथ ही श्राद्ध कर्म सम्पूर्ण होता है।

पितृ पक्ष में गाय की सेवा से पितरों को मुक्ति मोक्ष मिलता है। साथ ही अगर गाय को चारा खिलाया जाय तो वह ब्राह्मण भोज के बराबर होता है1 पितृ पक्ष में अगर पञ्च गव्य का प्रयोग किया जाय, तो पितृ दोष से मुक्ति मिल सकती है। साथ ही गौदान करने से हर तरह के ऋण और कर्म से मुक्ति मिल सकती है।

## इसलिए पितृपक्ष में नहीं होते मांगलिक कार्य

पितृपक्ष के दौरान हमारे पूर्वज और पितर धरती पर उतरते हैं और हमें देखते हैं। एक बार पितर खुश हो जाएं तो वो आर्शीवाद देते हैं, जिसे मनोकामना पूर्ति होती है। पितृपक्ष काल को शुभ नहीं मानते। इसलिए इस दौरान हर शुभ कार्य वर्जित है, जैसे कि शादी, घर की खरीदारी या शिफ्टिंग, शादी की खरीदारी आदि। ठीक उसी प्रकार, जैसे कि घर में किसी परिजन की मत्यु के बाद घर में एक खास अवधि के लिए सभी मांगलिक कार्य रोक दिए जाते हैं। धार्मिक मान्यता के मुताबिक इस दौरान हमारे पितर हमसे आत्मिक रूप से जुड़े होते हैं, पूजन नियम के जरिए हमें उनसे आशीर्वाद लेनी चाहिए। पितृपक्ष के दौरान अपनी आदतों और शौकों पर थोड़ों नियंत्रण कर पितरों को खुश किया जा सकता है। ऐसी मान्यता है कि इस अवधि में हर तरह के शुभ कार्य से अपना ध्यान हटाकर अपने पितरों से जुड़ाव महसूस करना चाहिए।

## गाय की सेवा से मिलता है पितरों का आशीर्वाद

कहा जाता है कि पितृपक्ष में पितृगण पितृलोक से धरती पर आ जाते हैं। इस समयावधि में पितृलोक पर जल का अभाव हो जाता है। इसलिए पितृपक्ष में पितृगण पितृलोक से भूलोक आकार अपने वंशजो से तर्पण करवाकर तृप्त होते हैं। इसलिए जब व्यक्ति पर कर्जा हो तो वो खुशी मनाकर शुभकार्य कैसे सम्पादित कर सकता है। पितृऋण के कारण ही पितृपक्ष में शुभकार्य नहीं किए जाते।

# संयमित खान पान से ठीक होगी त्वचा बीमारी

भोजन में मौजूद पौष्टिक तत्व को खून अलग-अलग अंगों तक पहुंचाता है और शरीर के अपशिष्ट पदार्थों को बाहर निकाल कर शरीर की सफाई करता है। साथ ही खून, शरीर के अंगों तक ऑक्सिजन भी पहुंचाता है। गलत और अनहेल्दी आहार खाने से हमारे रक्त में कुछ ऐसे तत्व भी पहुंच जाते हैं, जो शरीर को नुकसान पहुंचाते हैं। इसी को खून खराब होना कहते हैं। खून में गंदगी से फोड़े-फुंसी, पिंपल और स्किन डिजीज हो सकता है। ऐसे में ब्लड में मौजूद विषैले तत्वों को बेहतर जीवनशैली और संयमित खान पान के जरिए शरीर से बाहर निकाल सकते हैं। रोजाना 3 से 4 लीटर पानी पीने से ब्लड में गंदगी की समस्या कभी नहीं होगी। पानी से शरीर में मौजूद विषैले पदार्थ और हानिकारक बैक्टीरिया यूरिन और मल के माध्यम से शरीर से बाहर निकल जाते हैं। सौंफ खून की सफाई के लिए सबसे अच्छा विकल्प है। रोजाना सौंफ के इस्तेमाल से शरीर का ब्लड डीटॉक्सिफाई होता रहता है और गंदगी शरीर से बाहर निकलती रहती है। नियमित रूप से व्यायाम करने से शरीर से पसीना निकलता है, जिससे शरीर की तमाम गंदगी बाहर निकल जाती है। ग्रीन टी पीने से ब्लड प्यूरिफाई होता है। यह मेटाबॉलिज्म को ठीक करती है और रक्त में मौजूद अशुद्धियां बाहर निकालती है। खून को शुद्ध करने के लिए फाइबर और विटमिन सी से भरपूर आहार करना चाहिए। फाइबर के लिए हरी सब्जियां, गाजर, मूली, चुकंदर, शलजम, फल, ड्राई फ्रूट्स और मोटा अनाज ले सकते हैं। विटमिन सी के लिए नींबू, संतरा, आंवला और पपीता खा सकते हैं। चुकंदर खाने से ब्लड में हीमॉग्लोबिन की मात्रा बढ़ती है।



# बच्चों को पढ़ाई के अलावा किताबें भी पढ़ने को दें

अभिभावक बच्चों की पढ़ाई को लेकर परेशान रहते हैं और उनपर बेहतर प्रदर्शन का दबाव डालते हैं। यह कुछ हद तक सही है पर केवल पढाई से ही बच्चों का पूरा विकास नहीं हो सकता। तेजी से बढ़ते जमाने के साथ चलने के लिए उन्हें अन्य क्षेत्रों की भी जानकारी दें। आम तौर पर अधिकांश अभिभावकों को लगता है कि बच्चे स्मार्ट और तेज दिमाग ज्यादा पढ़ाई करने से बनते हैं लेकिन पढ़ाई के अलावा भी बहुत सी ऐसी चीजें हैं जो बच्चे को समझदार और तेज दिमाग बनाती हैं। जिसके लिए माता-पिता को कुछ बातों का ध्यान रखना होगा।

स्कूल की किताबों के अलावा बच्चों को स्टोरी बुक्स पढ़ने की आदत डालें। कहानी की किताब पढ़ने से बच्चों का दिमाग क्रिएटिव बनता है। साथ ही बच्चे समझदार भी बनते हैं. बच्चों को साथ बिठाकर होमवर्क करवाएं। बच्चों से एक दोस्त की तरह बात करें, उनकी परेशानियों को जानने की कोशिश करें। साथ ही जीवन में उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें। अपने बच्चे को आउटडोर गेम्स खेलने पर जोर दें क्योंकि मैदान में जाकर खेलने से बच्चा शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनता है। इससे बच्चे की सेहत तो अच्छी रहती ही है साथ ही दिमाग भी तेज होता है।बच्चे को ज्यादा टीवी देखने ना दें क्योंकि बच्चे टीवी प्रोग्राम में इतने ज्यादा खो जाते हैं कि वो घंटों तक टीवी के आगे ही बैठे रहते हैं जिससे उनका मानसिक विकास नहीं हो पाता है। 2 साल की उम्र से पहले बच्चे को टीवी से दूर ही रखें। अधिकतर लोगों को कहते सुना होगा कि बच्चा वही सीखता है जो दूसरों को करते देखता है।



# भारत डब्ल्यूटीसी फाइनल 2025 की रेस में सबसे आगे



मुम्बई (ईएमएस)। भारत डब्ल्यूटीसी फाइनल 2025 की रेस में सबसे आगे है और उसके खिताबी मुकाबले में पहुंचने की पूरी उम्मीदें हैं। इसका कारण है कि अंक तालिका में भारतीय टीम शीर्ष पर बनी हुई है। बांग्लादेश के खिलाफ भारतीय टीम पहला टेस्ट जीत गयी है अगर वह ये सीरीज जीत जाती है तो नंबर एक स्थान पर उसकी दावेदारी और पक्की हो जाएगी।

टीम इंडिया की डब्ल्यूटीसी की पॉइंट्स प्रतिशत 71.66 तक बढ़ गई है, जिसमें 10 टेस्ट में 86 अंक हैं। वह पहले से ही तालिका में शीर्ष पर मौजूद थी और अब उसने ऑस्ट्रेलिया से 9.16 प्रतिशत की बढ़त बना ली है।

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल भारत और इंग्लैंड सीरीज से पहले खेला जाएगा। भारतीय क्रिकेट टीम जून में इंग्लैंड दौरे पर जाएगी। टेस्ट मैचों की ये सीरीज जून से अगस्त के बीच खेली जाएगी। इसका पहला मैच 20 जून से होगा। वहीं अंतिम टेस्ट मैच 31 जुलाई से शुरू होगा। भारतीय टीम इंग्लैंड के पिछले दौरे में जीत के बेहद करीब पहुंचकर भी उसे हासिल नहीं कर पायी थी। ऐसे में इस बार उसका लक्ष्य जीतना रहेगा। भारत ने 2021 में इंग्लैंड दौरे पर 2-1 की बढ़त बना ली थी पर तब कोरोना संक्रमकण के चलते सीरीज बीच में रोक दी गयी थी। बाद में सीरीज का बाकी बचा एकमात्र मैच खेला गया, जिसे इंग्लैंड ने जीता। इस तरह सीरीज 2-2 से बराबर रही थी। इस बार सीरीज 4 अगस्त को खत्म होगी। सीरीज का पहला मैच लीड्स में खेला जाएगा. दूसरा मैच बर्मिंघम और तीसरा मैच लॉर्ड्स में खेला जाएगा। सीरीज का चौथा मैच मैनचेस्टर और पांचवां मैच 31 जुलाई से लंदन के ओवल में खेला जाएगा।

### बूमराह और ऋषभ बॉडर-गावस्कर ट्रॉफी में अहम भूमिका निभा सकते : चैपल

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर इयान चैपल ने कहा कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत बॉडर-गावस्कर ट्रॉफी में अहम भूमिका निभा सकते है। चैपल के अनुसार इनके प्रदर्शन पर भारतीय टीम की जीत आधारित रहेगी। इसलिए इन दोनो का अपनी फिटनेस बनाये रखनी होगी। चैपल को लगता है कि भारतीय टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबलों से भी अभ्यास का अच्छा अवसर मिलेगा।

चैपल ने कहा, ''भारत की प्राथमिकता यही होगी कि उसके ज्यादातर खिलाड़ी फॉर्म में रहें और उन्हें कोई बड़ी चोट नहीं लगे। हालांकि सबसे ज्यादा जरूरी बात बुमराह और ऋषभ का फॉर्म में रहना और फिट बने रहना है। '' उन्होंने कहा, ''ऋषभ ने भयानक कार दुर्घटना के बाद जिस तरह से टेस्ट में वापसी की है, वह शानदार है। वह भारतीय बल्लेबाजी क्रम में अहम विकेटकीपर-बल्लेबाज हैं और अगर वह ऑस्ट्रेलियाई दौरे के लिए फॉर्म में रहते हैं तो टीम का मनोबल बढ़ा रहेगा। ''

ऋषभ ने 2020-21 में भारत को ऑस्ट्रेलिया में पिछली सीरीज में मिली जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी थे। चैपल ने कहा, ''अगर पंत अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकते हैं तो यह भारत के लिए अच्छा होगा क्योंकि वह ऑस्ट्रेलियाई परिस्थितियों के लिए आदर्श विकेटकीपर हैं।'' उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया में भारत के लिए अहम पहलू बुमराह की फिटनेस और फॉर्म होगी। बुमराह ने अगस्त 2023 में पीठ के निचले हिस्से में 'स्ट्रेस फ्रेक्चर' सर्जरी के बाद वापसी के बाद से अपना कार्यभार अच्छी तरह प्रबंधित किया है।

# शाकिब के बचाव में उतरे कप्तान नजमुल



चेन्नई (ईमएएस)। बांग्लादेश के अनुभवी ऑलराउंड शाकिब अल हसन आजकल लय में नहीं है। भारतीय टीम के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में भी वह प्रभावहीन नजर आये। शाकिब ने पहले टेस्ट में एक ही विकेट लिया और 129 रन लुटा दिये। यह पहली बार है जब वह टेस्ट की दोनों पारियों में इतने रन देने के बाद भी असफल रहे। यह पांचवीं बार है जब वह किसी टेस्ट मैच में 20 ओवर गेंदबाजी करने के बाद भी वह विकेट नहीं ले पाये। टीम के कप्तान नजमुल हुसैन शांतो उनके बचाव में सामने आये। उन्होंने कहा, 'एक कप्तान के तौर पर मैं खिलाड़ी की मेहनत का आकलन करता हूं। मेरा मानना है कि शाकिब अपनी फॉर्म में वापसी के लिए काफी प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा, 'मेरा मानना है कि वह वापसी के लिए पर्याप्त संघर्ष कर रहे हैं। टीम के प्रति वह अपनी ओर से बेहतर भूमिका निभाना चाहते हैं। उन्होंने मैच की पहली पारी में शाकिब से ज्यादा गेंदबाजी नहीं कराने के अपने फैसले का बचाव करते हुए कहा कि उस समय तेज गेंदबाजों को मदद मिल रही थी। उन्होंने कहा, 'हमारे तीनों तेज गेंदबाजों के प्रदर्शन को देखते हुए मुझे पहली पारी में उनकी ज्यादा जरूरत महसूस नहीं हुई। तब तेज गेंदबाजों का अधिक इस्तेमाल करने की योजना मेरी थी।

वहीं पूर्व भारतीय स्पिन मुरली कार्तिक का कहना था कि अपनी गेंदबाजी वाली अंगुली की सर्जरी के कारण शाकिब सहज तरीके से गेंदबाजी नहीं कर पाये। भारत में खेले गये एकदिवसीय विश्व कप के दौरान शाकिब की तर्जनी अंगुली चोटिल हो गयी थी जिसकी बाद में सर्जरी हुई। शंटो ने उम्मीद जताई कि टीम 27 सितंबर से कानपुर में खेले जाने वाले दूसरे टेस्ट में शाकिब के साथ ही उनकी टीम भी बेहतर प्रदर्शन करेगी।

# इस बार ऑस्ट्रेलिया के बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी जीतने की संभावना : ग्रीन



सिडनी (ईएमएस)। ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन ने कहा है कि ऑस्ट्रेलियाई टीम साल 2014-15 के बाद पहली बार बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी जीतने की उम्मीद कर रही है। इसका कारण है कि टीम की तैयारियां अच्छी हैं। ग्रीन भी इसमें अपनी ओर से अधिक से अधिक योगदान देना चाहते हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने अच्छे प्रदर्शन से उत्साहित हैं और अब उनका लक्ष्य इसी प्रकार का प्रदर्शन भारत के खिलाफ होने वाली बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में करना रहेगा। भारतीय टीम के हाथों पिछले एक दशक में उसे हर बार इस सीरीज में हार का सामना करना पड़ा है। ग्रीन ने कहा, ' मैं इस सीरीज में जितना संभव हो उतना अधिक योगदान देना चाहता हूं। मैं ऐसा करने के लिए शारीरिक रूप से वास्तव में बहुत अच्छी स्थिति में हूं। इस ऑलराउंडर ने कहा, 'मैं और मिचेल मार्श हमेशा इस बात को लेकर बात करते हैं कि 70वें और 80वें ओवर के बीच जब गेंद कुछ नहीं कर रही होती है तो उन ओवरों में कौन गेंदबाजी करेगा। ऐसे में हम इन ओवरों में गेंदबाजी के लिए तैयार हैं। ग्रीन ने कहा, 'अभी मैं शारीरिक रूप से बहुत अच्छी स्थिति में हूं और मुझे लगता है कि मैं गेंदबाजी में अपना योगदान दे सकता हूं। अभी मैं एक अदद ऑलराउंडर बनकर खुश हूं।



बीजिंग में टेकबाज विश्व सिरीज में जीत के बाद अवार्ड समारोह में उत्साहित खिलाड़ी अपनी ट्रॉफी दिखाते हुए।

# भारतीय पुरुष और महिला खिलाड़ियों ने विश्व शतरंज ओलंपियाड में स्वर्ण पदक जीते , प्रधानमंत्री ने दी बधाई

बुडापेस्ट (ईएमएस)। भारतीय पुरुष और महिला खिलाड़ियों ने यहां हुए 45वीं फीडे विश्व शतरंज ओलंपियाड में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीते हैं। ये पहली बार है जबकि महिला और पुरुष दोनों ही वर्गों में भारतीय खिलाड़ियों को खिताबी जीत मिली है। पुरुष वर्ग में अर्जुन एरिगासी और गुकेश डी ने भारतीय टीम को जीत दिलायी जबकि महिला वर्ग में ये कमाल दिव्या देशमुख और वन्तिका अग्रवाल ने किया। भारत पुरुष वर्ग में अंतिम राउंड शुरू होने के पहले ही 19 अंक बनाकर चीन से 2 अंक आगे था ऐसे में अंतिम पहले बोर्ड पर गुकेश नें 10 राउंड में 9 अंक बनाकर तो अर्जुन नें तीसरे बोर्ड पर 11 में से 10 अंक बनाकर व्यक्तिगत स्वर्ण पदक हासिल किया जबकि भारत के ही विदित गुजराती नें चौंथे बोर्ड पर कांस्य पदक अपने नाम किया है। अंतिम दौर में चीन की अमेरिका के हाथ पराजय के कारण भारतीय टीम ने रिकॉर्ड 4 मैच अंक के अंतर से खिताब पर कब्जा कर लिया।

वहीं महिला वर्ग में दिव्या देशमुख और वन्तिका अग्रवाल ने अपने शानदार प्रदर्शन से महिला वर्ग में स्वर्ण पदक जिताया। दिव्या ने 11 राउंड में 9.5 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता। फाइनल दौर में, उन्होंने अजरबैजान की गोवहार बी को हराकर भारत को निर्णायक बढ़त दिलाई। वहीं वन्तिका अग्रवाल ने चौथे बोर्ड पर 9 वें दौर में 7.5 अंक बटोरकर स्वर्ण पदक जीता। फाइनल राउंड में उन्होंने अजरबैजान की खनिम बालजाएवा को हराते हुए भारत को 3-0 से बढ़त दिलाकर स्वर्ण पदक पर कब्जा किया।

### प्रधानमंत्री , गृहमंत्री और लोकसभा में विपक्ष के नेता ने दी बधाई

शतरंज ओलंपियाड में खिलाड़ियों को इस एतिहासिक सफलता पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह के अलावा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी इन खिलाड़ियों को बधाई दी है। साथ ही कहा कि इन खिलाड़ियों ने अपनी सफलता से देश को गौरवान्वित किया है।



यंगून में म्यांमार लिथेवी विश्वक चैम्पियनशिप मुक्केबाजी में एक दूसरे पर प्रहार करते हुए विरोधी खिलाड़ी।

# भारत-बांग्लादेश दूसरा टेस्ट 27 से कानपुर में खेला जाएगा, पिच से स्पिनरों को सहायता मिलने की संभावना

मुम्बई (ईएमएस)। भारत और बांग्लादेश के बीच दूसरा क्रिकेट टेस्ट मैच इसी माह 27 सितंबर से कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में खेला जाएगा। भारतीय टीम पहले टेस्ट में जीत के साथ ही इस सीरीज में 1-0 से आगे है और उसका लक्ष्य इस मैच को भी जीतकर सीरीज 2-0 से अपने नाम करना रहेगा। कानपुर क्रिकेट स्टेडियम की पिच पहले दिन से ही स्पिनरों की सहायक मानी जाती है। यहां की विकेट सूखी और धूल भरी होती है, जिससे स्पिनरों को अधिक टर्न मिलती है। इस विकेट में उछाल बहुत कम है। ऐसे में टॉस जीतने वाली टीम पहले गेंदबाजी करना चाहेगी।

भारतीय क्रिकेट ने इस स्टेडियम में अब तक 38 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुकी है। इसमें टेस्ट, एकदिवसीय और टी20 सभी शामिल हैं। सभी प्रारुपों को मिलाकर भारत ने यहां 17 मैच जीते हैं जबकि 18 में उसे हार मिली है। इसके अलावा 13 मैच बराबरी पर रहे हैं। इस स्टेडियम में सबसे ज्यादा स्कोर 676/7 रहा है। ये भारतीय टीम ने ने श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट में बनाए थे.

भारत ने ग्रीन पार्क स्टेडियम में कुल 23 टेस्ट मैच खेले हैं। इसमें 7 टेस्ट में भारतीय टीम को जीत मिली है। वहीं 3 में उसे हार का सामना करना पड़ा है जबकि 13 टेस्ट ड्रॉ रहे हैं। वहीं बांग्लादेश की टीम अभी तक भारत से एक भी टेस्ट मैच नहीं जीती है। दोनों के बीच कुल 14 टेस्ट मैच खेले गए हैं। भारतीय टीम ने बांग्लादेश को 12वीं बार टेस्ट में हराया है। वहीं एक ड्रॉ रहा जबकि एक अन्य का परिणाम नहीं निकला।

### ऋषभ ने कहा कप्तान रोहित ने दिया था लंच तक का समय

भारतीय क्रिकेट टीम के आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने चेन्नई में बांग्लादेश के खिलाफ मिली जीत के बाद खुलासा किया है कि कप्तान रोहित शर्मा ने उनको बल्लेबाजी के दौरान ही संकेत दे लिये थे कि लंच तक जितने रन बनाने हैं बना लो। उसके बाद पारी घोषित कर दी जाएगी। इस मैच में कप्तान रोहित शर्मा ने पहली पारी के आधार पर मिली बड़ी बढ़त के बाद भी विरोधी टीम को फॉलोऑन ना देकर दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने का फैसला लिया था। शुभमन गिल और ऋषभ पंत ने इस पारी में शतक जमाया। जिसके बाद भारतीय टीम ने दूसरी पारी में 4 विकेट पर 287 रन बनाकर पारी घोषित की और बांग्लादेश को जीत के लिए 515 रन का मुश्किल लक्ष्य दिया।

बांग्लादेश के खिलाफ चेन्नई टेस्ट में जीत हासिल करने के बाद ऋषभ ने कप्तान की इस रणनीति को बताया है। उन्होंने बताया कि वह और शुभमन इसी कारण तेजी से अपना शतक पूरा करना चाहते थे क्योंकि उनको कप्तान ने लंच तक का समय दिया था। इस बल्लेबाज ने कहा, जब हम लंच पर गए थे तो पारी घोषित करने की बात हो रही थी। उस समय कप्तान ने कहा कि , हम 1 घंटा और खेलेंगे। हसमें जिसको जितने रन बनाने हैं वो समझ ले।

### अश्विन से प्रभावित तमीम बोले, वह रोहित और विराट की तरह ही महत्वपूर्ण

बांग्लादेश क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान तमीम इकबाल ने भारतीय टीम के स्पिनर आर अश्विन की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह भी कप्तान रोहित शर्मा और अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली की तरह ही एक मैच विजेता खिलाड़ी हैं। तमीम के अनुसार एक प्रकार से देखा जाये तो उनका योगदान भी भारतीय क्रिकेट में रोहित, विराट की तरह रहा है। भारतीय टीम को बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट में मिली 280 रनों की बड़ी जीत में भी अश्विन के ऑलराउंड प्रदर्शन कही अहम भूमिका रही। अश्विन ने पहली पारी में शतक के बाद दूसरी पारी में छह विकेट लिए थे। इसी कारण उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड भी मिला था। तमीम ने कहा कि बांग्लादेश के खिलाफ चेन्नई टेस्ट में भारत की पहली पारी के दौरान अश्विन एक शीर्ष बल्लेबाज की तरह खेल रहे थे। तमीम ने कहा कि उसने जो किया वह शानदार था, वह एक अच्छे बल्लेबाज की तरह बल्लेबाजी कर रहा था। मैं हमेशा विराट और रोहित के बारे में सुनता हूं पर मेरी नजर में अश्विन भी इतने ही अहम हैं। इसका पता इससे चलता है कि हम केवल तभी उनकी बात करते हैं जब वे टीम में होते हैं और अच्छा प्रदर्शन करते हैं।

## प्रसिद्ध कृष्णा और तनुश कोटियन की शानदार गेंदबाजी से इंडिया ए ने दलीप ट्रॉफी जीती

अनंतपुर (ईएमएस)। प्रसिद्ध कृष्णा और तनुश कोटियन की शानदार गेंदबाजी से इंडिया ए ने दलीप ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट जीत लिया है। इस मैच में कृष्णा और तनुश ने तीन-तीन विकेट लिए जिससे उनकी टीम इंडिया ए ने इंडिया सी को 132 रनों से हरा दिया। इस प्रकार इंडिया ए ने दलीप ट्रॉफी अपने नाम कर ली। अंतिम दिन तक तीन टीमें खिताबी दौड़ में थीं पर सबसे अधिक 12 अंक होने के कारण इंडिया एक को जीत मिली। वीं इंडिया बी इंडिया डी से हार गई, जिससे इंडिया ए और सी के लिए मुकाबला हुआ। कप्तान मयंक अग्रवाल ने सुबह के सत्र में जल्दी पारी घोषित कर दी, जिससे उनके गेंदबाजों को विकेट लेने का पूरा समय मिल सके और उनकी ये रणनीति सफल रही।

वहीं इंडिया सी की टीम जीत के लिए मिले 350 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए लड़खड़ा गयी। उसकी शुरुआती बल्लेबाज पेवेलियन लौट गये। कप्तान रुतुराज गायकवाड़ और साई सुदर्शन ने दूसरे विकेट के लिए अच्छी साझेदारी की पर इनके आउट होने के बाद पारी बिखर गयी। इंडिया सी की ओर से सुदर्शन ने नाबाद 111 रन बनाये पर उन्य खिलाड़ियों का साथ उनको नहीं मिला। छह बल्लेबाज दो अंकों तक भी नहीं पहुंच पाये। कोटियन और कृष्णा की गेंदों का जबाव विरोधी टीम के बल्लेबाजों के पास नहीं था। इंडिया सी ने खेल को ड्रॉ पर समाप्त करने का भी प्रयास किया पर सफल नहीं हुई जिससे ट्रॉफी उसके हाथों से निकल गयी।

## पूरन की आक्रामक पारी से त्रिनिदाद ने सेंट किट्स को 7 विकेट से हराया

जमैका (ईएमएस)। निकलस पूरन की आक्रामक पारी से त्रिनिदाद एंड टोबैगो ने सेंट किट्स एंड नेविस पैट्रिआट्स को 7 विकेट से हरा दिया। इस मैच में त्रिनिदाद एंड टोबैगो ने 194 रनों के लक्ष्य को 1.3 ओवर पहले ही हासिल कर लिया। इस मैच में कप्तान आंद्रे फ्लेचर 93 और काइल मेयर्स के 60 रनों की सहायता से सेंट किट्स एंड नेविस पैट्रिआट्स ने 4 विकेट पर 193 रन बनाए। इन दोनों ने 5.1 ओवर में ही 43 रन बना डाले। केसी कार्टी के आउट होने के बाद जेसन रॉय और निकलस पूरन ने विरोधी टीम के गेंदबाजों को जमकर पीटा। पूरन ने 43 गेंद पर 7 छक्के और 6 चौके लगाकर 93 रन बनाए। वहीं जेसन रॉय ने 34 गेंद में 6 चौकों और 4 छक्कों की सहायता से 64 रन बनाए। पूरन और रॉय कुल 11 छक्के लगाए। वहीं सेंट किट्स एंड नेविस पैट्रिआट्स के गेंदबाज एनरिक नॉर्किया ने 47 और जेरमियाह लुईस दोनो ने भी इतने ही रन लुटा दिये। जोश क्लार्कसन ने 1.3 ओवर में ही 28 रन दे दिए.

## श्रीलंका ने पहले टेस्ट में न्यूज़ीलैंड को 63 रनों से हराकर सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल की

गॉल(ईएमएस)। श्रीलंका ने यहां पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में मेहमान टीम न्यूजीलैंड को 63 रनों से हराकर सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। यहां न्यूजीलैंड की टीम अंतिम दिन जीत के लिए मिले 275 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 211 रनों पर ही आउट हो गयी। इस मैच में कीवी बल्लेबाजी रचिन रवींद्र ने 92 रनों की शानदार पारी खेली पर वह अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाये। इस मैच में मेजबान श्रीलंकाई टीम शुरु से ही हावी रही। उसने अपनी पहली पारी में 305 रन बनाए थे पर न्यूजीलैंड ने 340 रन बनाकर 35 रनों की छोटी सी बढ़त हासिल की। वहीं मेजबान टीम ने दूसरी पारी में 309 रन बनाकर मेहमान टीम को जीत के लिए 275 रनों का लक्ष्य दिया।

टेस्ट चैंपियनशिप के तहत खेली जा रही सीरीज में मेजबान टीम ने अपनी पहली पारी में कमिंदु मेंडिस की शतकीय पारी और कुसल मेंडिस के अर्धशतक से 305 रन बनाये थे। वहीं न्यूजीलैंड की ओर से टॉम लेथम, केन विलियमसन और डेरेल मिचेल के अर्धशतक से टीम ने 340 रन बनाये।

दूसरी पारी में श्रीलंका ने दिमुथ करुणारत्ने, दिनेश चांदीमल और एंजेलो मैथ्यूज की अर्धशतकीय पारी के दम पर 309 रन बनाये। करुणारत्ने ने सबसे ज्यादा 83 रन बनाए जबकि चांदीमल ने 61 जबकि मैथ्यूज ने 50 रन की पारी खेली। जवाब में श्रीलंका के खिलाफ 275 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड की बल्लेबाजी असफल रही। उसके सात बल्लेबाज 10 रनों के अंदर ही आउट हो गये। केवल रचिन रवींद्र ने ही 92 रनों की पारी खेली।

## हरभजन से प्रेरित थे अश्विन , गेंदबाजी एक्शन की करते थे नकल

चेन्नई (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कहा है कि जब वह शुरुआत में भारतीय टीम में आये थे तो दिग्गज ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह की नकल करते थे। इस कारण ये था कि वह हरभजन ने प्रेरित थे और उन्हीं की तरह गेंदबाजी करना चाहते थे। इसके लिए वह हरभजन के गेंदबाजी एक्शन की नकल भी करते थे। उन्होंने कहा कि जब वह हरभजन की जगह पर भारतीय टेस्ट टीम में लिए गये तो लोगों को लगा कि वह किस प्रकार उनकी जगह ले पायेंगे।

अश्विन ने कहा, मेरे लिए टीम में अपने को साबित करना बहुत बड़ी चुनौती थी। मैं जूनियर आयु वर्ग में उनके एक्शन को दोहराता था और गेंदबाजी करता था, इसलिए वे मेरे लिए बहुत बड़ी प्रेरणा थे। जब मैं उनकी जगह टीम में आया, तो मैंने कभी नहीं सोचा था कि हम दोनों एक ही समय में एक साथ खेलेंगे, लेकिन ऐसा हुआ। इस बात को लेकर हमेशा संदेह रहता था कि मैं लाल गेंद वाले क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन कर पाऊंगा या नहीं, क्योंकि मैं आईपीएल से आया था। अश्विन 750 अंतरराष्ट्रीय विकेटों का आंकड़ा हासिल करने के साथ ही मुथैया मुरलीधरन, शेन वॉर्न और अनिल कुंबले के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले केवल चौथे स्पिनर बने हैं।उन्होंने कहा, लेकिन टेस्ट क्रिकेट एक ऐसा प्रारूप है जिसे मैं पसंद करता हूं और मैं हर दिन इसमें सुधार करना चाहता हूं। इस दौरान कई लोगों ने मेरी मदद की और मैं उसी कारण आज यहां तक पहुंचा हूं।

## जूनियर फुटबॉल और एमएमए में भी भारतीय खिलाड़ियों ने हासिल की जीत

नई दिल्ली ईएएमएस)। भारतीय टीम ने हाल में क्रिकेट के अलावा भी दो अन्य खेलों में अहम जीत हासिल की है पर हैरानी की बात है कि उसपर अधिक ध्यान नहीं दिया गया। बांग्लादेश के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में मिली 280 रनों की जीत के बाद क्रिकेटरों की तो खूब बातें हुई पर फुटबॉल और मिक्स्ड मार्शल आट्र्स में मिली रिकार्ड जीत पर किसी का भी ध्यान इन खिलाड़ियों की ओर नहीं गया। क्रिकेट के अलावा भारतीय जूनियर फुटबॉल टीम ने भूटान में आयोजित सैफ अंडर-17 चैम्पियनशिप में जीत दर्ज की है। इसमें भारतीय टीम ने ग्रुप ए में बांग्लादेश को 1-0 से पराजित किया। इसमें भारतीय टीम की ओर से डिफेंडर सुमित शर्मा ने अंतिम क्षणों में सिर से गोल दागकर टीम को जीत दिलायी। इस जीत से भारतीय टीम को तीन टीमों के ग्रुप में तीन अंक मिले हैं। वहीं भारत के संग्राम सिंह ने भी जॉर्जिया (अमेरिका) में हुई इंटरनेशनल फाइटिंग चैंपियनशिप के मिश्रित मार्शल आर्ट (एमएमए) में भारत को पहली जीत दिलायी। संग्राम ने पाकिस्तान के अली रजा निसार को केवल 90 सेकंड में हराया। यह 93 किग्रा वर्ग में किसी पहलवान की सबसे कम समय में जीत का भारतीय रिकॉर्ड है। यह भी पहली बार हुआ है कि एमएमए में भारत के किसी पुरुष रेसलर ने अपना पहला ही मुकाबला जीता है।

## नताशा से तलाक के बाद पहली बार बेटे अगस्त्य से मिलकर भावुक हुए हार्दिक

मुम्बई(ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या पत्नी नताशा स्टेनकोविक से तलाक के बाद पहली बार अपने बेटे अगस्त्य से मिलकर भावुक हो गये। पंड्या और नताशा के बीच पिछले दिनों अलगाव हो गया था। इनकी शादी चार चाल में ही टूट गयी थी। हार्दिक करीब डेढ़ माह बाद अपने बेटे अगस्त्य से मुंबई में मिले। इस दौरान वह बेटे को गोद में उठाये बेहद खुश दिख रहे थे। इस मुलाकात का एक वीडियो भी सोशल मीडिया में आया है। इसमें हार्दिक पंड्या कार में बैठने से पहले बेटे अगस्त्य को गोद में उठाकर उनके साथ कुछ पल बिताना चाहते थे। इस दौरान वह अपनी भावनाओं पर नियंत्रण नहीं कर पाये। इस दौरान लंबे समय बाद दोनो की इस मुलाकात को देखकर प्रशंसकों को भी खुशी हुई। हार्दिक से अलग होने के बाद नताशा बेटे अगस्त्य को लेकर सर्बिया चली गई थीं पर हाल में वह मुंबई लौट आयी हैं। पंड्या आजकल अभ्यास में लगे हैं। जिससे कि वह रणजी ट्राफी खेलकर भारतीय टेस्ट टीम में जगह बना सकें।

